www.navpradesh.com
दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...
अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल
रायपुर, मंगलवार, 5 मई 2026 शुक्ल पक्ष-चतुर्थी, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 85 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

बंगाल में भाजपा को प्रचंड जनादेश, असम में हैट्रिक, केरल में कांग्रेस गठबंधन, तमिलनाडु में फिल्म स्टार का जलवा

नई दिल्ली (ए.)। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव 2026 के नतीजों में तस्वीर लगभग साफ होती नजर आ रही है। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी 207 सीटों के साथ बड़ी जीत की ओर बढ़ रही है। इनमें से 184 सीटों पर जीत दर्ज कर ली है, जबकि 23 सीट पर बढ़त बनाये हुए है। वहीं असम में एनडीए ने स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है। केरल में यूडीएफ 98 सीटों के बढ़त के साथ सरकार बनाने की स्थिति में है, वहीं तमिलनाडु में टीवीके 106 से ज्यादा सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभर रही है। पुडुचेरी में भी एनडीए बहुमत के करीब पहुंच चुका है। बंगाल में दिग्गज उम्मीदवारों की सीटों पर भी दिलचस्प मुकाबला जारी है। कहीं मुख्यमंत्री आगे हैं तो कहीं बड़े चेहरे पीछे है। मतगणना का दौर अभी जारी है।

मोदी की गारंटी, शाह की रणनीति ममता के भरोसे पर पड़ी भारी

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी पूर्व बहुमत की सरकार बनाने की ओर बढ़ रही है और सत्ताधारी ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस पर काफी बढ़त बना ली है। इससे राज्य में बीजेपी की पहली बार सरकार बन रही है। पश्चिम बंगाल के इतिहास में यह पहला अवसर होगा, जब बंगाल में बीजेपी की सरकार बनेगी। इसके साथ ही 15 सालों से बंगाल में चल रही ममता बनर्जी सरकार का अंत होता दिख रहा है।

बंगाल चुनाव में बीजेपी की जीत पीएम मोदी की गारंटी और अमित शाह की रणनीति की जीत मानी जा रही है। चुनाव प्रचार के दौरान पीएम मोदी ने कई जनसभाएं कीं और राज्य में परिवर्तन का आह्वान किया था। केंद्रीय योजनाओं को बंगाल में लागू करने का वादा किया था। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करीब 15 दिनों तक बंगाल में रहे और राज्य के विभिन्न इलाकों में सभाएं की और हर विधानसभा सीट के लिए अलग रणनीति बनाई और यह रणनीति अब चुनाव परिणाम में साफ दिख रहा है।

ममता का भरोसा - मोदी की गारंटी

- **3,000 रुपए बनाम 1,500 रुपए और युवाओं पर बड़ा दांव:** जहां टीएमसी ने 1,500 रुपए बेरोजगारी भत्ता दिया, वहीं बीजेपी ने सीधे दोगुना 3,000 रुपए देने का वादा किया.
- **महिलाओं के लिए डबल डोज:** ममता के लक्ष्मी भंडार 1500 के मुकाबले बीजेपी का वादा—हर महिला को 3,000 रुपए महीना देने का वादा किया। नारी सम्मान को बड़ा चुनावी हथियार बनाया।
- **सरकारी कर्मचारियों के लिए 7वां वेतन आयोग:** टीएमसी पर डीए और वेतन विसंगति का आरोप लगाया। बीजेपी ने 45 दिन में 7वां वेतन आयोग लागू करने का वादा किया।
- **33% महिला आरक्षण सरकारी नौकरियों में देने का वादा:** सिर्फ नकद सहायता नहीं, रोजगार में भागीदारी का भी वादा किया।
- **यूसीसी का कार्ड:** समान नागरिक संहिता—बीजेपी ने इसे एक कानून, सबके लिए के रूप में पेश किया, जो टीएमसी के नैरेटिव से अलग है।
- **घुसपैठ पर जीरो टॉलरेंस:** Detect, Delete, Deport—सीमा सुरक्षा और पहचान की राजनीति पर सीधा संदेश दिया और साफ कहा कि घुसपैठिओं को चुन-चुनकर बाहर करेंगे।
- **कानून-व्यवस्था बनाम कट-मनी:** बीजेपी ने भय और भ्रष्टाचार के खिलाफ खुद को विकल्प के रूप में पेश किया।
- **उद्योग और सिंगूर पुनर्जीवन:** सिंगूर को फिर औद्योगिक हब बनाने का वादा—रोजगार और निवेश का बड़ा संकेत दिया।
- **केंद्रीय योजनाओं का पूरा लाभ:** आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं को बंगाल में पूरी तरह लागू करने का वादा किया.
- **विकसित बंगाल का विजन:** टीएमसी के कल्याण मॉडल के मुकाबले बीजेपी ने विकास, निवेश, रोजगार और सुरक्षा का व्यापक ब्लूप्रिंट रखा।

बंगाल में भाजपा का उभार: बीजेपी और अमित शाह की रणनीति की बड़ी बातें

- **रणनीति, संयोग नहीं:** भारतीय जनता पार्टी का विस्तार इत्तेफाक नहीं है। यह नेशनल प्लान और लोकल एक्शन का नतीजा है.
- **नेशनल गाइडलाइन, लोकल एक्शन मॉडल:** दिल्ली की रणनीति, जमीन पर सटीक क्रियान्वयन—यही पश्चिम बंगाल में गेमचेंजर बना।
- **बूथ ही असली ताकत:** 82,000 में से 71,000 बूथों पर पकड़—चुनाव की बिसात यहीं से पलटी।
- **कमिटी मॉडल का माइक्रो मैनेजमेंट:** मुस्लिम बहुल इलाकों को छोड़, हर बूथ पर संगठन और ग्राउंड कंट्रोल मजबूत किया।
- **पुराने काडर की वापसी:** हिंसा पीड़ित कार्यकर्ताओं को फिर से एक्टिव करना—कोर स्ट्रेंथ को रीबूट किया गया।
- **दिल्ली से सीधा कंट्रोल:** अमित शाह की निगरानी में केंद्रीय नेताओं को सीट-वार जिम्मेदारी दी गई। रियल टाइम रिपोर्टिंग के लिए कहा गया।
- **आरएसएस का साइलेंट सपोर्ट सिस्टम:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ड्रॉइंग रूम मीटिंग्स से घर-घर पहुंच—लो-की, हाई-इम्पैक्ट कैंपेन की गई।
- **कैडर पर भरोसा, स्टार्स से दूरी:** टॉलीवुड चेहरे और दागी नेताओं से किनारा किया गया। इस बार फोकस सिर्फ अपने संगठन पर रहा।
- **सोशल इंजीनियरिंग और कल्चरल एंट्री:** पूर्वांचली, मारवाड़ी समाज और लोकल फुटबॉल क्लबों तक पहुंचकर नया वोट बैंक तैयार किया गया।
- **नैरेटिव सेटिंग में बदलाव:** जय श्री राम, घुसपैठ, महिला सुरक्षा—इन्हें जोड़कर मजबूत वैचारिक फ्रेमवर्क बनाया गया



ममता भवानीपुर से 15 हजार वोटों से हारीं, सुवेंदु ने लगातार दूसरी बार हराया

कोलकाता (ए.)। पश्चिम बंगाल की 294 सीटों में से भाजपा ने 166 सीटें जीत ली हैं और 42 पर आगे है। टीएमसी ने 59 सीटें अपने नाम कीं और 20 सीटों पर आगे चल रही है।कांग्रेस को सिर्फ दो सीट पर जीत मिली है। एक सीट फालता पर 21 मई को फिर वोटिंग होगी। भवानीपुर से सुवेंदु ने ममता को 15,114 वोटों से हराया। सुवेंदु के खिलाफ यह उनकी लगातार दूसरी हार है। 2021 में सुवेंदु नंदीग्राम से ममता के खिलाफ जीते थे। ममता हार से पहले ही काउंटिंग सेंटर से निकल गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि, मुझे अंदर धक्का दिया और पीटा गया। यहां दोबारा काउंटिंग होनी चाहिए।

सुनेत्रा की आंधी: एक उम्मीदवार को 218969 वोट, बाकी 22 को 4135

सुनेत्रा के सामने एक-एक वोट को तरसे विरोधी

नागपुर/एजेंसी। महाराष्ट्र की बारामती विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में सुनेत्रा पवार ने 2 लाख से ज्यादा वोट से जीत हासिल की है। इसके साथ ही उन्होंने राज्य में बड़े अंतर से विधानसभा चुनाव जीतने के पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। सुनेत्रा के खिलाफ 22 लोगों ने चुनाव लड़ा था, लेकिन इनमें से कोई भी किसी बड़ी पार्टी के टिकट पर नहीं था। इसका असर यह हुआ कि सभी विपक्षी उम्मीदवार सुनेत्रा के सामने एक-एक वोट को तरस गए। किसी को 42 वोट मिले तो किसी को 43 वोट से ही संतोष करना पड़ा।

दो उम्मीदवारों को 500 से ज्यादा वोट

न्यू राष्ट्रीय समाज पार्टी के प्रोफेसर आरवाई गुटुकडे सर दूसरे स्थान पर रहे, लेकिन उनके खाते में भी सिर्फ 935 वोट ही गए। 774 लोगों ने नोटा का बटन दबाया और नोटा को मिले वोट 21 उम्मीदवारों को मिले वोट से ज्यादा थे। 533 वोट पाने निर्दलीय उम्मीदवार विराज महादेव शिंदे तीसरे स्थान पर रहे। इनके अलावा कोई भी उम्मीदवार 500 वोट भी नहीं हासिल कर सका।

उपचुनाव में दोनों सीटों पर महायुति की जीत

महाराष्ट्र में दो सीटों पर उपचुनाव हुआ और दोनों सीटों में महायुति गठबंधन के उम्मीदवार को जीत मिली। बारामती में सुनेत्रा पवार ने जीत हासिल की। वहीं, राहुरी सीट पर बीजेपी के अक्षय शिवाजीराव करढिले ने 112587 वोट से जीत हासिल की। उन्होंने कुल 140093 वोट हासिल किए। एनसीपी शरद पवार गुट के मोकाते गोविंद खांडू दूसरे स्थान पर रहे, जिन्हें 27506 वोट मिले।

विजय की पार्टी 108 सीटों पर आगे सीएम स्टालिन अपने ही बागी से हारे

दिल्ली (ए.)। असम, तमिलनाडु, केरलम और पुडुचेरी विधानसभा सीटों पर वोटों की गिनती जारी है। ताजा रुझानों के मुताबिक, तमिलनाडु में बड़ा उलटफेर दिख रहा है। 2 साल पहले बनी विजय की पार्टी नंबर वन हो गई है। टीवीके ने 30 सीटों पर जीत दर्ज की है, 77 सीटों पर आगे चल रही है।

इधर, तमिलनाडु के मौजूदा सीएम एमके स्टालिन कोलाथुर सीट से चुनाव हार गए हैं। उन्हें टीवीके के बीएस बाबू ने 8000 से ज्यादा वोटों से हराया है। बाबू पहले डीएमके में थे। फरवरी 2026 में ही उन्होंने वियज की पार्टी जॉइन की थी। इधर,

टीवीके को सरकार बनाने के लिए 118 सीटों के साथ बहुमत हासिल करना होगा। एक्टर विजय के पिता चंद्रशेखर ने कहा है कि विजय कांग्रेस के साथ गठबंधन कर सकते हैं। इधर, केरलम में 10 साल बाद यूडीएफ सरकार की वापसी हो रही है। यूडीएफ में कांग्रेस, मुस्लिम लीग और केरल कांग्रेस के गुट शामिल हैं। कांग्रेस 63 सीटें जीत चुकी है।

भाजपा की 'नवीन' नीति ने बदला पश्चिम बंगाल का गणित

नई दिल्ली/ए.। बिहार की कुर्सी के बाद अब पश्चिम बंगाल की चाबी। भारतीय जनता पार्टी की 'नवीन नीति' की दूसरी बड़ी सफलता सामने दिख रही है। बिहार में नीतीश कुमार को हटा पहली बार भाजपाई मुख्यमंत्री बनाने के पीछे नए-नए राष्ट्रीय अध्यक्ष बने नितिन नवीन की कितनी भूमिका थी, इस पर पार्टी में कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं था और न होगा। लेकिन, जब बात पश्चिम बंगाल की होगी तो निश्चित तौर पर नितिन नवीन के खाते में इसे डालना पड़ेगा।

भाजपा ने 14 दिसंबर को

पटना के बांकीपुर सीट से तत्कालीन विधायक नितिन नवीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया, तभी से यह चर्चा चल निकली थी कि निशाना पश्चिम बंगाल है। 20 जनवरी को जब वह राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्विरोध बने, तब तक तस्वीर बहुत साफ हो रही थी। फिर बिहार ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गंगोत्री से गंगासागर तक खिला कमल: मोदी

घुसपैठियों के खिलाफ एक्शन लेंगे, पहली कैबिनेट में आयुष्मान भारत को मंजूरी मिलेगी:

नई दिल्ली/एजेंसी। पीएम मोदी ने सोमवार को दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पर कहा- पश्चिम बंगाल की पहली कैबिनेट मीटिंग में ही आयुष्मान भारत को मंजूरी मिलेगी। घुसपैठ करने वालों पर एक्शन लिया जाएगा।

महिलाओं को सुरक्षा का महौल मिलेगा, युवाओं को रोजगार मिलेगा, पलायन रुकेगा। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में सरकार बनने पर उन्होंने कहा-

गंगोत्री से गंगासागर तक कमल ही कमल खिला है। सालों की साधना जब सिद्धि में बदलती है तो जो खुशी होती है वो खुशी कार्यकर्ताओं के चेहरे पर देख रहा हूं।

मोदी के भाषण की खास बातें...

1. ऐतिहासिक जीत और कार्यकर्ताओं का श्रेय: यह दिन ऐतिहासिक और अभूतपूर्व है। सालों की मेहनत आज सफलता में बदली है और इस जीत का पूरा श्रेय पार्टी के कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों को जाता है।

2. गंगोत्री से गंगासागर तक भाजपा: उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार और अब पश्चिम बंगाल में भाजपा/एनडीए की सरकार है। यानी गंगोत्री से गंगासागर तक कमल खिला है।

3. बंगाल में नई शुरुआत, आयुष्मान भारत को मंजूरी मिलेगी: बंगाल के भाग्य में नया अध्याय जुड़ा है, राज्य अब भयमुक्त और विकास की ओर बढ़ेगा। यह जीत वंदे मातरम् के 150वें वर्ष में और भी महत्वपूर्ण है। बंगाल में महिलाओं को सुरक्षा का महौल मिलेगा, युवाओं को रोजगार मिलेगा, पलायन रुकेगा, पहली कैबिनेट में ही आयुष्मान योजना को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

विकास, सुशासन और राष्ट्रहित के पक्ष में ऐतिहासिक जनादेश: साय

रायपुर / नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी के विधानसभा चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे भारतीय लोकतंत्र के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण बताया है। उन्होंने कहा कि यह जनादेश जागरूक, राष्ट्रनिष्ठ और विकासोन्मुख जनता की परिपक्व सोच का परिणाम है, जिसने सुशासन, स्थिरता और राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को असम और पुडुचेरी में पुनः

जनादेश प्राप्त होना तथा पश्चिम बंगाल में पार्टी की ऐतिहासिक सफलता, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित सुशासन और 'विकसित भारत' के संकल्प पर जनता के अटूट विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने इसे तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार और भय की राजनीति ■ शेष पृष्ठ 8 पर

न्यूज गैलरी

गडबड़ी वाले कार्यो की मानिटरिंग करने कांग्रेस ने बनाई समिति

खैरागढ़ / नवप्रदेश। शहर कांग्रेस ने वार्डों में विभिन्न समस्याओं और नगर पालिका द्वारा कराए गए गुणवत्ताहीन व अपूर्ण कार्यों को लेकर मिल रही शिकायतों के बाद जांच समिति गठन किया है। जो शहर के वार्डो मे जाकर स्थल निरिक्षण करेंगे। समिति विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन की अध्यक्षता में गठित कर जाँच समिति मे नगर पालिका उपाध्यक्ष रज्जाक खान, पार्षद पुरुषोत्तम वर्मा, नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, दिलीप लहरे, सुमन पटेल, शत्रुहान धृतलहरे, टिकेश्वरी पटेल सहित सुरेन्द्र शर्मा, रविंद्र गहरवार, पुरन सारथी, भरत चंद्राकर, सूर्यकांत यादव, महेश यादव, किशन रजक, नित्यशरण सिंह, नदीम मेमन और कन्हैया रजक शामिल हैं। समिति वार्डों में किए गए कार्यों की जांच कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगी जिसे विधायक यशोदा वर्मा व उच्च अधिकारियों को सौंपा जाएगा।

पांचवीं बोर्ड के परिणाम घोषित करने में विभागीय हड़बड़ी

खैरागढ़ / नवप्रदेश। पांचवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित करने के चक्कर में जिला शिक्षा विभाग खैरागढ़ द्वारा घोषित परिणाम में व्यापक रूप से गंभीर त्रुटि सामने आई है! पांचवीं बोर्ड परीक्षा के घोषित परिणाम में शहर के नंबर एक इग्नाइट शाला के लगभग 18 छात्रों के परिणाम एक से है! मतलब सभी अध्ययन रत छात्रों को एक जैसे 163अंक ही मिले हैं! रिजल्ट जारी होने के बाद अब पालकों ने परीक्षा के बाद मूल्यांकन सहित अन्य विभागीय कार्यों में उंगली उठाई है! कई पालकों ने इस परिणाम में नाराजगी व्यक्त करते कहा कि परीक्षा लेने के बाद छात्रों को उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन कर अंक देने की बजाय घर में बैठ कर परिणाम तैयार किए गए हैं! पालकों के साथ साथ स्थानीय शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी और शिक्षक भी घोषित परिणाम को लेकर अचंभित हो रहे हैं! विभागीय सूत्रों ने भी परिणामों को संदेहास्पद बताते मामले की जांच करने की मांग रखी हैं! शिक्षा कार्यालय के गोपनीय कार्यों की पोल खोल रहा है! मामले में अब लीपापोती कर सुधारने की कार्यवाही शुरू हो गई है!रिजल्ट मोबाइल से बनाया गया है गूगल सीट के चलते परेशानी हुई है फिलहाल अंकसूची में कुछ त्रुटियां सामने आई है यह अस्थाई है इसमें सुधार करवा रहे हैं! इग्नाइट शाला की गड़बड़ी को देखते हैं । **मुकुल साव जिला शिक्षा अधिकारी खैरागढ़।**

पालिका के वार्डो मे चलाया स्वच्छता अभियान, दिलाई स्वच्छता शपथ

खैरागढ़ / नवप्रदेश शहर के स्वच्छ और स्वच्छ बनाने अभियान चला रही पालिका प्रशासन ने शहर के विभिन्न वार्डो मे स्वच्छता अभियान चलाकर वार्डवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते लोगो को घर और शहर के गलियों सडको पर कचरा प्रबंधन के गुरू बताए । सीएमओ पुनीत वर्मा की अगुवाई मे स्वच्छता महाअभियान के तहत प्रत्येक घरों में संपर्क अभियान चलाकर कचरा प्रबंधन एवं गीले सूखे कचरे को अलग अलग निष्पादन करने की जानकारी दी। महाभियान के तहत विभिन्न जनप्रतिनिधियों , सेवा भावी संगठनो के पदाधिकारियो, सदस्यों वार्ड पार्षद, नागरिकों की उपस्थिति में सीएमओ पुनीत वर्मा ने शहर को स्वच्छ रखने सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई। कार्यक्रम में लोगो को गीला, सूखा कचरा के निपटान, घर घर कचरा संग्रहण करने वाले स्वच्छता दीदियों को सहयोग करने कहा ताकि स्वच्छता सर्वेक्षण मे शहर और पालिका को बेहतर रैंकिंग मिल सके । इस दौरान सेवाभावी संस्थाओं के सदस्य ,जिला समन्वयक गगन शर्मा ,सफाई प्रभारी टोडर सिंह और अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

गरियाबंद: आत्मानंद स्कूल में प्रवेश हेतु 6 मई को लॉटरी

गरियाबंद/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, गरियाबंद में कक्षा पहली में प्रवेश के लिए 6 मई 2026, बुधवार को लॉटरी प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। कक्षा पहली की 50 सीटों के लिए 4 मई तक कुल 65 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, वहीं 5 मई तक कुछ और आवेदन आने की संभावना है। ऐसे में निर्धारित सीटों के लिए लॉटरी के माध्यम से चयन किया जाएगा।विद्यालय प्रबंधन के अनुसार अन्य कक्षाओं में सभी सीटें पहले से ही भर चुकी हैं, जबकि कक्षा 11वीं में पर्याप्त सीटें उपलब्ध हैं, इसलिए वहां लॉटरी की आवश्यकता नहीं होगी। लॉटरी प्रक्रिया 6 मई को सुबह 10 बजे से शाला प्रबंधन समिति, गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में पारदर्शिता के साथ संपन्न की जाएगी। विद्यालय प्रशासन ने सभी पालकों से अपील की है कि जिन्होंने अपने बच्चों के प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है, वे लॉटरी प्रक्रिया में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

शिक्षित बेरोजगार युवाओ के लिये सुनहरा अवसर, 186 पदों पर होगी भर्ती

बलौदाबाजार /नवप्रदेश। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार द्वारा 6 मई 2026 को लाईवलीहुड कॉलेज सकरी में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जायेगा। रोजगार मेला में कुल 186 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार निजी क्षेत्र के 5 नियोजक एक्स्ट्रा एडनरी स्कूल (पं. बंशराज तिवारी मल्टी पर्पस सोसायटी) बलौदाबाजार द्वारा शिक्षक के 10 पद, शैक्षणिक योग्यता स्नातकोत्तर अंग्रेजी माध्यम बीएड, उम्र 18 से 40 वर्ष, वेतन 12 हजार से 15 हजार रूपये देय होगा। स्काई ऑटो मोबाईल (नेक्सा) बलौदाबाजार द्वारा रिलेशनशिप(सेल्स) के 4 पद, रिसेप्सनिस्ट के 1 पद, शैक्षणिक योग्यता 12वीं से स्नातक उत्तीर्ण, उम्र 18 से 25 वर्ष, वेतन 10 हजार रूपये देय होगा। कार्यक्षेत्र कसडोल, बलौदाबाजार होगा। अलर्ट सिक्योरिटी प्रा.लि. रायपुर द्वारा सहायक सुपरवाईजर के 20 पद, सिक्योरिटी सुपरवाईजर के 8 पद, टेंडर के 2 पद, मार्केटिंग के 8 पद, शैक्षणिक योग्यता 8वीं से उच्च एवं अनुभव 0 से 2वर्ष, उम्र 18 से 45 वर्ष, वेतन 10 हजार से 25 हजार रूपये पदानुसार देय होगा।

ग्राम पंचायत सकरी में नशा मुक्त भारत अभियान हेतु संकल्प कार्यक्रम आयोजित

कोलिहा (लवन)/नवप्रदेश। जनपद पंचायत बलौदा बाजार के ग्राम पंचायत सकरी में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता एवं संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात पंचायत सचिव हरिकिशन वर्मा समिति अध्यक्ष नेतराम साहू उप सरपंच धनेश् वर्मा सरपंच हरीश कुमार फेकर मास्टर ट्रेनर हेमलता बघेल किरण ध्रुव अंजनी साहू ने अपने उद्बोधन में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहकर अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाएं।

इस अवसर पर वक्ताओं ने बताया कि नशे के कारण मानसिक एवं शारीरिक बीमारियां बढ़ती हैं, आर्थिक स्थिति कमजोर होती है तथा अपराधों में भी वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि यदि समाज को सशक्त और स्वस्थ बनाना है तो नशे के खिलाफ एकजुट होकर कार्य करना होगा। विशेष रूप से युवाओं को खेल, शिक्षा और सामाजिक गतिविधियों की ओर प्रेरित करने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत संकल्प दिलाया गया। सभी ने हाथ उठाकर यह प्रतिज्ञा ली कि वे स्वयं नशा नहीं करेंगे और अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे। संकल्प में यह भी शामिल था कि यदि किसी को नशे की लत है तो उसकी मदद कर उसे सही मार्ग पर लाने का प्रयास किया जाएगा।

इसके अलावा, कार्यक्रम में जागरूकता रैली, पोस्टर प्रदर्शनी एवं नशा विरोधी नारों के माध्यम से भी लोगों को संदेश दिया गया। छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर नशे के दुष्परिणामों को प्रभावशाली तरीके से दर्शाया, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा।

कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान तभी सफल होगा जब हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझे और इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे।

इस प्रकार, नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित यह संकल्प कार्यक्रम समाज में सकारात्मक संदेश देने और लोगों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण साबित हुआ। नशा मुक्ति अभियान शपथ कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच हरीश कुमार फेकर पंचायत सचिव हरिकिशन वर्मा उप सरपंच धनेश् वर्मा समिति अध्यक्ष नेतराम साहू पूर्व सरपंच ईश्वर साहू पंच ओम प्रकाश साहू पंचू राम साहू मास्टर ट्रेनर हेमलता बघेल भारती वर्मा किरण ध्रुव वालंटियर मालती नायक मीरा वर्मा संमता राव मनीष वर्मा कांति सिंह गणेश्वरी साहू आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सरस्वती साहू कविता साहू ज्योति साहू ओमन साहू अंजू साहू आरती बाई जागेश्वरी टंडन पिंकी साहू प्रेमलता साहू किरण ध्रुव संता रो भारती वर्मा मोनिका दीपिका कांति रंजन सुखीराम विवेक जागेश्वरी खुशबू नेहा साहू सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थी।

पालिकाध्यक्ष के बदले तेवर से मचा हडक़ंप

पालिका के विभिन्न वार्डो में मनमानी, गड़बड़ी और लापरवाही वाले कार्यों की खुलेगी पोल

खैरागढ़ / नवप्रदेश। नगर पालिका में विकास कार्यों की स्वीकृति के बाद निर्माण कार्यों में मनमानी और लापरवाही पर पालिकाध्यक्ष गिरजा चंद्राकर के बदले तेवर से हडक़ंप मच रहा है! शहर के वार्ड 6 में स्वीकृति के बाद भी स्थल पर निर्माण कार्य नहीं होने की नगरीय प्रशासन में की गई शिकायत और त्वरित जांच के बाद पालिका के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी पर कार्यवाही तय हो गई है! पालिकाध्यक्ष चंद्राकर की शिकायत पर हो रही जांच से गड़बड़ी करने वाले कई ठेकेदार सकते में आ गए हैं! बताया जा रहा है कि पिछले कुछ माह से निर्माण कार्यों में जमकर मनमानी हो रही थी! बिना प्रस्ताव और आदेश के कई ठेकेदार जगह बदल कर काम करवा रहे हैं! तो अधिकारियों के बदलने के बाद कर्मचारियों से सांठगांठ कर बिना कार्य के ही कार्य होने का हवाला देकर राशि का आहरण करवा चुके हैं! अध्यक्ष चंद्राकर द्वारा की गई शिकायत में भी संचालक स्तर से जांच में पहुंचे अधिकारियों को

सीसी सडक़ निर्माण में स्वीकृति से अधिक राशि का भुगतान होने और नाली निर्माण चयनित स्थल पर नहीं मिला! जिसके बाद मामले में गाज गिरना तय माना जा रहा है!

इधर रुके काम हो गए चालू –पालिका अध्यक्ष के बदले तेवर के बाद मचे हडक़ंप से महीनों से अटके निर्माण कार्य आनन फानन में शुरू कर दिए गए हैं! कार्यादेश लेकर चुप बैठे कई ठेकेदार निर्माण कार्य कराने में जुटे हैं तो बंद कर दिए गए कार्यों को भी कार्यवाही और शिकायत से बचने प्रारंभ कर दिया गया है!

कई कार्यों की होगी अब जांच–पालिका के निर्माण कार्यों में लगातार लापरवाही, गड़बड़ी और मनमानी की बढ़ती शिकायत और सत्ता पक्ष की लगातार हो रही किरकिरी के बाद पालिका अध्यक्ष चंद्राकर सहित सत्ता पक्ष कई कार्यों की जांच कराने की तैयारी में है! ताकि गड़बड़ी वाले मामलों में सीधे कार्यवाही कराई जा सके! छह महीने बाद होने वाले पालिका चुनाव को लेकर भी सत्ता पक्ष और विपक्ष निर्माण कार्यों पर मुद्दे बनाने की तैयारी में जुटा है!

लापरवाही,गड़बड़ी के चलते अटके भुगतान

वार्ड 6 में पालिका अध्यक्ष की शिकायत और जांच जारी होने का खामियाजा ऐसे ठेकेदार भी भुगत रहे हैं जो समय पर मिले निर्माण कार्य को पूरा करा चुके हैं! इसके चलते कई निर्माण कार्यों का भुगतान भी रोक दिया गया है! निर्माण कार्य कराने वाले कई ठेकेदार अब भुगतान को लेकर पालिका में रोज चक्कर लगा रहे हैं!कुछ निर्माण कार्यों में लगातार मनमानी, लापरवाही गड़बड़ी करने की शिकायत पर कार्यवाही हुई है कुछ मामलों की और जांच कराएंगे

गिरजा चंद्राकर अध्यक्ष, नगर पालिका खैरागढ़

इसके चलते पालिका अध्यक्ष चंद्राकर ऐसे कार्यों को सुधारने में जुटी हुई है! इसके चलते कई कार्यों की गड़बड़ी जल्द सामने आने वाली है!

हत्या के तीन आरोपियों को आजीवन कारावास

कोलिहा (लवन)/नवप्रदेश। आरोपियों द्वारा लवन नगर में चाकू से वार करते हुए गुपचुप ठेला लगाने वाले एक व्यक्ति की कर दी गई थी हत्या। प्रार्थी मृतक के पिता बनवारी साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 20 सितम्बर 2024 को रात्रि 8 बजे लवन नगर में गुपचुप का ठेला लगाने वाला मृतक विजय साहू घरेलू सामान लेने के लिए रात करीब 8 बजे घर से निकला था। इसी दौरान अहिल्दा मोड़ के पास आरोपी स्कूटी वाहन से वहां पर आए एवं पुरानी रंजिश को लेकर, अपने पास रखे चाकू से जान से मारने की धमकी देते हुए मृतक पर ताबड़तोड़ वारकर, प्राणघातक चोट पहुंचाए है। इलाज के दौरान मृतक विजय साहू की मृत्यु हो गई। रिपोर्ट पर थाना लवन में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्र. 389/2024 धारा 109 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना लवन पुलिस द्वारा प्रकरण में शामिल आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करते हुए, जांच क्रम में अन्य आवश्यक धाराओं का समावेश कर, उत्कृष्ट विवेचना एवं जांच कार्यवाही कर प्रकरण में विवेचना पूर्ण कर चालान न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। न्यायालय द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश बलौदाबाजार

श्रीमती संजया रात्रे ने प्रकरण की गंभीरता एवं साक्ष्यों के परिशीलन करने बाद आरोपी देवेंद्र साहू उम्र 19 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 11 शंकर मंदिर के पास तनौद थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा, राहुल साहू उम्र 20 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 01 लवन, चंद्रशेखर साहू उर्फ़ शेखर उम्र 20 वर्ष लवनद्वारा किया गया, अपराध सिद्ध होना पाया गया। अपराध की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण में शामिल तीन आरोपी चंद्रशेखर उर्फ शेखर एवं देवेंद्र साहू को बीएनएस की धारा 61(2)(क),111(5),238(क)(ख),249(क)(ख) बीएनएस में आजीवन कारावास की सजा एवं जुर्माना तथा राहुल साहू को बीएनएस की धारा 103(1),61(2)(क),238(क)(ख) बीएनएस तथा 25,27 आर्म्स एक्ट में आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया गया है।

कांग्रेस के प्रदर्शन मे ही नहीं जूटे कांग्रेसी, दर्जन भर कांग्रेसियों ने ही दिखाया दम

खैरागढ़ / नवप्रदेश। बढ़ती महंगाई और गैस सिलेंडर के दामों में लगातार हो रही बढ़ोतरी के विरोध में जिला कांग्रेस का प्रदर्शन फीका पड़ गया । रविवार को प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर जिला मुख्यालय में जोरदार प्रदर्शन के निर्देश दिए गए थे । लेकिन शहर मे आयोजित प्रदर्शन मे जिला कांग्रेस के जिम्मेदार पदाधिकारी ही मौके पर नही जूटे । जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू की अगुवाई मे जूटे दर्जन भर पदाधिकारियो और सदस्यों ने प्रदर्शन की खानापूर्ति कर ईतवारीबाजार पहुचें और फोटो सेशन के बाद वहां से सरक गए । इस दौरान नवगठित जिला कांग्रेस के आधे से ज्यादा पदाधिकारी और सदस्य नदारद रहे । कार्यक्रम मे नारेबाजी, रैली सहित अन्य कार्यक्रम कर साप्ताहिक बाजार मे प्रदर्शन किया जाना था ।

लेकिन जिला कांग्रेस के घोषित आधे से ज्यादा पदाधिकारी गायब रहे। इस दौरान मौजूद कांग्रेसियों ने तख्तियां लेकर महंगाई के विरोध में अपनी आवाज बुलंद की । जिला अध्यक्ष कोमल साहू ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण महंगाई चरम पर पहुंच गई है और आम जनता का जीना मुश्किल हो गया है। खासकर रसोई गैस के बढ़ते दामों ने गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की कमर तोड़ दी है। कहा कि यदि महंगाई पर जल्द नियंत्रण नहीं किया गया तो कांग्रेस आंदोलन को और उग्र करेगी।

बंगाल में वर्षों बाद भाजपा की ऐतिहासिक जीतः सागर

गरियाबंद/नवप्रदेश। भाजपा आईटी सेल संभाग प्रभारी सागर मयाणी ने पश्चिम बंगाल, असम और पुदुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत को देश की राजनीति में एक नया अध्याय बताया है। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल चुनावी सफलता नहीं, बल्कि जनता के विश्वास, विकास की राजनीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर लगी मुहर है। जनता ने विकास, सुशासन और मजबूत नेतृत्व के पक्ष में मतदान कर भारतीय जनता पार्टी के प्रति अपना अटूट विश्वास प्रकट किया है।

संभाग प्रभारी मयाणी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत कई मायनों में बेहद महत्वपूर्ण है। यहां यह केवल सत्ता परिवर्तन का चुनाव नहीं था, बल्कि लोकतंत्र, संघर्ष और जनता के अधिकारों की रक्षा की लड़ाई थी। लंबे समय से राज्य में राजनीतिक हिंसा, भय, भ्रष्टाचार और अराजकता का माहौल बना हुआ था, जिससे आम जनता त्रस्त थी। भाजपा ने पूरी ताकत, रणनीति और जनसमर्थन के साथ चुनाव लड़ा और जनता ने तृणमूल कांग्रेस के लंबे समय से चले आ रहे गुंडाराज को समाप्त करने का जनादेश दिया है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव परिणाम के साथ बंगाल की जनता को भय, हिंसा और अस्थिरता की राजनीति से मुक्ति मिली है और यह बदलाव सुशासन की नई शुरुआत का संकेत है।

वही असम और पुदुचेरी में भाजपा की जीत पर मयाणी ने कहा कि इन राज्यों में जनता ने विकास, शांति और सुशासन की राजनीति को स्वीकार करते हुए भाजपा पर फिर से भरोसा जताया है। असम में भाजपा की पुनः जीत यह साबित करती है कि वहां की जनता ने विकास और स्थिर सरकार के पक्ष में मतदान किया है। वहीं पुदुचेरी में भाजपा की सफलता दक्षिण भारत में पार्टी के बढ़ते प्रभाव, संगठन की मजबूती और जनसमर्थन का प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि इन चुनाव परिणामों ने स्पष्ट कर दिया है कि देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व, भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों और विकास के विजन पर अटूट विश्वास रखती है। केंद्र सरकार की गरीब कल्याण, बुनियादी विकास और राष्ट्र निर्माण की योजनाओं को जनता का व्यापक समर्थन मिला है।

बेसहारा बेटियो के लिए प्रशासन बना परिवार

खैरागढ़ / नवप्रदेश जिले के सुदूर वनांचल ग्राम निजामडीह में मां की मौत के बाद बेसहारा हुई सात बेटियों को संभालने अब प्रशासन ने जवाबदारी संभाली है । तीन माह पूर्व अमर सिंह मेरावी की पत्नी का ब्रेन ट्यूमर के कारण निधन के बाद उनकी 7 माह से 14 वर्ष तक की सातों बेटियां मातृ स्नेह से वंचित हो गईं। पिता मजदूरी कर किसी तरह परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं, लेकिन रोजग़ार की मजबूरी के चलते बच्चियों की देखरेख में कठिनाई आ रही थी। संवेदनशील स्थिति की जानकारी के बाद जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों ने इसे गंभीरता से लेते हुए सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का निर्णय लिया। आदिमजाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त ,जनपद पंचायत छुईखदान, महिला एवं बाल विकास विभाग और अन्य विभागों के अधिकारियों ने निजामडीह पहुंचकर बच्चियों एवं उनके पिता से मुलाकात की ।

‘सुशासन’ के दावों की धरातल पर खुली पोल!

जिला पंचायत अध्यक्ष के गृह ग्राम भंडारपुर में विकास ही ‘लापता’: चुम्मन साहू

छुरिया/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में जहां एक ओर भाजपा सरकार सुशासन त्योहार 2026 के भव्य आयोजनों में जुटी है, वहीं राजनांदगांव जिले से एक ऐसी राजनैतिक सुगबुगाहट सामने आई है जिसने सत्ताधारी दल के ‘विकास’ के दावों को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है। कांग्रेस के कद्दावर नेता चुम्मन साहू ने जिला प्रशासन और भाजपा के जनप्रतिनिधियों पर सीधा प्रहार करते हुए पूछा है– जब मुखिया के आंगन में ही अंधेरा है, तो पूरे जिले में उजाले का भ्रम क्यों फैलाया जा रहा है?

विवाद का केंद्र बना है भंडारपुर, वह गांव जो भाजपा समर्थित जिला पंचायत अध्यक्ष का गृह ग्राम है। प्रशासन ने इसी गांव से ÷जन समस्या निवारण समाधान शिविर÷ की शुरुआत कर इसे ‘आदर्श’ पेश करने की कोशिश की थी। लेकिन चुम्मन साहू ने जमीनी हकीकत की परतें उधेड़ते हुए कहा कि भंडारपुर आज सरकारी उपेक्षा का जीवंत उदाहरण बन चुका है।

साहू ने तीखे लहजे में कहा, ÷यह विडंबना ही है कि जिस गांव को जिले का गौरव होना चाहिए था, वहां ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। यदि जिला पंचायत अध्यक्ष अपने ही गांव की तस्वीर नहीं बदल पा रहे, तो पूरे जिले के लिए उनकी दृष्टि और सरकार का सुशासन केवल कागजी और मंचीय भाषणों तक सीमित है।÷

झिथरा टोला में नव निर्माण पुल पिछले साल पहली बारिश में बाह गया था जिसकी सुध शासन प्रशासन द्वारा नहीं लिया गया

संकल्प कार्यक्रम आयोजित त्योहार नहीं, समाधान चाहिए

चुम्मन साहू ने सुशासन त्योहार के आयोजन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जनता को टेंट, लाउडस्पीकर और लच्छेदार भाषणों वाले आयोजनों की नहीं, बल्कि ठोस काम की जरूरत है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार समाधान शिविरों के नाम पर केवल जनता की आंखों में धूल झोंक रही है और एक ‘पॉजिटिव इमेज’ बनाने की नाकाम कोशिश कर रही है।

आरोपों की झड़ीः तीन बड़े सवाल, जो जवाब मांगते हैं

चुम्मन साहू ने भंडारपुर के दौरे के बाद तीन प्रमुख मुद्दों पर सरकार और प्रशासन को घेरा हैः

1. अधूरी पानी टंकी (प्यास का इंतज़ार): गांव में पानी टंकी का निर्माण सालों से अधूरा पड़ा है। ÷हर घर जल÷ का नारा यहां दम तोड़ता नजर आ रहा है। साहू ने पूछा कि आखिर कब तक ग्रामीणों को पेयजल के लिए मीलों भटकना होगा?

2. सूखा तालाब (जल संरक्षण की विफलता): जल संरक्षण के बड़े-बड़े दावों के बीच भंडारपुर का मुख्य तालाब सूख चुका है। न तो उसका गहरीकरण हुआ और न ही जीर्णोद्धार।

3. बदहाल गौशाला (पशु संरक्षण का दिखावा): राज्य सरकार की पशु संरक्षण योजनाओं को आईना दिखाते हुए भंडारपुर की गौशाला बदहाली की स्थिति में है। वहां न तो मवेशियों के लिए पर्याप्त चारा है और न ही रहने की समुचित व्यवस्था।

www.navpradesh.com

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

दैनिक **नवप्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, मंगलवार, 5 मई 2026 शुक्ल पक्ष-चतुर्थी, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 85 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

सीएम साय को श्रमिकों ने दिया भोजन का न्यौता साथ बैठकर खाया बोरे बासी और आम की चटनी

■ भोजन के साथ साथ मुख्यमंत्री लेते रहे योजनाओं के क्रियान्वयन का फीडबैक

कवर्धा-रायपुर/नवप्रदेश। सुशासन तिहार के अंतर्गत आज कबीरधाम जिले के ग्राम लोखान में एक बेहद आत्मीय और संवेदनशील दृश्य देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय निर्माणाधीन पंचायत भवन के औचक निरीक्षण के दौरान सीधे श्रमिकों के बीच पहुंच गए। निरीक्षण के दौरान उनका यह दौरा केवल कार्यों की समीक्षा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि आमजन के साथ उनके ■ शेष पृष्ठ 8 पर

योजनाओं की जमीनी हकीकत से हुए रूबरू

भोजन के दौरान श्रमिक बहनों से बात करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत को भी समझने का प्रयास किया। उन्होंने श्रमिक महिलाओं से महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी ली। महिलाओं ने भी खुले मन से अपने अनुभव साझा किए, जिससे मुख्यमंत्री को योजनाओं की वास्तविक स्थिति का सीधा फीडबैक मिला।

मुख्यमंत्री ने जमीन में बैठक किया भोजन

निरीक्षण के दौरान वहां काम कर रही महिला श्रमिकों ने मुख्यमंत्री को बड़े स्नेह और आग्रह के साथ दोपहर के भोजन के लिए आमंत्रित किया। इस सादगी भरे निमंत्रण को मुख्यमंत्री ने तुरंत स्वीकार किया और मुस्कुराते हुए उनसे पूछा कि वे खाने में क्या लेकर आई हैं। महिलाओं ने बताया कि वे अपने घर से पारंपरिक भोजन—बोरे बासी, पान पुरवा रोटी, चना भाजी, चरोटा भाजी, मुनगा बड़ी और आमा (आम) की चटनी लेकर आई हैं। यह सुनकर मुख्यमंत्री ने उसी सहजता से उनके साथ भोजन करने का निर्णय लिया।

मुख्यमंत्री का हाथ पकड़कर ले गया बुजुर्ग उन्हीं के हाथों कराया अपने घर में गृहप्रवेश

■ मुख्यमंत्री साय ने पूछा 'आवास कोन भेजिस, मोहन ने कहा - मोदी जी ने

रायपुर/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के ग्राम लोखान में आज एक अत्यंत भावनात्मक, आत्मीय और जनसरोकारों से जुड़ा दृश्य देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक सामान्य ग्रामीण के सादे निमंत्रण को न केवल स्वीकार किया, बल्कि उसे अपने व्यवहार से एक यादगार क्षण में परिवर्तित कर दिया। गांव में उनके आगमन से जहां उत्साह और जिज्ञासा का माहौल बना हुआ था, वहीं इस ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मोहन मरावी के घर पहुंचे मुख्यमंत्री साय

ग्राम लोखान निवासी मोहन मरावी के नए पक्के घर का आज गृह प्रवेश कार्यक्रम था। जैसे ही उन्हें यह जानकारी मिली कि मुख्यमंत्री गांव के दौरे पर हैं, वे बिना देर किए सीधे उनके पास पहुंचे और अपने घर आने का न्योता दे दिया। यह एक ग्रामीण का असाधारण प्रेम भरा अनुरोध था, जिसे मुख्यमंत्री ने उसी सहजता और विनम्रता के साथ स्वीकार किया और उनके घर पहुंचकर इस अवसर को विशेष बना दिया।

ग्रामीणों के बीच सीएम का सादगीपूर्ण अंदाज

मुख्यमंत्री के मोहन मरावी के घर पहुंचते ही वहां एक आत्मीय और पारिवारिक वातावरण बन गया। उन्होंने बिना किसी औपचारिकता के पूरे स्नेह और अपनत्व के साथ नारियल फोड़ा, दीप प्रज्वलित किया और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ गृह प्रवेश की रस्म संपन्न कराई। इस दौरान परिवार के सदस्यों के चेहरे पर जो संतोष, गर्व और खुशी झलक रही थी, वह इस बात का प्रतीक थी कि उनके सपनों का घर अब साकार हो चुका है। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने भी इस क्षण को उत्साहपूर्वक देखा और मुख्यमंत्री की सादगीपूर्ण शैली की सराहना की।

आज बेबाक

फटा पोस्टर निकला हीरो

साड़ी बीच नारी है कि नारी बीच साड़ी है की तरह ही नेता ही अभिनेता है कि अभिनेता ही नेता है। यह समझना मुश्किल है। वैसे तो हर नेता जन्मजात अभिनेता होता है और मुखौटे पर मुखौटा लगाना उससे बेहतर और कोई नहीं जानता। इधर अभिनेता जब नेता बनता है तो वह अच्छे अच्छे नेताओं की दुकानदारी बंद कर देता है। तमिलनाडु में एक बार फिर इतिहास दोहराया जा रहा है। यहां लंबे अरसे बाद फटा पोस्टर और निकला हीरो। साउथ के सुपरस्टार विजय की नई नवेली पार्टी टीवीके ने राजनीतिक धुरंधरों को पछाड़कर चमत्कार कर दिखाया है।

तापमान

अधिकतम	न्यूनतम
45°	28°

बाजार भाव

गोल्ड	सिल्वर
1,50,820	2,39,000

शेयर बाजार

सेंसेक्स	निफ्टी
76,913.50	23,997.55

विश्व जनसंख्या	भारत जनसंख्या
8,290,409,329	1,474,726,156

मौसम खराब : लखनऊ-दिल्ली इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

भोपाल/लखनऊ/जयपुर/देहरादून। खराब मौसम की वजह से दिल्ली से लखनऊ जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6E-6476 की भोपाल में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। इसमें यूपी के दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सवार थे। दोनों भोपाल में सुरक्षित उतरे। यूपी में आंधी-बारिश जारी है। कानपुर, सुल्तानपुर और बाराबंकी समेत 64 जिलों में आंधी, बारिश और ओले गिरने का अलर्ट है।

गरमा-गरम

गलत जानकारी देने पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारी को मुख्यमंत्री ने लगाई फटकार

मीटिंग से बाहर जाओ, सही जानकारी लेकर आओः साय

नवप्रदेश खबर का असर

■ सीएम विष्णुदेव साय बोले- सरकार का विकास सड़क से ही दिखता है, बारिश के पहले कोई भी रोड ऐसी न हो जिससे लोगों को दिक्कत हो

लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई: साय

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि सरकार का विकास सबसे पहले सड़कों पर दिखाई देता है, इसलिए मानसून आने से पहले एक भी सड़क खराब नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि सभी सड़कों की मरम्मत समय-सीमा में पूर्ण की जाए और विशेष रूप से आबादी क्षेत्रों की सड़कों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कार्य में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुशासन तिहार में बलरामपुर प्रवास के दौरान आयोजित समीक्षा बैठक में प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर सख्त संदेश दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने योजनाओं की प्रगति के साथ-साथ अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की।

बैठक के दौरान उस समय स्थिति गंभीर हो गई, जब लोक निर्माण विभाग का एक अधिकारी सड़क मरम्मत की सही जानकारी प्रस्तुत नहीं कर पाया। इस पर मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा, 'मीटिंग से बाहर जाइए, अपने सचिव से बात करिए और सही जानकारी लेकर आइए।' इसके बाद बैठक कक्ष में सन्नाटा छा गया और यह स्पष्ट हो गया कि अब कार्यप्रणाली में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हम सभी जनता के सेवक हैं और अपने-अपने कार्यालयों को सेवा तीर्थ की तरह देखें, जहां आम जनता की सेवा ही सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने घोषणा की कि राज्य के सभी राजस्व अभिलेखों का डिजिटलीकरण किया जाएगा, जिससे ■ शेष पृष्ठ 8 पर

खनन वाले ग्रामों में हो डीएमएफ का उपयोग

मुख्यमंत्री ने जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) निधि के उपयोग पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि इस निधि की अधिकतम राशि खनन प्रभावित गांवों के विकास में खर्च की जानी चाहिए। मुख्यालय के नाम पर इस राशि का उपयोग स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने बलरामपुर के सीमावर्ती क्षेत्रों में खनिज संसाधनों के बेहतर और पारदर्शी उपयोग के निर्देश भी दिए। बैठक में जिले की प्रभारी मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद सरगुजा चिंतामणि महाराज, विधायक सामरी उद्देश्वरी पैकरा, विधायक प्रतापपुर शकुंतला पोर्ते तथा जिला पंचायत अध्यक्ष हीरामुनि निकुंज सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

सहकारी बैंक घोटाले की ईडी ने शुरू की जांच, मंगाई फाइल

सरगुजा/नवप्रदेश। सरगुजा जिले में जिला केंद्रीय सहकारी बैंक की कई ब्रांचों में करोड़ों रुपए के घोटाले की जांच प्रवर्तन निदेशालय ने शुरू कर दी है। ईडी ने बैंक घोटाले की जांच रिपोर्ट रायपुर तलब की है। अंबिकापुर से सभी फाइलें रायपुर भेज दी गई हैं। शंकरगढ़ और कुसमी ब्रांचों में ही करीब 28 करोड़ रुपए के घोटाले का खुलासा हुआ था। जिला केंद्रीय सहकारी बैंक में हुए बड़े घोटाले का खुलासा करीब एक साल पहले हुआ था। बैंक के तत्कालीन प्राधिकृत अधिकारी और सरगुजा कलेक्टर विलास भोस्कर ने कुसमी और शंकरगढ़ शाखाओं के खातों की जांच करवाई थी।

देश में ईंधन की आपूर्ति सामान्य 13 मई को पहुंचेगा एलपीजी टैंकर

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्र सरकार ने कहा कि देश में एलपीजी की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है और 2 मई को लगभग 47.7 लाख एलपीजी सिलिंडरों की बुकिंग हुई और करीब 47 लाख सिलिंडर डिलीवर किए गए। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कल रविवार को एक बयान में कहा कि मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के बावजूद, सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि घरेलू एलपीजी, घरेलू पीएनजी और सीएनजी (परिवहन) के लिए 100 प्रतिशत आपूर्ति की जा रही है। नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की खरीदारी घबराहट में न करें, क्योंकि सरकार पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

साथ ही कहा कि अफवाहों से सावधान रहें और सही जानकारी के लिए केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें। मंत्रालय ने आगे बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने 3 अप्रैल, 2026 से अब तक 5 किलोग्राम के एफ्टीएल सिलिंडरों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए 10,100 ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मुख्तार गैंग के 61 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी

गाजीपुर/एजेंसी। गाजीपुर जिले में सोमवार को पुलिस ने माफिया मुख्तार अंसारी के आईएस-191 गैंग के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन वज्र चलाया। इस दौरान 61 गैंग सदस्यों और उनके सहयोगियों के ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की गई। कार्रवाई से पूरे जिले में हड़कंप मच गया। पुलिस ने करीब दो दर्जन संदिग्ध सहयोगियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। यह संयुक्त कार्रवाई मोहम्मदाबाद, भांवरकोल, करंडा, जंगीपुर और सदर कोतवाली थाना क्षेत्रों में एक साथ की गई, जिससे गैंग के नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। सूत्रों के मुताबिक, छापेमारी के दौरान गैंग से जुड़ी अवैध संपत्तियों, आर्थिक स्रोतों और आपराधिक गतिविधियों से जुड़े अहम दस्तावेज और सुराग हाथ लगे हैं।

अफसा की तलाश में फाटक आवास पर दबिश

एसपी डॉ. ईरज राजा ने बताया कि पुलिस ने फरार 50 हजार की इनामी अफसा अंसारी की गिरफ्तारी के लिए मोहम्मदाबाद स्थित फाटक आवास पर भी छापा मारा। हालांकि वह हाथ नहीं लगीं। इस दौरान सांसद अफजाल अंसारी के आवास पर भी पुलिस पहुंची और उनके बड़े भाई पूर्व विधायक सिंगतुल्लाह अंसारी से पूछताछ की गई।

30 फीट नीचे नदी में गिरी कार, 4 मौतें

■ गड्ढे से बैलेंस बिगड़ा, पलटते हुए सड़क से नीचे गिरी, रायपुर से कवर्धा शादी में जा रहे थे

कबीरधाम/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कवर्धा में देर रात तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर फोक नदी में जा गिरी। इस हादसे में कार सवार 4 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना पांडातराई थाना क्षेत्र की है। शुरुआती जानकारी के अनुसार सभी युवक बिरगांव (रायपुर) से पंडरिया में शादी में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान पांडातराई के पास कार का बैलेंस बिगड़ा और पलटते हुए 30 फीट नीचे नदी में जा गिरी।

मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने घायलों को बाहर निकला और पुलिस को हादसे की सूचना दी।

घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेस की मदद से अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। जहां दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। दोनों घायलों को रायपुर रेफर किया गया है। परिजनों को भी हादसे की सूचना दे दी गई है। वहीं मृतकों के शवों का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है। पीएम के बाद परिजनों को शव सौंपा जाएगा।

चुनावी रुझानों से बाजार को सपोर्ट, सेंसेक्स-निफ्टी हरे निशान में बंद

मुंबई/एजेंसी। मध्य पूर्व में अमेरिका-ईरान तनाव में कमी के संकेतों के बीच वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के चलते हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय शेयर बाजार तेजी के साथ हरे निशान में बंद हुए। चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के स्थानीय विधानसभा चुनाव परिणामों के शुरुआती रुझानों ने भी बाजार को समर्थन दिया। हालांकि चुनाव परिणामों की अस्थिरता के बीच आईटी और बैंक शेयरों में गिरावट के चलते घरेलू बाजार के प्रमुख बेंचमार्क निफ्टी50 और सेंसेक्स अपने दिन के उच्चतम स्तर से नीचे बंद हुए।

बाजार बंद होने के समय 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 355.90 अंकों यानी 0.46 प्रतिशत की उछाल के साथ 77,269.40 पर ट्रेड करता नजर आया, तो वहीं एनएसई निफ्टी50 121.75 यानी 0.51 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,119.30 पर था। दिन के कारोबार के दौरान सेंसेक्स में 900 से अधिक अंकों की उछाल आई और यह 77,257.27 पर खुलकर 77,910.75 का इंट्रा-डे हाई छुआ। वहीं निफ्टी 50 में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी देखी गई और यह 24,063.55 पर खुलकर 24,290.20 का उच्चतम स्तर छुआ।

6 हफ्ते में मांगा जवाब : सिंघवी बोले- संशोधन पहचान खुद तय करने का अधिकार छीनता है

सुप्रीम कोर्ट का ट्रांसजेंडर संशोधन एक्ट पर केंद्र-राज्यों को नोटिस

नई दिल्ली/एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2026 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर केंद्र सरकार और सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी किया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने इस मामले पर 6 हफ्ते के भीतर जवाब मांगा है। अब इस मामले की सुनवाई तीन जजों की बेंच करेगी।

मेडिकल बोर्ड की सिफारिश अब जरूरी होगी: जस्टिस बागची ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सिंघवी बोले- एनएएलएसए जजमेंट के खिलाफ है नया संशोधन

याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने संशोधन पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि यह संशोधन ट्रांसजेंडर व्यक्तियों से 'सेल्फआइडेंटिफिकेशन' (अपनी पहचान खुद तय करने) का अधिकार छीनता है। यह 2014 के ऐतिहासिक एनएएलएसए जजमेंट के खिलाफ है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने खुद की लैंगिक पहचान चुनने को मौलिक अधिकार घोषित किया था।

सीजेआई ने पूछा- क्या लोग फर्जी पहचान बनाकर फायदा नहीं उठाएंगे?

सुनवाई के दौरान चीफजस्टिस सूर्यकांत ने 'सेल्फ आइडेंटिफिकेशन' के अधिकार को लेकर कुछ चिंताएं जताईं। उन्होंने पूछा, 'क्या इससे कोई खतरा पैदा नहीं होता? क्या ऐसे लोग नहीं हो सकते जो ट्रांसजेंडर होने का दिखावा करें ताकि उन्हें इस समुदाय के लिए तय आरक्षण या विशेषाधिकारों का लाभ मिल सके?' इस पर सिंघवी ने जवाब दिया कि उनकी जानकारी के अनुसार ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए अभी कोई आरक्षण लागू नहीं है, इसलिए गलत इस्तेमाल की संभावना नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि अगर 0.01त्न मामलों में दुरुपयोग की गुंजाइश है भी, तो इसके आधार पर बहुसंख्यक समुदाय के आर्टिकल 21 (जीवन और गरिमा का अधिकार) के अधिकार को सस्पेंड नहीं किया जा सकता।

विधायक संगीता बनीं छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस की प्रभारी अध्यक्ष

■ 5 नेत्रियों ने की थी दावेदारी, छन्नी साहू के बीच फंसा था पेंच

रायपुर/नवप्रदेश। संजारी बालोद से विधायक संगीता सिन्हा को छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस का प्रभारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। ऑल इंडिया महिला कांग्रेस ने लेटर जारी किया है। इससे पहले संगीता सिन्हा और छन्नी साहू के नाम के बीच पेंच फंसा हुआ था। संगीता आगामी स्थायी प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति तक इस पद की जिम्मेदारी संभालेंगी।

जनवरी में दिल्ली में इंटरव्यू की प्रक्रिया पूरी हुई थी। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा की मौजूदगी में 5 वरिष्ठ महिला नेत्रियों अनिला भेड़िया, संगीता सिन्हा, छन्नी साहू, ममता चंद्राकर और तुलिका कर्मा ने अपनी दावेदारी पेश की थी।

स्थायी प्रदेश अध्यक्ष के लिए मुकाबला मुख्य रूप से 2 नामों के बीच बताया जा रहा था। संगठन का एक वर्ग ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सुविचार

लोगों की भलाई जरूर करें पर उनसे बदले में कोई अपेक्षा न करें, क्योंकि फल देना ईश्वर का काम है व्यक्ति का नहीं

पूर्वानुमानों के अनुरूप नतीजे

बंगाल और असम सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों को लेकर विभिन्न एग्जिट पोल ने जो पूर्वानुमान लगाए थे वे इस बार 19-20 के फर्क के साथ सही साबित हुए। इसलिए इन चुनावी नतीजों ने तमिलनाडु के अपवाद को छोड़कर किसी को नहीं चौकाया। तलिनाडु में भी साउथ के सुपरस्टार थलापति विजय की नौगठित पार्टी टीवीके के सरकार बनाने का पूर्वानुमान एक एग्जिट पोल ने लगाया था बाकी एग्जिट पोल ने वहां डीएमके और एडीएमके के बीच ही कांटे की टक्कर बताई थी। इन पांच राज्यों में से एनडीए शासित दो राज्यों में असम और पुंडुचेरी में एनडीए की सरकार बरकरार रही। असम में भाजपा ने जीत की हैट्रिक लगाकर नया इतिहास रचा। वहीं गैर एनडीए शासित राज्यों बंगाल, तमिलनाडु और केरल में बदलाव की बयार बही। जहां केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन ने वामपंथी गठबंधन को सत्ता से बाहर कर दिया। वहीं तमिलनाडु ने एक नई पार्टी ने दो धुरंधर पार्टियों को धुल चटा दी। सबसे बड़ा परिवर्तन तो बंगाल में हुआ जिस पर पूरे देश की नजर टिकी हुई थी। बंगाल में पहली बार भाजपा कमल खिलाने में कामयाब रही। ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस को सत्ता से बाहर होना पड़ा। बंगाल में तो परिवर्तन की आंधी आने संभावना सभी एग्जिट पोल ने व्यक्त की थी किन्तु वहां परिवर्तन का मानो तूफान आ गया। भाजपा वहां प्रचंड बहुमत से अपनी सरकार अपनी सरकार बनाने जा रही है गारैतलब है कि जब बंगाल में आजादी के बाद से पहली बार 92 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ तभी से यह कयास लगाये जा रहे थे कि इस बार ममता बनर्जी की सरकार के खिलाफ लोगों का गुस्सा ईवीएम पर फूटेगा। अंततः वही हुआ और ममता बनर्जी को उनका अहंकार तथा तुष्टीकरण की राजनीति ले डुबी। एसआईआर के कारण बंग्लादेशी घुसपैठियों के वोट कट जाने से ममता बनर्जी का वोट बैंक कमजोर पड़ गया था और उसमें भी असद्दुदीन ओवैसी और हुमायूं कबीर ने थोड़ा बहुत खेल खराब करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह तो गनीमत है कि एन चुनाव के बीच असद्दुदीन ओवैसी और हुमांयू कबीर का गठबंधन एक विवादास्पद विडियो के कारण टूट गया था अन्यथा यदि ये दोनों मिलकर चुनाव लड़ते तो ममता बनर्जी की पार्टी की सीटें और कम हो सकती थी। बंगाल में टीएमसी की हार पर प्रतिक्रिया देते हुए हुमायूं कबीर ने कहा है कि जो भी अच्छा हुआ क्योंकि ममता बनर्जी ने बंगाल को पीछे ढकेल दिया था। इधर भाजपा नेता शुभेन्दु अधिकारी ने भाजपा की जीत पर ट्वीट किया है कि धन्यवाद हिन्दू धन्यवाद सनातनी उल्लेखनीय है कि शुभेन्दु अधिकारी इस चुनाव में खुलेआम हिन्दुओं से एकजुट होकर भाजपा को वोट करने की अपील करते रहे हैं और उनकी यह अपील बंगाल में कारगर साबित हुई। हिन्दू वोटों का ध्रुवीकरण होने के कारण ही भाजपा को बंगाल में ऐतिहासिक जीत हासिल हुई है। पिछले विधानसभा चुनाव की तरह ही इस चुनाव में भी बंगाल में कांग्रेस और वामपंथियों को सुपड़ा साफ हो गया है अब बंगाल में चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद भाजपा के कार्यकर्ता उत्साह में हैं। उन्हें उत्साह में होना भी चाहिए क्योंकि पहली बार भाजपा ने वहां शानदार कामयाबी हासिल की है लेकिन जोश में आकर उन्हें होश नहीं खोना चाहिए। बंगाल विधानससभा चुनाव के परिणाम भाजपा के पक्ष में जाते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने ममता बनर्जी के घर के सामने जाकर नारेबाजी शुरू कर दी थी। यह उचित नहीं है। इसी तरह कुछ जगहों पर भाजपा और टीएमसी समर्थकों के बीच टकराव की खबरे भी सामने आई हैं जिससे आगे चलकर अप्रिय स्थिति निर्मित हो सकती है। बांगल का चुनाव पहली बार छिटपूट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्ण रहा है और यह शांति चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद भी बनी रहनी चाहिए। बंगाल हो या असम हो या तमिलनाडु हो या केरल जिन्हें जहां जीत मिली है वे जीत का जश्न मनाए लेकिन हारी हुई पार्टियों के खिलाफ नारेबाजी न करें। जनादेश का सभी को सम्मान करना चाहिए।

सद्‌गुरू बोधामृतम्

सदगुरू ऋतेश्वर

◆ कोई दुनिया के प्रति ीविदमेज हो या न हो, दुनिया माने या न माने, जो अपने प्रति ीविदमेज होगा, दुनिया उसको ीविदमेज मानेगी।

◆ भक्त और दास का मतलब है जो बिना मोल बिकते हैं।

◆ बेमोल बिक गए सद्‌गुरू तेरे प्या मेंकृ ! प्रेमी कभी शिकायत नहीं करता, भक्त कभी शिकायत नहीं करता, केवल स्तुति करता है प्रेम वर्धन के लिए।

◆ भगवान के घर में संत के घर में ,गुरू के घर में, भक्त के घर में, महात्मा के घर में केवल भाव का लेन-देन हैं। भाव और श्रद्धा ले आओ और भगवान की अमूल्य भक्ति अमूल्य विरहानंद हाथ में ले कर चले जाओ। मूल्य चुकाओ और ले जाओ और जब तुम मूल्य चुका कर भक्ति प्राप्त कर लो तो फिर उनके बिना मूल्य के दास बन जाओ

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1659: मकसदाबाद की लड़ाई में शुजा की हार हुई।1818: प्रसिद्ध जर्मन दार्शनिक, अर्थशास्त्री और 'समाजवाद के जनक' कार्ल मार्क्स का जन्म हुआ।1821: फ्रांसीसी सैन्य नेता और सम्राट नेपोलियन बोनापार्ट का सेंट हेलेना द्वीप पर निधन हुआ।1843: ब्रिटेन की महारानी विक्टोरिया ने हांगकांग को ब्रिटिश कॉलोनी में शामिल करने की घोषणा की।1904: अमेरिका में साय यंग ने मेजर लीग बेसबॉल के इतिहास का पहला 'परफेक्ट गेम' फेंका।1916: प्रथम विश्व युद्ध के दौरान ऑटोमन साम्राज्य के खिलाफ अरब विद्रोह की शुरुआत हुई।1936: परमवीर चक्र से सम्मानित, भारतीय सैनिक मेजर होशियार सिंह का जन्म हुआ।1944: महात्मा गांधी को पुणे के आगा खान पैलेस से रिहा किया गया।1949: भारत में झारखंड पार्टी की स्थापना की गई।1961: एलन शेपर्ड अंतरिक्ष में जाने वाले पहले अमेरिकी बने।2006: प्रसिद्ध भारतीय संगीत निर्देशक नौशाद अली का निधन हुआ।2010: इसरो ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से नई पीढ़ी के साउंडिंग रॉकेट का सफल परीक्षण किया।

स्मार्ट, संवहनीय, बेजोड़: टेक्निकल टेक्सटाइल इस तरह बुन रहे हैं फुटवियर में भारत का भविष्य

आत्मनिर्भर भारत का मतलब सिर्फ उत्पादन में आत्मनिर्भरता ही नहीं, बल्कि वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में नेतृत्व भी हासिल करना है। कुछेक क्षेत्रों ने ही इस अवसर का फुटवियर की तरह स्पष्ट रूप से उपयोग किया है। फुटवियर रोजमर्रा की जिंदगी में काम आने वाली सबसे आम वस्तुओं में से एक है। इसका इस्तेमाल स्कूली बच्चों, लंबी पाली में काम करने वाले कामगारों और लगातार भागमभाग कर सामान की डिलीवरी करने वालों से लेकर अपनी शारीरिक सीमाओं से आगे जाने वाले एथलीट तक करते हैं। भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा फुटवियर उत्पादक है। इसके बावजूद वैश्विक फुटवियर निर्यात में हमारी हिस्सेदारी बहुत कम है।

श्री गिरिराज सिंह

यह अंतर क्षमता की कमी के कारण नहीं, बल्कि मटेरियल (सामग्री), डिजाइन और कार्य प्रदर्शन के प्रति दृष्टिकोण बदलने की आवश्यकता के कारण है। इस बदलाव के केंद्र में एक ऐसी श्रेणी भी है जिस पर अक्सर लोगों का ध्यान नहीं जाता, वह है- तकनीकी वस्त्र (टेक्निकल टेक्सटाइल)। मैंने इसे हाल ही में अपनी आगरा यात्रा के दौरान और अधिक स्पष्टता से समझा। आगरा अपने जूतों और चप्पल के लिए जाना जाता है। वहां के उत्पादन समूहों में घूमते हुए और निर्माताओं से बातचीत करते हुए यह स्पष्ट हो गया कि वहां इनके उत्पादन में नवाचार पहले से ही किया जा रहा है। कई इकाइयाँ ऐसी सामग्रियों का उपयोग कर रही थीं जो बहुत आरामदायक, टिकाऊ और नरम जूते बना रही हैं। लेकिन इनमें से कइयों ने इन्हें टेक्निकल टेक्सटाइल के रूप में नहीं बताया। उन सब ने इन्हें सिर्फ ऐसे बेहतर आदानों के रूप में देखा जो उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को पूरा करते हैं।

दिल्ली में फुटवियर संघ के साथ हुई एक बैठक के दौरान यह समझ और गहरी हुई। उद्योग जगत के हितधारकों ने उपभोक्ताओं की बदलती अपेक्षाओं के बारे में बताया, जैसे उपभोक्ता अब हलके, बेहतर कुशनिंग वाले, हवादार और टिकाऊ जूते पसंद करते हैं। ये अब केवल महंगे उत्पादों की विशेषताएं नहीं रह गई, बल्कि मानक ज़रूरतें बनती जा रही थीं। इसी चर्चा के दौरान मेरे विभाग ने एक महत्वपूर्ण बिंदु पर प्रकाश डाला: फुटवियर उद्योग पहले से ही टेक्निकल टेक्सटाइल का व्यापक रूप से उपयोग कर रहा है, भले ही इसे औपचारिक रूप से मान्यता न दी गई हो।

उस अहसास ने पूरी चर्चा का स्वरूप ही बदल दिया। वैश्विक स्तर पर, फुटवियर उद्योग सालाना लगभग 23.9 बिलियन जोड़ी जूतों का उत्पादन करता है, जिसका बाजार आकार करीब 500 बिलियन अमरीकी डॉलर है। भारत वैश्विक उत्पादन में लगभग 12.5 प्रतिशत का योगदान देता है, फिर भी निर्यात में इसकी हिस्सेदारी केवल 2 प्रतिशत है। यह आंकड़ा हमारी क्षमता और वैश्विक स्थिति के बीच के स्पष्ट अंतर को दर्शाता है। साथ ही, दुनिया भर के लगभग 86 प्रतिशत फुटवियर 'नॉन-लेदर' (गैर-चमड़ा) हैं, जबकि भारत का उद्योग परंपरागत रूप से चमड़े पर केंद्रित रहा है।

देश में भी स्थिति तेजी से बदल रही है। साल 2025 में भारतीय फुटवियर बाजार का आकार 20.67 बिलियन अमरीकी डॉलर तक पहुँच गया, जो बढ़ती आय और उपभोक्ता की बदलती प्रवृत्तियों को दर्शाता है। हालाँकि, एक औसत भारतीय अभी भी साल भर में लगभग 2 जोड़ी जूते ही खरीदता है, जबकि वैश्विक औसत 7 से 8 जोड़ी का है। जैसे-जैसे खरीदने की क्षमता बढ़ेगी, उपभोक्ताओं की पसंद 'आराम' और 'बेहतर प्रदर्शन' होगी। इसे देखते हुए घरेलू बाजार का विस्तार और भी व्यापक होने की उम्मीद है।

यही वह बिंदु है जहाँ तकनीकी वस्त्र (टेक्निकल टेक्सटाइल) विकास के अगले चरण के लिए महत्वपूर्ण बन जाते हैं। वस्त्र मंत्रालय में, इस परिवर्तन को 'स्मार्ट, टिकाऊ और निर्बाध' फ्रेमवर्क के माध्यम से आगे बढ़ाया जा रहा है। 'स्मार्ट' फुटवियर' तकनीक और डिजाइन के बढ़ते एकीकरण को दर्शाते हैं। डिजिटल टूल्स, एआई आधारित मॉडलिंग और फुट स्कैनिंग के माध्यम से अब बड़े पैमाने पर व्यक्तिगत जरूरतों के अनुरूप समाधान संभव हो पा रहे हैं। यह रुझान व्यापक रूप से उपभोक्ताओं की जरूरतों और फैशन के अनुरूप है। वर्ष 2025 में, भारत में 28.9 मिलियन स्मार्टवॉच की बिक्री दर्ज की गई, जिससे 780 मिलियन अमरीकी डॉलर का राजस्व प्राप्त हुआ। यह उन उत्पादों के प्रति बढ़ती पसंद को दर्शाता है जो दैनिक उपयोग के साथ-साथ आज के समय के अनुरूप भी हों। स्नीकर (हलके रबड़ के जूते) श्रेणी के जूते इस बदलाव को और अधिक स्पष्ट रूप से दिखाते हैं। अनुमान है कि यह वर्ष 2024 के 3.2 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर 2030 तक यह लगभग 6 बिलियन अमरीकी डॉलर तक पहुँच जायेंगे, जिसमें इसकी मात्रा 55 मिलियन जोड़ी से बढ़कर 70 मिलियन जोड़ी हो जाएगी। उपभोक्ता स्पष्ट रूप से ऐसे फुटवियर खरीद रहे हैं जो 'आरामदायक' हों और 'देखने में भी सुन्दर' हों और यहीं पर 'तकनीकी वस्त्र' एक निर्णायक भूमिका निभाते हैं।

संवहनीयता भी एक निर्णायक कारक बनता जा रहा है। ÷पुनर्चक्रित पीईटी प्लास्टिक और 'बायोडिग्रेडेबल' फाइबर जैसे पदार्थ धीरे-धीरे उत्पादन की मुख्यधारा में प्रवेश कर रहे हैं। भारत के लिए, यह न केवल एक पर्यावरणीय अनिवार्यता है, बल्कि वैश्विक बाजारों में खुद को संवहनीय सामग्री के आपूर्तिकर्ता के रूप में स्थापित करने का एक रणनीतिक अवसर भी है। इसी तरह, 'निर्बाध विनिर्माण' की दिशा में बढ़ते कदम भी परिवर्तनकारी साबित हो रहे हैं। 3डी बुनाई और उन्नत निर्माण जैसी तकनीकें कचरे को कम कर रही हैं, दक्षता में सुधार कर रही हैं और उत्पादन चक्र को तेज कर रही हैं।

शांति अशांति के बीच झूलती वैश्विक युद्ध की आशंका और परिणति

संजीव ठाकुर

अमेरिका ईरान इजरायल युद्ध के बीच शांति वार्ता युद्ध के तैयारी के लिए समय समय पैदा करने की युति से ज्यादा कुछ नहींद्य अमेरिका युद्ध विराम को सिर्फ इसलिए आगे बढ़ते जा रहे हैं कि उन्हें अपनी तैयारी के लिए और समय चाहिए वैसे ईरान भी पूरी तरह से कंगाली के दौर से गुजर रहा है अब उसे युद्ध बढ़ाने के लिए समय चाहिए इन परिस्थितियों में ऐसा नहीं लगता की तीनों में से कोई देश शांति चाहता हो सब अपनी अपनी महत्वाकांक्षा और विस्तार नीति पर अड़े हुए हैंद्य परिणाम स्वरुप पूरा विश्व वैश्विक युद्ध की आशंका और उसके होने वाले परिणामों से भयभीत दिखाई दे रहा हैद्य

वैश्विक परिदृश्य एक ऐसे मोड़ पर खड़ा दिखाई देता है, जहाँ कूटनीति की भाषा कमजोर और शक्ति-प्रदर्शन की भाषा प्रबल होती जा रही है। पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव विशेष रूप से अमेरिका, इज़रायल और ईरान के बीच, विश्व को एक संभावित महायुद्ध यहाँ तक कि परमाणु युद्ध की आशंका की ओर धकेल रहा है। इस संपूर्ण घटनाक्रम में डोनाल्ड ट्रंप की नीतियाँ और उनके निर्णय भी चर्चा के केंद्र में हैं, जिन्हें लेकर विश्व स्तर पर विभिन्न प्रकार की प्रतिक्रियाएँ सामने आई हैं। उनके द्वारा लिए जा रहे निर्णय पर अमेरिका के नागरिक उनके संसद सदस्य और वैश्विक देश के नेताओं द्वारा भी अविश्वास प्रकट किया जा रहा है उनकी मानसिक स्थिति पर भी अब सवालिया निशान लगने लगे हैं।

ऐतिहासिक तौर पर देखा जाए तो शांति वार्ताओं का उद्देश्य सदैव संघर्ष को समाप्त कर स्थिरता स्थापित करना होता है, किंतु हालिया प्रयासों में यह उद्देश्य बिखरता हुआ प्रतीत हो रहा है। जब मध्यस्थता के लिए पाकिस्तान जैसे कमजोर,आतंकवादी और अपरिपक्व मानसिकता वाले देश को आगे किया गया, तब ही कई कूटनीतिक विश्लेषकों ने इसकी निष्पक्षता और प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया था। किसी भी शांति प्रक्रिया की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि मध्यस्थ देश निष्पक्ष, विश्वसनीय और सभी पक्षों के लिए स्वीकार्य हो। यदि मध्यस्थ ही अपने रणनीतिक हितों में उलझा हो, तो वार्ता का मार्ग स्वतः ही संदिग्ध हो जाता है।

अमेरिका और इज़रायल का दृष्टिकोण ईरान की परमाणु क्षमताओं को सीमित करने पर केंद्रित रहा है, जबकि ईरान अपनी संप्रभुता और सुरक्षा

के अधिकारों का सदैव पक्षकार रहा है। ईरान का कहना है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांति और ऊर्जा के उद्देश्य से है, परंतु पश्चिमी देशों को इसमें संभावित सैन्य उपयोग की आशंका दिखाई देती है। यही अविश्वास शांति वार्ता को बार-बार विफल करता रहा है। अमेरिका द्वारा ईरान के प्रस्तावों को अस्वीकार करना इस बात का संकेत है कि दोनों पक्षों के बीच संवाद की खाई गहरी होती जा रही है। इज़रायल, जो पहले से ही ईरान को कई वर्षों से अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है, और उसके लिए यह लड़ाई अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भी है और वह किसी भी प्रकार के समझौते को लेकर अत्यंत सावधान और अतिरिक्त सतर्क है। ऐसे में जब तीनों शक्तियाँ अपने-अपने हितों की रक्षा के लिए किसी भी हद तक अड़े हुए और अडिग हों, तो शांति का मार्ग और भी ना मुमकिन सा होता दिखाई देता है। यदि यह तनाव आगे बढ़कर जैसा की युद्ध विश्लेषक आशंका जाता रहे हैं परमाणु संघर्ष में परिवर्तित होता है, तो इसके परिणाम न केवल अत्यंत भयानक तथा विनाशक होने की संभावना होगी बल्कि युद्ध क्षेत्र भी सीमित नहीं रहेंगे, पूरी दुनिया इसकी जद और बड़े प्रभाव में आ जाएगी। सबसे पहले असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। तेल उत्पादक क्षेत्र होने के कारण पश्चिम एशिया में युद्ध छिड़ने से कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आएगा, जिससे महंगाई वैश्विक स्तर पर बेकाबू हो जाएगी। भारत जैसे विकासशील देशों के लिए यह स्थिति और भी गंभीर हो सकती है, जहाँ पहले से ही आम जनता महंगाई के दबाव से जूझ रही है।

महंगाई का सीधा असर आम जीवन पर पड़ता है।खाद्य पदार्थ, ईंधन, परिवहन, दवाइयाँ सभी की कीमतें आसमान छूने लगती हैं। इससे निम्न और मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित होगा ह। रोजगार के अवसर कम हो जाते हैं, और आर्थिक असमानता बढ़ जाती है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी परमाणु युद्ध के दुष्परिणाम अत्यंत भयावह होंगे। परमाणु विस्फोट से निकलने वाला विकिरण न केवल तत्काल जनहानि करता है, बल्कि पीढ़ियों तक चलने वाली बीमारियों को जन्म देता है। कैंसर, जन्मजात विकृतियाँ, मानसिक रोग ये सब ऐसे प्रभाव हैं जो दशकों तक मानवता को झेलने पड़ते हैं। पर्यावरण पर इसका असर भी विनाशकारी होता है,जल, वायु और मिट्टी सभी प्रदूषित हो जाते हैं, जिससे कृषि उत्पादन ठप हो सकता है और खाद्य संकट उत्पन्न हो सकता है।

इसके अतिरिक्त, एक परमाणु युद्ध ÷न्यूक्लियर विंटर÷ जैसी स्थिति भी पैदा कर सकता है, जिसमें धूल और धुएँ के कारण सूर्य का प्रकाश धरती तक नहीं पहुँच पाता, जिससे वैश्विक तापमान में भारी गिरावट आ सकती है। इसका परिणाम व्यापक अकाल और पारिस्थितिक असंतुलन के रूप में सामने आएगा। वर्तमान स्थिति में सबसे अधिक आवश्यकता संयम, संवाद और विवेकपूर्ण नेतृत्व की है। विश्व शक्तियों को यह समझना होगा कि युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं, बल्कि नई समस्याओं की शुरुआत है। कूटनीति की मेज पर बैठकर मतभेदों को सुलझाना ही एकमात्र स्थायी मार्ग है। अंततः, यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि आज मानवता एक ऐसे दोराहे पर खड़ी है, जहाँ एक ओर शांति, सहयोग और विकास का मार्ग है, तो दूसरी ओर विनाश, अराजकता और अंधकार का। निर्णय विश्व नेताओं के हाथ में है, परंतु परिणाम पूरी मानवता को भुगतना होगा। इसलिए यह आवश्यक है कि शांति को प्राथमिकता दी जाए और विश्व को एक और महायुद्ध की विभीषिका से बचाया जाए।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मैने एक बीज से प्रेम किया उसकी वाष्प से ऊष्मित हुई! उसे दुलराया,और दबा दिया मिट्टी में थपथपाती रही मिट्टी की परत को सींच कर उसकी सुवास को भरती रही सांसों में! प्रतीक्षा.... ललछौंही कोंपल बन कौतुक से पूर गई! हुलस कर भी डरती रही उसे छूने से दूर से देखती और चाव करती! फिर जुड़ती गई नन्ही नन्ही सुकुमार पत्तियां वे बड़ी हुई और छू लिए मेरे ऊंगलियों के पोर एक दिन सींचते समय इसी स्पर्श की तो चाह थी मुझे सहसा मुझे लगा! प्रेम की एक और नई परिभाषा गढ़ते भर भर गई सुकून से! - **आरती तिवारी**

जनगणना का प्रथम चरण प्रारम्भ हो चुका है,आपके दरङ्कदरवाजे पे आए टीचर्स का सम्मान करे तपती धूप,लू के थपेड़े के बीच....उनकी कर्मठता को सैल्यूट है?? सभी बहन भाई जिनकी भी ड्यूटी लगी है,उन्हें मेरा नमस्कार/प्रणाम - **शत्रुंजय तिवारी**

अंतर्मन की सड़क पर सुदूर एकांत में आवाज़ देते हैं कुछ तेरे मेरे भटकते संवाद। बाजारवाद का दौर और : हार जीत की दौड़ निगल चुका है , 35 पार की कोशिशें जैसे : साँझ को एक बार में चबाता हो, भुखमरी से ग्रसित पंछी। कुर्सी पर टेक लगाए, देखते हैं एल्बम में चुटकुलों से भरी उमंगों से जवां यादें और : फिर सो जाना होता है बिना किसी से कुछ भी कहे। - **अनुभूति 'अनु'**

गति का भ्रम कितना सुंदर होता हैज्हम समझते हैं कि हम आगे बढ़ रहे हैं,पर कई बार हम बस टंगे रहते हैं,अपनी ही आदतों, अपने ही सवालों पर। जीवन भी कुछ ऐसा ही है,हम तेज़ भागते रहते हैं, मंज़िलों के पीछे, पर असली ठहराव अक्सर उन्हीं पलों में मिलता है जब हम रुककर खुद को देख लेते हैं। हर सफ़र सड़क पर नहीं होता, कुछ यात्राएँ भीतर की ओर भी होती हैं। - **नीलिमा शर्मा**

हौसलों की सवारी नीले आकाश की छाया में, पहाड़ों की गहराई समाई में मैं यूँ बैठी नहीं .... मानो समय को दिशा दे रही हो हाथों में थामी सिर्फ बाइक नहीं...। ये तो हौसलों की लगाम है नज़र में ठहराव नहीं एक अडिग, अटल पैगाम है। सादगी में भी जो शक्ति झलके वही असली पहचान होती है जो चुप रहकर भी बोल उठे वही प्रभाव की आवाज़ होती है। तुम चलो तो राहें बनती हैं तुम रुको तो क्षण ठहर जाते हैं मैं सिर्फ तस्वीर नहीं ... एक प्रेरणा बनकर उभर आती है। - **पुष्पा त्रिपाठी "पुष्प"**

जो बंगाल चुनाव सीआरपीएफ का विरोध कर रहे थे अब वही सीआरपीएफ के सुरक्षा के भरोसे है... जो कांग्रेस tmc के हार से दुखी है उनको बंगाल के अपने कार्यकर्त्ता से पूछना चाहिए sir मे वोटर तमिलनाडु केरल मे भी कटे और छतीसगढ़ मे तो सीआरपीएफके भरोसे हमेशा से चुनाव होते है.... कांग्रेस के बहाने और दूसरों को जीबराने बस दो काम है वर्तमान राजनीति मे केरल कि जीत कि बधाई। - **अंबरदानी**

पश्चिम बंगाल मे लोकतंत्र की रक्षा करने और लोकतंत्र मे लोगो की भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिये केंद्रीय बल बधाई के पात्र है .... जब CPI(M) बंगाल मे सत्ता मे थी तब ममता बनर्जी केंद्रीय बलो के निगरानी मे चुनाव चाहती थी । इस बार जब खुद उनकी सरकार है और केंद्रीय बलो ने बिना कोई हत्या ,लूट ,बलात्कार के शांतिपूर्ण तरीके से वोटिंग संपन्न करा दिया तो ममता बनर्जी को दिक्कत हो रही है । - **एडवोकेट अरूण कुमार गुप्ता**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन आपको सिखाएगा कि असली ताकत संतुलन में होती है। काम में आपको सहयोग भी मिलेगा और दबाव भी। यानी मेहनत करनी पड़ेगी, लेकिन उसका फल भी मिलेगा।

वृष: आज का दिन आपको सुकून और खुशी देने आया है। घर में प्यार और तालमेल बना रहेगा और जीवनसाथी के साथ खूबसूरत पल बिताने का मौका मिल सकता है। अगर कोई मनमुटाव था, तो आज उसे खत्म करने का सही समय है।

मिथुन: आज आपके लिए राहत भरा दिन है। पुराने अधूरे काम पूरे होने से मन हल्का महसूस करेगा। ऑफिस में साथियों का सपोर्ट मिलेगा, लेकिन काम का दबाव थोड़ा मानसिक तनाव दे सकता है।

कर्क: आज आपका मन थोड़ा उलझा हुआ रह सकता है। काम में चुनौतियां आएंगी, लेकिन धैर्य और समझदारी से आप सब संभाल सकते हैं। प्रेम जीवन में थोड़ी राहत जरूर मिलेगी।

सिंह: आज आपका दिन चमकने वाला है। काम में सफलता मिलेगी और अधिकारी भी आपकी तारीफ करेंगे। रुके हुए काम पूरे होंगे और व्यापार में अच्छा लाभ मिलेगा।

कन्या: आज किस्मत आपके साथ है। सेहत में सुधार होगा और आप खुद को पहले से ज्यादा ऊर्जावान महसूस करेंगे। नौकरी में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा और सम्मान भी मिलेगा।

तुला: आज आपके लिए पॉजिटिव बदलावों का दिन है। पैसा आएगा और काम भी आसानी से चलता रहेगा। आपकी बातचीत की कला आज आपको दूसरों से आगे ले जाएगी।

वृश्चिक: आज आपके लिए सफलता और सम्मान दोनों इंतजार कर रहे हैं। नौकरी की तलाश कर रहे हैं तो खुशखबरी मिल सकती है। पुराना पैसा वापस आ सकता है।

धनु: आज का दिन अच्छा है, लेकिन आपका गुस्सा सब बिगाड़ सकता है। इसे संभालना ही आपकी जीत है। काम में आपकी प्लानिंग और मेहनत आपको आगे ले जाएगी। शिक्षा और ज्ञान से जुड़े लोगों के लिए दिन शानदार है।

मकर: आज किस्मत आपका साथ देने के लिए तैयार है। पैसे का लाभ होगा और रुके हुए काम भी पूरे हो सकते हैं। नौकरी में आपका रुतबा बढ़ेगा और पुराना पैसा वापस मिलने के संकेत हैं।

कुंभ: आज का दिन आपको बैलेंस सिखाएगा। कमाई भी होगी और खर्च भी। सरकारी योजनाओं से फायदा मिल सकता है, लेकिन कानूनी मामलों में सावधानी जरूरी है।

मीन: आज का दिन आपके लिए खास है। गुरु की कृपा आपके साथ है। काम में माहौल अनुकूल रहेगा और आपका सम्मान बढ़ेगा।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) थारू जनजाति मुख्य रूप से किन राज्यों में पाई जाती है?

2) भारत में जनगणना कराने के लिए कौन सा मंत्रालय जिम्मेदार है?

3) पार्किंसन रोग (पीडी) किस प्रकार की विकृति है?

4) महाराष्ट्र सरकार ने छत्रपति शिवाजी महाराज का पहला मंदिर किस जिले में उद्घाटित किया?

5) प्लास्टिक खाने वाले कीट मीलवॉर्म लार्वा किस देश में खोजे गए हैं?

उत्तरमाला- (1) उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार (2) गृह मंत्रालय (3) तंत्रिका अपक्षयी (4) ठाणे (5) केन्या

पहेली

शब्द सामर्थ्य - 028

न्यूज गैलरी

जामुल पालिका में निंदा प्रस्ताव पारित

जामुल। नारी शक्ति वंदन अधिनियम में प्रस्तावित महत्वपूर्ण संशोधनों को लोकसभा में पारित न किये जाने पर जामुल नगर पालिका में आक्रोश जताया गया। भाजपा पार्षदों ने कहा कि विपक्षी दलों ने अपने संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों को राष्ट्रहित से ऊपर रखकर न केवल महिलाओं के साथ छलावा किया है, बल्कि भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों को भी ठेस पहुंचाने का कार्य किया है। विपक्ष के इस महिला-विरोधी कृत्य और दोहरे चरित्र को समाज के हर वर्ग तक लेकर जाने का संकल्प लिया गया। नारी शक्ति को नीति-निर्माण में उनका उचित संवैधानिक अधिकार दिलाने के लिये भाजपा लगातार संघर्ष करेगी। पालिका की बैठक में निंदा प्रस्ताव में कुल 15 सदस्य मौजूद थे। इसमें से निंदा प्रस्ताव के पक्ष में 11 सदस्यों ने मत दिया। निंदा प्रस्ताव के विपक्ष में 4 सदस्यों ने मत दिया। निंदा प्रस्ताव बहुमत से पारित किया गया।

उप मुख्यमंत्री साव आज धमधा-पाटन में

दुर्ग। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय प्रशासन एवं विकास, खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री अरूण साव 5 मई को दुर्ग जिले के पाटन व धमधा के प्रवास पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री साव 5 मई को अपरान्ह 2 बजे पाटन पहुंचेंगे। वे यहां पर वार्ड 9 नया बस स्टैण्ड पाटन परिसर में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। साव सायं 4 बजे धमधा पहुंचेंगे और साप्ताहिक बाजार मैदान बालक हाईस्कूल के पास विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन करेंगे।

घेराव व प्रदर्शन से गोंड महासभा का कोई लेना-देना नहीं : एमडी ठाकुर

दुर्ग। केन्द्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ के अध्यक्ष एमडी ठाकुर ने कहा है कि 7 मई को आयोजित कलेक्ट्रेट घेराव व प्रदर्शन से महासभा का कोई लेना-देना नहीं है। प्रदर्शन का आव्हान करने वाले महासभा के पदाधिकारी भी नहीं है। वे केन्द्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ संगठन पंजीयन क्रमांक-332 के नाम का दुरुपयोग कर समाज के लोगों में भ्रम फैलाने का कार्य कर रहे है। महासभा ऐसे तत्वों को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। ऐसे लोगों के खिलाफ जिला प्रशासन व पुलिस विभाग से कानूनी कार्यवाही करने की मांग की जाएगी। ठाकुर ने कहा है कि महासभा से जुड़े समाज के सदस्य एकजुट होकर महासभा के विचारों, सिद्धांतों और संस्कृति को लगातार आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे है, लेकिन कुछ तत्वों द्वारा महासभा के नाम का दुरुपयोग कर समाज में भ्रम की स्थिति पैदा करने की शिकायत मिली है। ऐसे लोगों द्वारा 7 मई को कलेक्ट्रेट घेराव व प्रदर्शन का आव्हान किया गया है। यह पूर्णतः अवैधानिक गतिविधियां है। ठाकुर ने महासभा से जुड़े समाज के लोगों से घेराव-प्रदर्शन कार्यक्रम से दूर रह कर सामाजिक एकजुटता का संदेश देने की अपील की है।

बरसात से पूर्व नाला-नालियों की सफाई

भिलाईनगर। नगर निगम भिलाई के जोन 2 वैशाली नगर क्षेत्रांतर्गत वार्ड 23 घासीदास नगर, बौद्ध बिहार के पीछे स्थित हाउसिंग बोर्ड बस्ती में बारिश पूर्व नाला सफाई अभियान चल रहा है। नाले में जमा कचरा व गंदगी को निकालकर व्यवस्थित रूप से हटाया जा रहा है। सफाई कार्य से क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था सुचारू होगी। नागरिकों से अपील की गई है कि वे नालियों में कचरा न डालें और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें।

अंडर-7 शतरंज में श्रेष्ठा बनीं राज्य चैंपियन

दुर्ग। अंडर-7 शतरंज में श्रेष्ठा भारद्वाज ने बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए राज्य चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया है। श्रेष्ठा भिलाई डीपीएस स्कूल में अध्ययन कर रही है। उन्होंने अपने खेल करियर की शुरुआत अप्रैल 2025 में की थी। अप्रैल 2026 में भिलाई के मनसा कॉलेज भिलाई में जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुईं। राजधानी रायपुर में 2 व 3 मई को आयोजित छत्तीसगढ़ स्टेट अंडर-7 शतरंज टूर्नामेंट में श्रेष्ठा भारद्वाज ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता बनकर राज्य चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ ही अब वे राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी। श्रेष्ठा भारद्वाज के पिता संतोष भारद्वाज दिल्ली पब्लिक स्कूल, भिलाई में सीनियर टीजीटी (कंप्यूटर साइंस विभाग) में पदस्थ हैं, माता बरखा भारद्वाज गृहिणी हैं।

जनसमस्या निवारण शिविर आज

भिलाई। सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत 5 मई को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के वार्ड क्रमांक 6 के सामुदायिक भवन उमदा में वार्ड 1 से 6 तक के वार्डवासियों के लिये किया जाएगा। नगर पंचायत पाटन में वार्ड 9 स्थित नगर पंचायत पाटन कार्यालय में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में वार्ड क्रमांक 3, 8, 9, 10, 11, 12 के वार्डवासी भाग लेंगे।

भ्रष्टाचार-अव्यवस्था के विरोध में भाजपा ने किया नगर निगम का घेराव

■ आयुक्त के खिलाफ बोलने पर बंद किया पार्षद का माइक

भिलाई/नवप्रदेश। नगर निगम में कथित भ्रष्टाचार और अव्यवस्था के विरोध में भाजपा ने सोमवार को निगम कार्यालय का घेराव किया। सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए निगम कार्यालय पहुंचकर विरोध जताया। प्रदर्शन के बाद एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। प्रदेश उपाध्यक्ष और संगठन प्रभारी रामजी भारती, विधायक रिकेश सेन और जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में कई वरिष्ठ नेता और पार्षद शामिल रहे।

प्रदर्शन के दौरान भाजपा पार्षद संतोष मौर्य ने निगम आयुक्त राजीव पांडे के खिलाफ बोलना शुरू किया तो जिला मंत्री मनोज तिवारी और पूर्व जिला अध्यक्ष महेश वर्मा ने उनका माइक बंद कर दिया। बाद में संतोष मौर्य को बोलने के लिए बुलाया गया। मौर्य दोबारा मंच पर आए और कहा कि दिक्कत आने के कारण माइक बंद किया गया था। गौरतलब है कि एक दिन पहले भाजपा संगठन की बैठक में तय किया गया था कि प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं को आयुक्त राजीव पांडे के खिलाफ बोलने से मना किया गया था। बैठक में पार्षद संतोष मौर्य ने इस पर विरोध भी जताया। मौर्य सहित कई भाजपा पार्षद निगम कमिश्नर की कार्यप्रणाली से काफी नाराज हैं। यही वजह रही कि संगठन की नसीहत के बाद भी मौर्य ने कमिश्नर की कारगुजारियां उजागर की। प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं ने कहा कि महापौर नीरज पाल और आयुक्त राजीव पांडे की मिलीभगत से शहर में वित्तीय अनियमितताओं को बढ़ावा मिल रहा है। शिक्षा उपकर संचित निधि, 1248 भूखंडों की नीलामी से मिली राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। अन्य कई मामलों में पारदर्शिता नहीं बरती गई है। शासन की अनुमति के बिना संजय नगर तालाब के पास स्थित व्यावसायिक भूमि का ऑक्शन करने पर भी महापौर और कमिश्नर को घेरा गया।

निगम की सामान्य सभा में पारित प्रस्तावों के विपरीत कार्य करने पर भी भाजपा नेताओं ने महापौर और कमिश्नर को आड़े हाथों लिया। भाजपा नेताओं ने कहा कि भीषण गर्मी में भिलाई की जनता कई क्षेत्रों में पेयजल संकट से जूझ रही है। सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। नेताओं ने कहा कि भाजपा जनता के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष करेगी।

कुथरेल शिविर में 176 आवेदनों का निराकरण

■ सरकार की मंशा जनहित के काम को प्राथमिकता देना : विधायक चन्द्राकर

दुर्ग/नवप्रदेश। सुशासन तिहार-2026 के अंतर्गत आज जनपद पंचायत दुर्ग अंतर्गत ग्राम कुथरेल में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 370 आवेदन प्राप्त हुए। विभागीय अधिकारियों ने शिविर में 176 आवेदनों का निराकरण किया। शेष लंबित 194 आवेदनों के निराकरण के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है।

जिला प्रशासन द्वारा आयोजित शिविर में प्रदेश के पिछड़ा एवं अन्य वर्ग विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर शामिल हुए। चंद्राकर ने विभिन्न विभागीय स्टॉलों में अधिकारियों से चर्चा कर आवेदनों की जानकारी ली। निराकरण हेतु शीघ्र आवश्यक पहल करने के निर्देश दिये। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने शिविर में विभागीय स्टॉल का निरीक्षण कर अधिकारियों से आवेदन निराकरण प्रक्रिया की जानकारी ली और शत-प्रतिशत आवेदन आज ही निराकृत करने के निर्देश दिये।

विधायक चन्द्राकर ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देना है। विभागीय अधिकारी जनहितैषी कार्यों को प्राथमिकता के साथ निपटाए। जनता को अपने काम के लिए बार-बार कार्यालयों का चक्कर न काटना पड़े। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी विभाग में काम नहीं हो पा रहा है तो वे सीधे विधायक से शिकायत कर सकते हैं। उन्होंने क्षेत्र की जनता को भरोसा दिलाया कि समस्याओं का हरसंभव निराकरण किया जाएगा।

शिविर में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। प्रधानमंत्री आवास निर्माण पूर्ण करने पर हितग्राही आशा बाई साहू, कल्याण सिंह, रामेश्वरी चन्द्राकर, शिवकुमार और सुरेश कुमार को नवनिर्मित पीएम आवास की चॉबी सौंपी गई। मनरेगा अंतर्गत 100 दिवस रोजगार पूर्ण करने पर देवकी निर्मलकर, सरिता विश्वकर्मा, नीता विश्वकर्मा और शीतला साहू को सम्मान पत्रक प्रदान किया गया। शिविर में दो हितग्राहियों का वृद्धावस्था पेंशन भी स्वीकृत किया गया। ग्राम तिरगा के आवेदक इशु देशमुख को लर्निंग लाइसेंस प्रदान किया गया। शिविर में अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी आम जनता को दी गई। इस दौरान जिपं सीईओ बजरंग दुबे, एसडीएम हरवंश सिंह मिरी, अतिरिक्त तहसीलदार क्षमा यदु, जपं सीईओ रूपेश पाण्डेय उपस्थित थे।

11 वीं की छात्रा को ट्रक ने रौंदा मेटाडोर की टक्कर में ड्राइवर की मौत

भिलाई/नवप्रदेश। रविवार को तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से 11 वीं की छात्रा प्रीति पाल (17 साल) की मौत हो गई। प्रीति दोपहर करीब 1:30 बजे अपनी सहेलियों लक्ष्मी और हिमानी के साथ दुपहिया वाहन से जा रही थी। एसीसी कॉलोनी से लौटते हुए नंदनी रोड स्थित बोगदा पुलिया के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी।

ट्रक की टक्कर से तीनों सड़क पर गिर गईं। प्रीति ट्रक के बीच वाले पहिए के नीचे आ गई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। दोनों घायल छात्राओं को हल्की चोटें आई हैं। पुलिस ने ट्रक चालक राजकुमार को गिरफ्तार कर वाहन जब्त कर लिया है।

एक अन्य घटना में खुर्सीपार थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-53 में सुबह करीब 6:15 बजे दो मेटाडोर की भिड़ंत हो गई। एक ट्रक आगे चल रहा था। अचानक ब्रेक लगाने पर पीछे चल रहे ट्रक से भिड़ंत हो गई। पीछे वाले ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह टूट गया। केबिन में बुरी तरह फंसने के कारण ड्राइवर की मौत हो गई।

पावर हाउस रेलवे ओवरब्रिज पर भी सुबह 5.45 बजे सड़क हादसा हुआ। सुबह करीब 5.45 बजे एक युवक पावर हाउस रेलवे ओवरब्रिज पर पहले से खराब हालत में खड़ी बोलेरो पिकअप वाहन से टकरा गया। युवक स्कूटी पर था। घायल अवस्था में युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिकअप वाहन रात में खराब हो गई थी। देर रात होने के कारण वाहन चालक ने साइड में पिकअप वाहन खड़ी की और वहां से चले गए थे। इसी वाहन से स्कूटी सवार युवक टकरा गया।

बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी के मकान पर चला बुलडोजर

भिलाई/नवप्रदेश। सोमवार को पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र में पुलिस और नगर निगम की टीम ने नाबालिग से दुष्कर्म मामले में गिरफ्तार आरोपी किशोर चौहान के अवैध मकान को बुलडोजर से गिरा दिया। ग्राम पुरैना में आरोपी और उसका परिवार शासकीय जमीन पर कब्जा जमा कर रहते थे। चेटा के खिलाफ एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म और मारपीट का आरोप है। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी और उसके परिजन ग्राम पुरैना में सरकारी जमीन पर अवैध रूप से मकान बनाकर रह रहे हैं। नगर निगम प्रशासन ने नियम के अनुसार उन्हें नोटिस जारी किया था और मकान खाली करने के निर्देश दिए थे। तय समय में मकान खाली नहीं किया गया। नोटिस की अनदेखी किए जाने के बाद सोमवार को प्रशासन के साथ नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और बुलडोजर की मदद से अवैध मकान को गिरा दिया गया। कार्रवाई शुरू करने से पहले मकान के अंदर रखे सामान को बाहर निकाला गया।

महंगाई बढ़ने पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

दुर्ग/नवप्रदेश। कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि के खिलाफ जिले के कांग्रेसियों ने चंडी मंदिर चौक पर केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, भिलाई कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बैनर-पोस्टर लेकर सिलेंडर के दामों की वृद्धि के खिलाफ केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। चंडी मंदिर से पांच कंडील चौक, जैन मंदिर से वापस चंडी मंदिर चौक पहुंचे कांग्रेसी सिलेंडर के दाम करने

नारेबाजी करते रहे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि मोदी सरकार ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाकर आम आदमी पर बोझ बढ़ा दिया है। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार आम आदमी का जीना दूभर कर रही है । कॉमर्शियल गैस के दाम पिछले 3 महीने में 1300 रुपए तक बढ़ाए गए हैं। होटल बंद होने लगे हैं। होटलों में खाना-नाश्ता की कीमत डेढ़ से 2 गुना बढ़ गई है। भाजपा ने 2014 में भाजपा सरकार बनने पर महंगाई कम करने का वादा किया था। पेट्रोल, डीजल, गैस के दाम कम करने की बजाय 3 गुना ज्यादा कर दिया गया। भिलाई शहर अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कहा भाजपा सरकार की आम जनता के प्रति कोई संवेदना, सहानुभूति नहीं है। महंगाई से देश की जनता त्रस्त हो गई है खाने-पीने की वस्तु और गैस के बढ़ते दामों ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। इसके विरोध में कांग्रेस सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ती रहेगी। प्रदर्शन में दीपक दुबे, देवेंद्र देशमुख, हृदय यादव, अल्ताफ अहमद, राजेश यादव, संजय कोहले, नासिर खोखर, सुशील भारद्वाज, लिखन साहू, अजय मिश्रा, गुरदीप भाटिया, आनंद ताम्रकार, मुकेश साहू, देव सिन्हा, दीपक जैन, संजू धनकर, राहुल शर्मा, कन्या ढीमर, रत्ना नारमदेव, खुर्शीद अहमद, संजय बत्रा मौजूद थे।

सांसद बघेल ने की रमाई फिल्म की सराहना

भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में निर्मित बॉलीवुड हिन्दी ऐतिहासिक फिल्म रमाई का प्रदर्शन आज चंद्रा मौर्या टॉकीज़ में सुबह 9 बजे किया गया। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल अपने सहयोगियों सहित कलाकारों के साथ रमाई फिल्म देखने पहुंचे। फिल्म में प्रमुख भूमिका में प्रेरणा धावड़े, डॉ. उदय, ओमकार दास मानिकपुरी (नत्था), रज़ा मुराद और विशेष भूमिका में निर्मला कृष्ण चौहान नजर आए। फिल्म के सह-निर्माता राजकुमार रामटेके, निर्देशक और लेखक कबीर दा, प्रोडक्शन हेड शैलेन्द्र भगत, आर्ट डायरेक्टर प्रवीण वासनिक हैं। संगीत और बैकग्राउंड म्यूजिक दिनेश अर्जुन द्वारा दिया गया है।

सांसद विजय बघेल ने फिल्म की सराहना करते हुए कहा कि यह फिल्म डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन पर आधारित है, जिसमें उनकी धर्मपत्नी रमाई (रामाबाई अम्बेडकर) के त्याग, संघर्ष और योगदान को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया है। किसी भी व्यक्ति के जीवन में सफलता के पीछे उसके जीवनसाथी का महत्वपूर्ण योगदान होता है, जिसे इस फिल्म में बखूबी प्रस्तुत किया गया है। फिल्म में दिखाया गया है कि रमाई जी ने कठिन परिस्थितियों में लकड़ी बेचकर अपने पति की शिक्षा के लिए धन जुटाया। डॉ. अम्बेडकर के बैरिस्टर बनकर विदेश से लौटने के बाद समाज सुधार के लिए किए गए उनके संघर्ष, बहिष्कृत समाज के अधिकारों के लिए आंदोलनों, तथा समानता और न्याय की लड़ाई को प्रभावी ढंग से चित्रित किया गया है।

फिल्म में 8 घंटे कार्य दिवस, महिला-पुरुष समान वेतन, पानी के अधिकार, स्वतंत्र मतदान की मांग जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों को भी उजागर किया गया है। सांसद बघेल ने कहा कि रमाई फिल्म समाज के हर वर्ग को देखने योग्य है, जो हमें त्याग, संघर्ष और समानता के मूल्यों की प्रेरणा देती है। उन्होंने फिल्म से जुड़े सभी कलाकारों एवं निर्माण दल को शुभकामनाएं दीं।

कलेक्टर ने किया आकस्मिक निरीक्षण, लीगेसी वेस्ट प्रबंधन की धीमी गति पर जताई नाराजगी

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्यों और व्यवस्थाओं का सूक्ष्म अवलोकन किया। अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर पोटियाकला वार्ड में लीगेसी वेस्ट प्रबंधन की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने पोटियाकला लीगेसी वेस्ट का कार्य तत्काल दोबारा प्रारंभ कर अगले 10 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण करने सख्त निर्देश दिये। पोटियाकला एसएलआरएम सेंटर में जमा कबाड़ के निराकरण हेतु ऑनलाइन ऑक्शन की प्रक्रिया शुरू करने और केंद्र के रुके कार्यों को तत्काल गति देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने शहर की यातायात व्यवस्था और अधोसंरचना को सुदृढ़ करने इंदिरा मार्केट मल्टीलेवल पार्किंग स्थल पहुँचे। वहां उन्होंने निर्माण स्थल के आसपास ठेले और गुमटियों को हटाने, पेड़ों की छंटाई करने और भूमि के समतलीकरण (लेवलिंग) का कार्य जल्द पूरा करने कहा, ताकि निर्माण कार्य में कोई बाधा न आए।

कलेक्टर ने सरस्वती नगर एएचपी का भी भ्रमण किया। उन्होंने नालियों की सफाई सुनिश्चित करने और निर्माण सामग्री को सड़कों से हटाने के निर्देश दिए। पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने उन्होंने बोर से सीधे ओवरहेड टैंक में पानी की सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए। उरला एसटीपी के संबंध में उन्होंने सीमांकन प्रतिवेदन तत्काल मंगवाने के निर्देश दिए ताकि प्रोजेक्ट की स्थिति स्पष्ट हो सके। कलेक्टर सिंह ने अधिकारियों को सचेत किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

शहरी स्लम स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लेने पहुंची महापौर अलका

■ मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना से बस्तियों में पहुंच रही मुफ्त चिकित्सा सुविधा

दुर्ग/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट बसों के माध्यम से शहर की स्लम बस्तियों में लगातार स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। आज वार्ड 2 राजीव नगर में आयोजित शिविर का निरीक्षण महापौर अलका बाघमार ने जनप्रतिनिधियों व निगम अमले के साथ किया। महापौर ने स्वयं ब्लड प्रेशर व शुगर टेस्ट कराया। डॉक्टरों से मरीजों को दी जा रही दवाइयों और उपचार की जानकारी ली। स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि स्लम बस्तियों में रहने वाले नागरिकों को उनके घर के पास निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही है। इस योजना के अंतर्गत प्रतिदिन अलग-अलग वार्डों में मोबाइल मेडिकल यूनिट बस के माध्यम से शिविर लगाकर स्वास्थ्य जांच की जा रही है। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से मरीजों के इलाज के साथ-साथ 41 प्रकार के लैब टेस्ट भी किए जाते हैं। प्रत्येक शिविर में औसतन 75 से अधिक मरीजों को लाभ मिल रहा है। इस दौरान एमआईसी सदस्य देवनारायण चन्द्राकर, लीना दिनेश देवांगन, गोविंद देवांगन, रंजीता पाटिल, ममता देवांगन, मनीष यादव उपस्थित रहे।

तीन राज्यों में जीत: विधायक ललित चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं संग मनाया जश्न, बांटी मिठाईयां

नमो-नितिन के नेतृत्व में प. बंगाल, असम और पुडुचेरी में खिला सुशासन का कमल

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा ने राष्ट्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन और प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आव्हान पर जनवरी से मई तक दुर्गापुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में निरंतर प्रवास कर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार-प्रसार किया। चुनाव संचालन पर बारीकी से नजर रखकर स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर बूथ मैनेजमेंट को मजबूत किया। छत्तीसगढ़ के प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय के सानिध्य में रहकर उन्होंने काम किया। जितेन्द्र ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और

पुडुचेरी में भाजपा की शानदार जीत यह बताती है कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास का संकल्प आज देश के हर कोने में जन-जन की आकांक्षाओं से जुड़ चुका है। चुनाव परिणाम केवल एक राजनीतिक जीत नहीं, बल्कि विकास, स्थिरता और पारदर्शिता के पक्ष में जनता का स्पष्ट जनादेश है। जितेन्द्र ने कहा कि इस ऐतिहासिक सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की संगठनात्मक क्षमता और प्रभावी रणनीति, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के समर्पित मार्गदर्शन को जाता है।

पीएम मोदी के विकास मॉडल की जीत : चंद्राकर

तीन राज्यों में भाजपा की शानदार जीत पर आज दुर्ग ग्रामीण विधायक छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने उतई बाजार चौक में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जश्न मनाया। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर बधाई व शुभकामनाएं दीं। चंद्राकर ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी की जनता ने बता दिया कि देश को भाजपा पर भरोसा है। भाजपा की यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास मॉडल की जीत है। जश्न के दौरान कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की। ढोल-नगाड़ों पर नृत्य करते हुए भारत माता की जय, जय भाजपा, तय भाजपा' के नारे लगाए। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू, चंदू देवांगन, शिव नारायण देशमुख, सोनू राजपूत, लक्ष्मी नारायण साहू, लता सोनवानी, नीलम गढ़े, सतीश चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सुशासन तिहार में सीएम विष्णुदेव साय का वनांचल दौरा

■ चौपाल में जनसंवाद, विकास कार्यों को मंजूरी

छुईखदान/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय छुईखदान जिले के वनांचल क्षेत्र ग्राम सरोधी (बकरकट्टा) का दौरा जनसंवाद और प्रशासनिक सक्रियता का एक सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया। मुख्यमंत्री ने गांव में चौपाल लगाकर सीधे ग्रामीणों से संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी आम नागरिक को परेशानी न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में शासन अब केवल दफ्तरों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संवेदनशीलता, सहभागिता और विश्वास पर आधारित एक जन-केंद्रित व्यवस्था बन चुका है। सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद ही प्रदेश के समग्र विकास की असली ताकत है। सुशासन तिहार के पहले ही दिन इस तरह के जमीनी दौरे ने ग्रामीणों के बीच विश्वास और उम्मीद को और मजबूत किया। चौपाल के दौरान मुख्यमंत्री ने वनांचल क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की और कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर सहमति जताई। इनमें सड़क, पुल-पुलिया निर्माण और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार से जुड़े कई बड़े कार्य शामिल हैं। प्रमुख प्रस्तावों में गंडई से बकरकट्टा तक 8 किमी सड़क चौड़ीकरण, तेन्दूभाठा से जोम ओटेबंध तक 4 किमी सड़क निर्माण (पुल-पुलिया सहित), साल्हेवारा-पण्डरापानी-समुन्दपानी मार्ग पर मगुरदा नाला में पुल निर्माण, बकरकट्टा में 108 एम्बुलेंस की स्वीकृति, कुम्ही से भोथली (मरकाटोला मार्ग) 8.50 किमी सड़क निर्माण, कोपरो-ग्वालगुंडी मार्ग पर दो बड़े पुल, बैगा साल्हेवारा मार्ग पर 80 मीटर पुल तथा बकरकट्टा से नवागांव तक 2.70 किमी सड़क नवीनीकरण शामिल हैं।

इसके अलावा सरोधी में मिडिल स्कूल भवन, ग्राम पंचायत भवन और पीडीएस भवन के निर्माण तथा बकरकट्टा में 33 केवी सब स्टेशन की स्थापना के प्रस्ताव पर भी सहमति बनी। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं सीधे मुख्यमंत्री के सामने रखीं, जिस पर उन्होंने अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान एक महत्वपूर्ण विषय छुईखदान की ट्रेजरी को लेकर भी सामने आया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने मुख्यमंत्री को एक लिखित आवेदन सौंपते हुए मांग की कि छुईखदान की ट्रेजरी को अन्यत्र स्थानांतरित न किया जाए, क्योंकि यह क्षेत्र ऐतिहासिक और भावनात्मक रूप से 'शहीद नगरी' के रूप में जाना जाता है। इस पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए आश्वासन दिया कि ट्रेजरी को छुईखदान से कहीं और नहीं ले जाया जाएगा और क्षेत्र की पहचान एवं जनभावनाओं का पूरा सम्मान किया जाएगा। सुशासन तिहार का यह आयोजन एक बार फिर यह संदेश देने में सफल रहा कि छत्तीसगढ़ सरकार जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को समझने और समाधान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

विक्रांत सिंह की सक्रिय भूमिका रही

कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह की सक्रिय भूमिका देखने को मिली, जिनकी अगुवाई में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल पहुंचे। साथ ही समाजसेवी एवं भाजपा नेता संदीप महोबिया, सुरेन्द्र तिवारी, शुभम विश्वास, अंकित महोबिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। गांव के लोगों की भी भारी भीड़ इस जनसंवाद कार्यक्रम में उमड़ी, जिससे कार्यक्रम का माहौल जनसहभागिता से परिपूर्ण नजर आया।

न्यूज गैलरी

कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 10 जून तक भरे फॉर्म

महासमुंद/नवप्रदेश। समग्र शिक्षा अंतर्गत जिले में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्रवेश फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 10 जून 2026 निर्धारित की गई है। जिला मिशन समन्वय समग्र शिक्षा श्री रेखराज शर्मा ने बताया कि कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सुनसुनिया (विकासखंड बागबाहरा) एवं लाखागढ़ (विकासखंड पिथौरा) में कक्षा 6वीं के लिए 32-32 सीटें रिक्त हैं। वहीं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बंसुला (विकासखंड बसना) में 30 सीटें उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि इन विद्यालयों में प्रवेश फॉर्म का वितरण 1 मई 2026 से संबंधित विद्यालयों में प्रारंभ हो चुका है। इच्छुक छात्राएं निर्धारित तिथि तक आवेदन जमा कर सकती हैं।प्रवेश प्रक्रिया में शाला त्यागी, अनाथ, एकल पालक, दिव्यांग, अल्पसंख्यक वर्ग, अनुसूचित जाति/जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के बीपीएल श्रेणी की बालिकाओं को शासन के नियमानुसार प्राथमिकता दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संबंधित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है।

प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए प्राक्क्यन परीक्षा 10 मई को

महासमुंद/नवप्रदेश। प्रदेश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट एवं एनडीए जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्क्यन परीक्षा का आयोजन 10 मई 2026 को किया जाएगा। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की प्रक्रिया 9 मई 2026 तक जारी रहेगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा दिवस पर प्रातः 09:30 बजे से 10 बजे तक ओएमआर शीट भरने का समय दिया जाएगा। इसके बाद परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र विभागीय वेबसाइट के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट अथवा जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

सहायक ग्रेड- 3 भर्तीः पात्र-अपात्र सूची जारी, 19 तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

महासमुंद/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग महासमुंद द्वारा सहायक ग्रेड-03 के नियमित रिक्त पदों की पूर्ति हेतु सीधी भर्ती के लिए आमंत्रित आवेदनों की जांच प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। विभाग द्वारा प्राप्त आवेदनों का परीक्षण करने के बाद चयन समिति ने पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी है। जारी सूची का अवलोकन महिला एवं बाल विकास विभाग महासमुंद के सूचना पटल पर किया जा सकता है। इसके साथ ही अभ्यर्थी जिला महासमुंद की आधिकारिक वेबसाइट पर भी सूची देख सकते हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टिक्केन्द्र जटवार ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों को जारी सूची के संबंध में कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करनी है, वे 19 मई 2026 को सायं 5:00 बजे तक स्पीड पोस्ट या पंजीकृत डाक के माध्यम से अपना आवेदन कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला महासमुंद के पते पर भेज सकते हैं।

किराना दुकान के सामने से बाइक चोरी, 20 दिन बाद मामला दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। शहर में बाइक चोरी का एक मामला सामने आया है, जिसमें घटना के करीब 20 दिन बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार अरंड निवासी खिलावन दीवान 16 अप्रैल को अपनी स्पलेंडर प्लस (सीजी 06 जीजेड 4935) से महासमुंद किराना सामान लेने आए थे। दोपहर करीब 12 बजे उन्होंने रेलवे स्टेशन रोड स्थित जगदंबा किराना स्टोर के पास अपनी बाइक खड़ी की और सामान लेने दुकान में चले गए। कुछ देर बाद वापस लौटने पर उनकी बाइक मौके से गायब थी। काफी तलाश के बाद भी बाइक का पता नहीं चल सका।

झालमुड़ी और रसगुल्ला बांटकर मनाया उत्सव, कार्यकर्ताओं ने जीत को जनता के विश्वास और विकास की जीत बताया

बंगाल में भाजपा की जीत का गरियाबंद में जश्न, तिरंगा चौक पर उमड़ा जनसैलाब

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडिचेरी में ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय स्थित तिरंगा चौक में भव्य विजय उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। पूरे क्षेत्र में ढोल-नगाड़ों की गूंज, आतिशबाजी और नारों के साथ जीत का जश्न मनाया गया।

कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध व्यंजन झालमुड़ी एवं रसगुल्ला खिलाकर बधाई दी। झालमुड़ी की विशेष व्यवस्था के कारण कार्यक्रम स्थल पर पश्चिम बंगाल संस्कृति की झलक देखने को मिली, जिससे माहौल पूरी तरह उत्सवमय हो गया, कार्यकर्ता इस ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाते नजर आए। जिला अध्यक्ष श्री अनिल चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि यह विजय जनता के अटूट विश्वास, पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों और कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा जनसेवा के प्रति समर्पित रही है और आगे भी सरकार द्वारा किए गए सभी वादों को प्राथमिकता के साथ प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा।

जिला महामंत्री आशीष शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि कार्यकर्ताओं की एकजुटता, संगठन के प्रति निष्ठा और निरंतर परिश्रम ने यह ऐतिहासिक सफलता दिलाई है। उन्होंने कहा कि पार्टी की विकासोन्मुखी सोच और पारदर्शी कार्यशैली पर जनता ने विश्वास जताया है, जो संगठन के लिए गर्व का विषय है। साथ ही उन्होंने कहा की पश्चिम बंगाल में जंगल राज का सफाया हो गया जिसका सकारात्मक परिणाम इस विजय के रूप में सामने आया है। जिला कोषाध्यक्ष अजय रोहरा ने कहा कि यह जीत पार्टी की सशक्त रणनीति, नेतृत्व की दूरदर्शिता और कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह विजय आने वाले समय में संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से लालिमा पारस ठाकूर,जिला पंचायत उपाध्यक्ष, ,सुरेंद्र सोनटेके,जिला मंत्री जिला प्रवक्ता पारस ठाकुर जिला मीडिया प्रभारी/ प्रवक्ता राधेश्याम सोनवानी, जिला प्रवक्ता शिंवानी चतुर्वेदी जीवन एस साहू पिछडावर्ग जिला मिडिया प्रभारी बलदेव सिंह हुंदल घनश्याम सिन्हा ,अनुप भोशले मंडल अध्यक्ष सुमित पारख ,धनराज विश्कर्मा नगर पंचायत उपाध्यक्ष आसिफ मेमन सागर मयानी प्रहलाद ठाकुर अमित बखरिया महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बिंदु सिन्हा ईश्वर वर्मा गोविंद तिवारी सरला ऊइके इतवारी देवांगन तरुण ठाकुर विष्णु मरकाम बिरेन्द्र साहू पुष्पक देवांगन पुरषोतम ध्रुव प्रशांत मानिकपुरी नन्दास्वामी वंशगोपाल सिन्हा रेणुका साहू पुष्पा साहू मधु देवांगन नेहा जान मंजरी गुप्ता अर्चना उपाध्यया मुकेश दासवानी शुभम संग अमित साहू विनोद नेताम अशोक सेन परमेश्वर सेन विनय दासवानी खोरबहरा चक्रधरी प्रतीक सिंह सहित बड़ी सख्या में पार्टी पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बंगाल से पुडुचेरी तक 'कमल' का परचम

मोदी नेतृत्व में विचारधारा की ऐतिहासिक विजयः चंद्रशेखर

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। पश्चिम बंगाल और असम राज्यों के साथ ही केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में भाजपा की सरकार बनने पर छत्तीसगढ़ के पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि इस जीत के वास्तविक नायक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के लाखों समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ ही मातृशक्तियां हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों को एक भरोसा दिलाया कि उनकी पार्टी की सरकार आने पर उनका राज्य विकास की मुख्यधारा से जुड़ेगा। वहीं कार्यकर्ताओं ने भीषण गर्मी में भी दिन-रात एक कर मोदी सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाकर लोगों को पक्का विश्वास दिलाया कि पीएम मोदी और भाजपा सरकार हैं तो विकास और सुशासन है।

यह जीत सिर्फ जीत नहीं बल्कि विचारधारा का विस्तार है श्री साहू ने कहा कि विशेषकर पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर बीजेपी मुख्यालय में आज गुलाल उड़ रहा है, लेकिन यह जश्न सिर्फजीत का नहीं है। यह उस संकल्प के पूरा होने का है, जो 1951 में डॉ. मुखर्जी ने लिया था। पहली बार बंगाल विधानसभा में मुख्यमंत्री की कुर्सी पर कोई 'कमल' का सिपाही बैठेगा। भाजपा के लिए यह जीत इसलिए भी बड़ी है, क्योंकि उन्होंने उस धरती पर अपनी सत्ता स्थापित की है, जहां से उनके वैचारिक पूर्वज ने भारत को एक नई दिशा देने का साहस किया था। यह जीत विपक्षी दलों को अहसास करा दिया कि भय और भ्रष्टाचार के साथ ही मजहब आधारित राजनीति के दिन अब पूरे हो चुके हैं। मातृशक्तियों द्वारा भाजपा को दिए आशीर्वाद को विपक्षियों को एक चेतावनी के रूप में लेना चाहिए कि महिला आरक्षण बिल गिराकर उन्होंने अपना कितना नुकसान कर लिया है। अंत में श्री साहू ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की जीत ने साबित कर दिया है।

तीन राज्यों की ऐतिहासिक जीत पर जश्न

नगरी में आतिशबाजी कर मनाया विजय उत्सव

नगरी/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी मंडल नगरी द्वारा पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडिचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर भव्य विजय उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर बजरंग चौक नगरी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर आतिशबाजी की, मिठाइयाँ बांटीं तथा एक-दूसरे को बधाई देकर खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व को इस ऐतिहासिक विजय का प्रमुख आधार बताया। वक्ताओं ने कहा कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने तीन राज्यों–पश्चिम बगल, असम और पांडिचेरी–में शानदार प्रदर्शन करते हुए पूर्ण बहुमत प्राप्त किया है, जो देशभर में भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता और जनता के विश्वास को दर्शाता है। भाजपा मंडल अध्यक्ष बलजीत छावड़ा ने कहा कि यह जीत केवल पार्टी की नहीं, बल्कि देश की जनता के विश्वास और विकास की राजनीति की जीत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रहा है और जनता भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों पर विश्वास जता रही है।

मोदी के चमत्कारिक नेतृत्व से भाजपा को मिली सफलताः देवांगन

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की प्रचंड जीत होने पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपाइयों ने जमकर जश्न मनाया। इस मौके पर युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन भी प्रदेश कार्यालय पहुंचे और जश्न में शामिल हुए। किशोर ने भाजपा की जीत पर कहा कि यह जनादेश तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार और भय की राजनीति पर विकास, सुशासन एवं राष्ट्रहित की निर्णायक विजय है, विशेषकर बंगाल की यह ऐतिहासिक जीत वहां के समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, त्याग और संकल्प का परिणाम है। इस जीत ने एक बार फिर साबित कर दिया कि देश पीएम मोदी पर भरोसा करता है। सही मायनों में कहा जाय तो इस जीत के वास्तविक शिल्पकार हमेशा की तरह पीएम मोदी ही हैं, जिनके सशक्त नेतृत्व व मार्गदर्शन में गृह मंत्री अमित शाह व राष्ट्रीय अध्यक्ष नितीन नबीन की जोड़ी के संयुक्त निर्देशन में पार्टी के लाखों देवतुल्य कर्मठ कार्यकर्ताओं ने इस जीत की नींव रखी। अगर यही क्रम जारी रहा तो वह दिन दूर नहीं जब भारत भाजपामय होगा । देवांगन ने आगे कहा कि भाजपा की जीत में मातृशक्तियों के योगदान को कमतर नहीं आंका जा सकता, जिन्होंने हर बार की तरह इस बार भी भाजपा को जमकर वोट दिया। खुद पीएम मोदी मातृशक्तियों के इस आशीर्वाद के लिए हर बार उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। निश्चित तौर पर भाजपा मातृशक्तियों की सदैव ऋणी रहेगी। देवांगन ने कहा कि पहली बार पश्चिम बंगाल में भगवा लहराना इस बात का संकेत है कि लेफ्ट, कांग्रेस और टीएमसी की नकारात्मक राजनीति से वहां की जनता आक्रोशित है और पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों पर चलने वाली भाजपा में अपना सुनहरा भविष्य देखती है। पीएम मोदी के मार्गदर्शन व नेतृत्व में पश्चिम बंगाल में बनने वाली भाजपा सरकार निश्चित तौर पर उनके इस विश्वास को बनाए रखते हुए उनका ऋण चुकाएगी।

बोर्ड परीक्षा में 10वीं-12वीं का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र मिले कलेक्टर से

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। कक्षा 10वीं और 12वीं दोनों के परिणाम संतोषजनक रहे हैं, जिससे शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं।

कक्षा 10वीं के लिए जिले से कुल 12,851 विद्यार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 12,663 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए।

इस कक्षा का कुल परीक्षा परिणाम 79.35 प्रतिशत दर्ज किया गया। वहीं कक्षा 12वीं में जिले से 10,664 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें से 10,579 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इस कक्षा का कुल परीक्षा परिणाम 80.89 प्रतिशत रहा। दोनों कक्षाओं के परिणामों को देखें तो 12वीं का प्रदर्शन 10वीं की तुलना में थोड़ा बेहतर रहा है। कुल मिलाकर जिले के विद्यार्थियों ने मेहनत और लगन से अच्छा प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की है।

खेल मैदान के पास अवैध शराब बेचते अधेड़ गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के पिथौरा क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक अधेड़ व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई खेल मैदान के पास की गई, जहां आरोपी खुलेआम शराब बेच रहा था।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि पिथौरा के खेल मैदान के आसपास एक व्यक्ति अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। घेराबंदी के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया।पूछताछ में उसने अपना नाम लोकनाथ जलक्षत्री (50 वर्ष), निवासी पिथौरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से गोवा अंग्रेजी शराब के 9 पौवा बरामद किए गए, जिन्हें वह बिना वैध अनुमति के बेच रहा था।

नशे में सोए युवक से मोबाइल और सोने की चेन पार, केस दर्ज

दो पर अपराध दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। शहर में चोरी की एक घटना सामने आई है, जहां नशे में सो रहे युवक के पास से मोबाइल, नकदी और सोने की चेन पार कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। वार्ड नंबर 24 कुम्हारपारा निवासी चंद्रप्रकाश चंद्राकर ने पुलिस को बताया कि 30 अप्रैल की सुबह वह घर से निकला था और अपने साथी आशीष के साथ पिटियाझर नई मंडी क्षेत्र में शराब पीने बैठा था। कुछ देर बाद आशीष किसी काम से वहां से चला गया, जबकि वह अकेला ही बैठा रहा। शराब के नशे में वह वहीं सो गया। दोपहर करीब 12 बजे जब उसकी नींद खुली तो उसकी जेब से मोबाइल, 300 रुपए नकद और सोने की चेन गायब थे। आसपास पूछताछ करने पर उसे जानकारी मिली कि सुभाष नगर निवासी गणेश जगत, वीर कुमार और अन्य लोगों ने मिलकर उसके सामान की चोरी की है। मामले की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वनोपजः 75 समितियों के 69 लॉट में क्रेता नियुक्त, 1.18 लाख संग्रहक परिवारों का पंजीयन

तेंदूपत्ता संग्रहण शुरू, 91,300 मानक बोरा का लक्ष्य निर्धारित

4 मई तक 13,814 मानक बोरा संग्रहित

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित महासमुंद द्वारा तेंदूपत्ता संग्रहण वर्ष 2026 के लिए 91,300 मानक बोरा का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिले में संचालित 75 प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों के कुल 69 लॉट हेतु अग्रिम रूप से क्रेताओं की नियुक्ति कर दी गई है, जिससे संग्रहण कार्य को व्यवस्थित रूप से संचालित किया जा सके।

संग्रहण कार्य प्रारंभ होने से पूर्व श्रमिकों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से 23 फरवरी से 27 फरवरी 2026 तक वन परिक्षेत्रों एवं जिला यूनियन स्तर पर शाखा कर्तन प्रशिक्षण एवं कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इसके बाद 5 मार्च से 15 मार्च 2026 तक प्राथमिक समितियों के अंतर्गत कुल 786 फड़ों में शाखा कर्तन कार्य पूर्ण कराया गया।

पिछले पांच वर्षों के औसत संग्रहण के आधार पर 77,341.527 मानक बोरा के संग्रहण पर प्रति मानक बोरा 70 रुपये की दर से कुल 54,13,907 रुपये की राशि प्राप्त हुई थी, जिसे प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों के चालू खातों में स्थानांतरित कर दिया गया है।

तेंदूपत्ता सीजन 2026 के लिए जिले के 1,18,646 संग्रहक परिवारों का ऑनलाइन पंजीयन पेमेंट सॉफ्टवेयर में किया गया है। संग्रहण कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु विभागीय मैदानी अमला, जोनल अधिकारी, पोषक अधिकारी, फड़ अभिरक्षक एवं फड़ मुंशी की नियुक्ति भी की जा चुकी है।

30 अप्रैल 2026 को जिला लघु वनोपज सहकारी संघ महासमुंद में आयोजित कार्यशाला में लिए गए निर्णय के अनुसार 3 मई 2026 से तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। 4 मई 2026 की स्थिति में वन परिक्षेत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 13,814.570 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण हो चुका है, जिसकी कुल राशि 7,59,80,135 रुपये आंकी गई है।

इस संग्रहण कार्य के तहत लगभग 44,900 संग्रहक परिवारों को पारिश्रमिक भुगतान किया जाना है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक सशक्तिकरण को बल मिलेगा। प्रशासन द्वारा संग्रहण कार्य को पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पूरा कराने के लिए सतत निगरानी की जा रही है।

समाजसेवी मंगल सिंह चावला ने नगर पालिका को भेंट किया वाटर कूलर

महासमुंद/नवप्रदेश। भीषण गर्मी के बीच नगर पालिका आने-जाने वाले नागरिकों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से समाजसेवी मंगल सिंह चावला ने एक सराहनीय पहल की है। उन्होंने लगभग 35,000 रुपए की लागत से एक वाटर कूलर नगर पालिका को भेंट किया, जिससे अब यहां आने वाले लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

गर्मी के इस मौसम में जहां तापमान लगातार बढ़ रहा है, वहीं इस प्रकार की जनहितकारी पहल आमजन के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है। नगर पालिका परिसर में लगाए गए इस वाटर कूलर से प्रतिदिन सैकड़ों लोगों को ठंडा पानी मिल सकेगा, जिससे उन्हें गर्मी से राहत मिलेगी।नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने समाजसेवी मंगल सिंह चावला के इस सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्य समाज के अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल से समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिलता है।

न्यूज गैलरी

पश्चिम बंगाल ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि दी है: महापौर मधुसूदन यादव

राजनांदगांव दैनिक नव प्रदेश । पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भाजपा की जीत से प्रफुल्लित होकर महापौर मधुसूदन यादव ने पश्चिम बंगाल की जनता का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए उन्हें

धन्यवाद प्रेषित किया है। महापौर ने इस ऐतिहासिक जीत के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी, गृहमंत्री अमित शाह जी एवं उत्तरप्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ जी एवं उनकी पूरी टीम के अथक परिश्रम, निपुण रणनीति, और गत वर्षो में बंगाल की गली-गली में, जान हथेली पर लेकर, राष्ट्रप्रेम एवं राष्ट्रप्रथम की भावना का प्रचार-प्रसार करते घूम रहे, संघ एवं भाजपा के सैकड़ों अज्ञात कार्यकर्ताओं के परिश्रम एवं बलिदान को प्रणाम किया। अपने वक्तव्य में महापौर ने डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मभूमि एवं उनके दूरदृष्टा सोच का उल्लेख करते हुए कहा कि कश्मीर को लेकर ''एक विधान, एक निशान, एक प्रधान'' की परिकल्पना को साकार करने के जिस उद्देश्य के लिये डा0 मुखर्जी ने अपना बलिदान दिया, उनके उसी सपने को तोड़ने की तैयारी पश्चिम बंगाल में ममता दीदी कर रही थी, किन्तु धन्य है बंगाल की जनता, जिन्होंने राज्य में भाजपा की सरकार बनाकर, डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि दी है।पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत को कई मायनों में एतिहासिक बताया है। उन्होंने कहा है कि भाजपा ने पश्चिम बंगाल में पहली बार सरकार बनाने में सफलता प्राप्त की है।

प्रधानमंत्री आवास से साकार हुआ सपना, मुख्यमंत्री ने कराया गृह प्रवेश

कवर्धा / नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के ग्राम लोखान में आज एक अत्यंत भावनात्मक, आत्मीय और जनसरोकारों से जुड़ा दृश्य देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने एक सामान्य ग्रामीण के सादे निमंत्रण को न केवल स्वीकार किया, बल्कि उसे अपने व्यवहार से एक यादगार क्षण में परिवर्तित कर दिया। गांव में उनके आगमन से जहां उत्साह और जिज्ञासा का माहौल बना हुआ था, वहीं इस पूरे घटनाक्रम ने शासन और आमजन के बीच के आत्मीय संबंधों को भी जीवंत रूप में सामने रखा।ग्राम लोखान निवासी मोहन मरावी के नए पक्के घर का आज गृह प्रवेश कार्यक्रम था। जैसे ही उन्हें यह जानकारी मिली कि मुख्यमंत्री गांव के दौरे पर हैं, वे बिना देर किए सीधे उनके पास पहुंचे और अपने घर आने का न्योता दे दिया। यह एक ग्रामीण का असाधारण प्रेम भरा अनुरोध था, जिसे मुख्यमंत्री ने उसी सहजता और विनम्रता के साथ स्वीकार किया और उनके घर पहुंचकर इस अवसर को विशेष बना दिया।मुख्यमंत्री के मोहन मरावी के घर पहुंचते ही वहां एक आत्मीय और पारिवारिक वातावरण बन गया। उन्होंने बिना किसी औपचारिकता के पूरे स्नेह और अपनत्व के साथ नारियल फोड़ा, दीप प्रज्वलित किया और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ गृह प्रवेश की रस्म संपन्न कराई। इस दौरान परिवार के सदस्यों के चेहरे पर जो संतोष, गर्व और खुशी झलक रही थी, वह इस बात का प्रतीक थी कि उनके सपनों का घर अब साकार हो चुका है। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने भी इस क्षण को उत्साहपूर्वक देखा और मुख्यमंत्री की सादगीपूर्ण शैली की सराहना की।

निर्माण स्थल पर मुख्यमंत्री का श्रमदान श्रमिक बहनों के साथ की ईंट जोड़ाई

कवर्धा (नवप्रदेश)। सुशासन तिहार के तहत प्रदेशभर में चल रहे औचक निरीक्षण और जनसंवाद के क्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कबीरधाम जिले के ग्राम लोखन में एक ऐसा अनुभव साझा किया, जिसने सुशासन के ध्येय को और अधिक जीवंत बना दिया। निर्माणाधीन पंचायत भवन के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने केवल औपचारिक समीक्षा तक खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्होंने उस प्रक्रिया का हिस्सा बनना चुना, जो आमजन के जीवन को सीधे प्रभावित करती है। उनके इस व्यवहार ने यह स्पष्ट कर दिया कि सुशासन केवल नीति और कागजों तक सीमित नहीं, बल्कि जमीन पर उतरकर उसे महसूस करने और जीने की प्रक्रिया है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने 'रानी मिस्त्री' के रूप में कार्य कर रहीं श्रमिक बहनों के बीच जाकर कुछ समय उनके साथ ईंट जोड़ाई में हाथ बँटाया। इसी दौरान श्रमिक बहन संगीता ने पूरे आत्मीय अधिकार और सहजता के साथ मुस्कुराते हुए मुख्यमंत्री से कहा - ÷ईंट जोड़ाई अच्छे से करिए, मसाला बढ़िया से डालिए।÷ यह संवाद एक सामान्य वाक्य से कहीं अधिक थाय इसमें वह विश्वास झलकता है, जो आज सरकार और जनता के बीच विकसित हो रहा है। यह वह स्थिति है, जहाँ आम नागरिक बिना झिझक अपनी बात रखता है और नेतृत्व उसे उसी सहजता से स्वीकार करता है।

ग्राम बरोली में तीन दिवसीय रामायण कथा ने बांधा भक्ति का समां

महासमुंद / नवप्रदेश। जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरोली में 30 अप्रैल से 03 मई तक आयोजित तीन दिवसीय श्री रामायण कथा एवं मानस गायन कार्यक्रम ने पूरे क्षेत्र को भक्ति और आस्था के रंग में सराबोर कर दिया। इस पावन आयोजन में विभिन्न मानस मंडलियों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भगवान श्रीराम तथा संकट मोचन हनुमान जी की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।इस अवसर पर जनपद पंचायत बसना के सभापति एवं अंकोरी क्षेत्र के जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामवासियों से आत्मीय संवाद कर उनका कुशलक्षेम जाना और इस भव्य आयोजन के लिए आयोजकों एवं ग्रामीणों की सराहना की।श्री सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्श हमें सत्य, मर्यादा, त्याग और कर्तव्य पालन की प्रेरणा देते हैं। उनके जीवन से समाज में सद्भाव, सेवा और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने की सीख मिलती है। कार्यक्रम में जनपद सदस्य प्रतिनिधि शशिकांत साव, विजय पटेल, सुजीत दास, मुकेश साव, मनोज साव, भूपेश साव, भुवन साव, नरोत्तम साव, देव साव, टंकेश्वर साव, उमेश साव, राजेन्द्र साहू, जीवन साव, अजय साव, विकास साव, जीतू साव, सोनू साव, हीराराम पटेल, विजय साव एवं प्रहलाद साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

महिला आरक्षण तत्काल लागू करने की मांग को लेकर महिला कांग्रेस का पोस्टकार्ड अभियान तेज

धरसीवां / कूंरा / नवप्रदेश। धरसीवा विधानसभा क्षेत्र में महिला अधिकारों को लेकर एक सशक्त और संगठित आवाज़ सामने आई है। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण की महामंत्री एवं पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती नीतू साहू के नेतृत्व में महिला कांग्रेस की बहनों ने प्रधानमंत्री के नाम पोस्टकार्ड लिखकर महिला आरक्षण को तत्काल प्रभाव से लागू करने की मांग की है। इस अभियान के माध्यम से महिलाओं ने स्पष्ट संदेश दिया है कि देश की आधी आबादी को अब और प्रतीक्षा में नहीं रखा जा सकता। लंबे समय से लंबित महिला आरक्षण बिल को लागू करना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है, और इसमें विशेष रूप से अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की महिलाओं को भी आरक्षण के दायरे में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि सामाजिक न्याय की अवधारणा को पूर्ण रूप से साकार किया जा सके।

निशुल्क समर कोचिंग क्लास साहू समाज की शानदार पहल

■ **पुस्तक दान कर शिक्षा क्षेत्र में बच्चों को आगे बढ़ाएं**

धमतरी /नवप्रदेश। रविवार को तहसील साहू समाज धमतरी शहर की बैठक साहू छात्रावास बांसपारा धमतरी में आहूत की गई थी एवं विभिन्न विषयों पर चर्चा परिचर्चा की गई। जिसमें जिला साहू समाज के अध्यक्ष श्री गणेश राम साहू, महासचिव श्री विजय साहू ,उपाध्यक्ष श्री लीला राम साहू, कोषाध्यक्ष श्री संतराम साहू ,सचिव श्री कमलेश कांत साहू ,व्यापारी प्रकोष्ठ संयोजक श्री सीमंत साहू, श्री अमृतलाल साहू, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष संयोजक डॉ गणेश प्रसाद साहू , शहर तहसील अध्यक्ष श्रीमती चंद्रभागा साहू ,उपाध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू ,संरक्षक गोपी किशन साहू, मदन साहू ,कोमल साहू, बंसी साहू ,विजय साहू ,रामेश्वर साहू तथा वार्ड एवं परिक्षेत्र अध्यक्ष गण व तहसील पदाधिकारी गण उपस्थित थे जिसमें समर कैंप निःशुल्क कोचिंग क्लास में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को भेजने हेतु सहमति व सुझाव दिया। इस कोचिंग क्लास में सभी समाज के विद्यार्थी जो नवमी से 12वीं तक अध्यनरत हैं शामिल हो सकते हैं तथा जो प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं वे सभी भी शामिल हो सकते हैं प्रातः 8:00 बजे से 11:00 बजे तक यह क्लास चलता है जिसमें अलग-अलग विषयों के विशेषज्ञ आकर जानकारी प्रदान करते हैं ।

यह कोचिंग क्लास सभी समाज के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क है। आप सभी आदरणीय जन अपने-अपने वार्ड या परिक्षेत्र के बच्चों को जरूर भेजें ताकि हमारे समाज के विद्यार्थी भी शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना सके ।कर्मचारी प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ गणेश प्रसाद साहू के द्वारा नौ पुस्तकों को लाइब्रेरी में रखने हेतु अध्यक्ष एवं पदाधिकारीयों को सौपा गया ताकि अन्य विद्यार्थी भी उस पुस्तक से लाभ प्राप्त कर सके तथा अन्य अन्य सामाजिक बंधुओ से भी अपील की गई कि वे पुस्तकों का दान अवश्य करें।

संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को एक-तिहाई आरक्षण तुरंत लागू किया जाए

महिला आरक्षण पर भाजपा कर रही राजनीति कांग्रेस ने कहा- यह छल, निंदा प्रस्ताव पारित

कवर्धा / नवप्रदेश नगर पालिका परिषद के कांग्रेस पार्षद दल की बैठक में आज भाजपा की झूठ, धोखे और महिला विरोधी मानसिकता के खिलाफ जोरदार हमला बोलते हुए सर्वसम्मति से कड़ा निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में साफकहा गया कि भाजपा महिला आरक्षण के नाम पर देश की महिलाओं के साथ सबसे बड़ा राजनीतिक छल कर रही है।

कांग्रेस पार्षद दल ने एक स्वर में मांग की कि संसद और सभी विधानसभाओं में महिलाओं को एक-तिहाई आरक्षण तुरंत लागू किया जाए, और इसके लिए जनगणना व परिसीमन का बहाना बनाकर महिलाओं के अधिकारों को लटकाना बंद किया जाए।

वॉर्ड क्रमांक 16 की पार्षद रूबी सिंह द्वारा लाए गए प्रस्ताव

पर बोलते हुए पार्षदों ने भाजपा को सीधे-सीधे झूठ की फैक्ट्री करार दिया। पार्षदों ने कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा यह कहना कि कांग्रेस ने महिला आरक्षण बिल रोका, यह सफेद झूठ है। हकीकत यह है कि 2023 में महिला आरक्षण विधेयक लोकसभा और राज्यसभा से सर्वसम्मति से पास होकर कानून बन चुका है, लेकिन भाजपा सरकार जानबूझकर इसे लागू नहीं कर रही।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि भाजपा को महिलाओं के अधिकार से कोई लेना-देना नहीं है, इन्हें सिर्फ वोट चाहिए। अगर नीयत साफहोती तो कानून बनने के बाद अब तक आरक्षण लागू हो चुका होता। भाजपा सिर्फ झूठ बोलकर महिलाओं को ठग रही है।

शहर अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा-महिला सशक्तिकरण का ढोंग करने वाली भाजपा की असलियत अब जनता के सामने आ चुकी है। ये सरकार सिर्फ जुमले देती है, अधिकार देने से भागती है।

ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी ने कहा मोदी सरकार सच से डरती है, इसलिए झूठ का सहारा लेती है। महिला आरक्षण पर भाजपा का हर बयान जनता को गुमराह करने की साजिश है।

नेता प्रतिपक्ष भीखम कोशले ने सीधा हमला बोलते हुए कहा भाजपा महिलाओं को उनका हक देने से भाग रही है। ये सरकार अधिकार नहीं, सिर्फधोखा देती है। महिलाओं के नाम पर राजनीति बंद करे भाजपा।कांग्रेस पार्षद दल ने भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर महिला आरक्षण को तत्काल लागू नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक उग्र आंदोलन छेड़ेगी और भाजपा के हर झूठ को जनता के बीच बेनकाब करेगी।

आईपीएल टिकट घोटाला: रायपुर में खुली कालाबाजारी, शिवसेना का कड़ा विरोध

राजनंदगांव /नव प्रदेश। रायपुर में 10 एवं 13 मई को होने वाले आईपीएल मैचों के टिकटों की बिक्री में भारी अनियमितता और सुनियोजित कालाबाजारी का मामला सामने आया है। 3 मई को टिकट काउंटर खुलने के मात्र 10 मिनट में टिकट खत्म होने की घोषणा ने पूरे सिस्टम पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, बड़ी संख्या में टिकट पहले ही दलालों और बिचौलियों को उपलब्ध करा दिए गए, जिसके बाद अब वही टिकट 8 से 10 गुना अधिक कीमत पर खुलेआम बेचे जा रहे हैं। इससे आम क्रिकेट प्रेमियों में भारी आक्रोश है, जिसका असर राजनंदगांव सहित पूरे क्षेत्र में देखा जा रहा है।शिवसेना के प्रदेश सचिव कमल सोनी ने इसे प्रशासन की घोर लापरवाही और संभावित मिलीभगत बताते हुए कहा कि यह आम जनता के अधिकारों का सीधा हनन है और खेल की

गरिमा पर भी गंभीर आघात है।

पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच-कालाबाजारी में शामिल दलालों व जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई पारदर्शी एवं नियंत्रित ऑनलाइन टिकट व्यवस्था लागू हो। शिवसेना प्रदेश सचिव ने टिकिट कालाबाजारी के विषय मे चेतावनी दी है कि यदि इस गंभीर विषय पर शीघ्र एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो पार्टी जनहित में उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन एवं आयोजकों की होगी। अंत में उन्होंने कहा कि आम नागरिकों के अधिकारों का हनन किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में भारी बढ़ोतरी पर कांग्रेस का हल्लाबोल

■ **विधायक द्वारकाधीश यादव के नेतृत्व में सड़कों पर उतरे सैकड़ों कार्यकर्ता**

■ **रिक्शे पर सिलेंडर रखकर निकाली विरोध रैली**

महासमुंद /नव प्रदेश।। कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में एकमुश्त ?1000 की वृद्धि और लगातार बढ़ती महंगाई के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद ने सोमवार को जोरदार प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव के नेतृत्व में आयोजित इस आंदोलन में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और

केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने अनोखे तरीके से विरोध दर्ज कराते हुए रिक्शे पर खाली गैस सिलेंडर लादकर रैली निकाली और सिलेंडरों को माला पहनाकर महंगाई के खिलाफ प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया। रैली स्थानीय कांग्रेस भवन से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए आम जनता का ध्यान आकर्षित करती रही।

महंगाई ने तोड़ी आम जनता की कमर

इस मौके पर विधायक द्वारकाधीश यादव ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि गैस सिलेंडर की कीमतों में एकमुश्त 1000 की बढ़ोतरी आम जनता के साथ अन्याय है।

पश्चिम बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत पर कवर्धा विधायक कार्यालय में जश्न

■ **कार्यकर्ताओं ने रश्मि विजय शर्मा के साथ झालमुड़ी खाकर खुशियां मनाई**

कवर्धा / नवप्रदेश। विधायक कार्यालय में पूर्व जिला पंचायत सदस्य व स्थानीय विधायक विजय शर्मा की धर्म पत्नी श्रीमती रश्मि विजय शर्मा ने इस अभूतपूर्व विजय उल्लास के अवसर पर बंगाल की संस्कृति की परिचायक झालमुड़ी के साथ साथी कार्यकर्ताओं के मिलकर खुशियां मनायी। विदित होकि कवर्धा के स्थानीय विधायक व राज्य के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा जी को पश्चिम बंगाल के इस चुनाव में विशेष दायित्व सौंपा गया था जिसमे वे शत प्रतिशत खरे उतरे

भाजपा समर्थकों ने विधायक कार्यालय में ढोल-नगाड़ों की धुन, देशभक्ति के नारों और आतिशबाजी के साथ पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया गया।

इस अवसर पर श्रीमती रश्मि विजय शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं को झालमुड़ी और मिठाई खिलाकर बधाई दी और कहा कि यह जीत देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दूरदर्शी नेतृत्व, संगठन की सुदृढ़ रणनीति और जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों, सुशासन और जनहितकारी योजनाओं पर जनता ने एक बार फिर मुहर लगाई है।

प्रोविडेंस इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल नगरी का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

नगरी / नवप्रदेश।प्रोविडेंस इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल नगरी का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यार्थियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से न केवल विद्यालय परिवार बल्कि पूरे समाज का नाम रोशन किया है। कक्षा नर्सरी से प्रथम स्थान रियांशी कंवर, द्वितीय युक्ति निषाद, तृतीय नेत्रांश ध्रुव और ग्रीशा साहू। चत्त1 से प्रथम स्थान पाखी पटेल, द्वितीय मान्या जलधर और पूर्विका श्रीमाली,तृतीय छाया साहू और महेक धृतलहरे। चत्त2 से प्रथम लक्ष्य सेन, द्वितीय पूर्वी साहू, तृतीय अक्षत मानिकपुरी, नूर आशिया परवीन और नितिन पटेल। कक्षा 1ह्महृ से प्रथम स्थान हर्षिता वर्मा, द्वितीय दीक्षा नेताम, तृतीय मानवी साहू। कक्षा 2ठ्ठस्र से प्रथम स्थान लक्ष्यदीप, द्वितीय नेहा भारती, तृतीय हर्षित पटेल। कक्षा 3ह्म्स्र से प्रथम स्थान कोनिका साहू, द्वितीय वंश साहू, तृतीय मोक्ष सेन। कक्षा 4th से प्रथम स्थान टिशा साहू, द्वितीय मानव कश्यप ।

नगरी में राहगीरों के लिए शीतल जल सेवा शुरू

नगरी / नवप्रदेश। भीषण गर्मी के इस मौसम में राहगीरों एवं आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से व्यापारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ के मार्गदर्शन में व्यापारी प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज नगरी द्वारा मटकी में शीतल पेयजल उपलब्ध कराने की सराहनीय पहल की गई है। नगर के प्रमुख स्थानों पर मटकी में ठंडा एवं स्वच्छ पानी रखकर लोगों को निःशुल्क जल सेवा प्रदान करने का कार्य प्रारंभ किया गया। इस सेवा कार्य का शुभारंभ तहसील साहू समाज नगरी के अध्यक्ष जन्मजय साहू, उपाध्यक्ष हरीश साहू एवं सचिव भूषण साहू द्वारा विधिवत रूप से किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गर्मी के

दिनों में राह चलते लोगों, मजदूरों, बुजुर्गों एवं जरूरतमंदों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना एक पुण्य कार्य है। समाज सेवा ही मानवता की सच्ची पहचान है और इसी भावना के साथ यह पहल शुरू की गई है।उन्होंने बताया कि व्यापारी प्रकोष्ठ सदैव सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाता रहा है। गर्मी के बढ़ते तापमान को देखते हुए लोगों को राहत देने के लिए यह जल सेवा अभियान निरंतर जारी रहेगा। नगरवासियों ने भी इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए इसे जनहित में अत्यंत उपयोगी कदम बताया। इस अवसर पर समाज के अनेक पदाधिकारी, सदस्य एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने इस पुनीत कार्य में सहयोग देने का संकल्प लिया तथा भविष्य में भी ऐसे जनसेवा कार्यों को आगे बढ़ाने की बात कही। साहू समाज की इस पहल से नगर में सेवा, सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी का एक सकारात्मक संदेश प्रसारित हो रहा है।

कार्यक्रम: बच्चों के समग्र विकास, देखभाल और प्रारंभिक शिक्षा को प्रोत्साहित करना उद्देश्य

लईका घर संगवारी तिहार वार्षिक उत्सव का आयोजन

नगरी / नवप्रदेश। नगरी विकासखंड के अंतर्गत संचालित लईका घर के वार्षिक उत्सव संगवारी तिहार का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ बेलरगांव के स्कूल प्रांगण में संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम अजीम प्रेमजी फाउंडेशन एवं लोक आस्था सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों के समग्र विकास, देखभाल एवं प्रारंभिक शिक्षा को प्रोत्साहित करना तथा इस दिशा में कार्यरत देखभाल कार्यकर्ताओ के समर्पण एवं योगदान को सम्मानित करना था।

इस अवसर पर देखभाल

कार्यकर्ताओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्होंने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान समर्पित कार्यकर्ताओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर यह विशेष रूप से उल्लेख किया गया कि कार्यकर्ता ही इस पहल की नींव हैं, जिनके निरंतर प्रयासों के बिना इस कार्यक्रम की सफलता संभव नहीं हो पाती।

कार्यक्रम में विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें प्रमुख रूप से गरिमा नेताम (जिला पंचायत सदस्य), शिवनाथ मरकाम एवं पनलाल मरकाम (जनपद सदस्य), हुमित कुमार लिमजा (मंडल अध्यक्ष), इंदुमति मरकाम एवं रजनी नेताम (सरपंच), नीलाम्बर नागवंशी, गजेन्द्र मण्डावी एवं कमितला धुर्व (सरपंचगण), आर. के. देवांगन (उप-प्राचार्य, सेकेंडरी हाई स्कूल),

सुश्री लता नेताम (मुख्य कार्यकारिणी एवं सचिव) एवं श्री हेमनारायण मणिपुरी (अध्यक्ष, लोक आस्था सेवा संस्थान), नीलम खलखो (प्रोग्राम मैनेजर, क्रेच प्रोजेक्ट, नगरी), सदानंद जी एवं श्री रिंकश जी (अजीम प्रेमजी फाउंडेशन), अजीत मोहन चौधरी (मोबाइल क्रेच), कोमल गुप्ता (अवनिति), अनीता साहू (आंगनवाड़ी सुपरवाइजर) शामिल रहे।इसके अतिरिक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं समुदाय के सदस्यों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक एवं स्थानीय समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

सभी ने ÷लईका घर÷ पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी सहयोग का आश्वासन दिया।अंत में, आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

एक माह के नवजात का मुख्यमंत्री ने किया नामकरण

कवर्धा।। सुशासन तिहार के अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कबीरधाम जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा बाहुल्य ग्राम कमराखोल (ग्राम पंचायत लोखान) में आगमन एक आत्मीय और भावनात्मक प्रसंग का साक्षी बना। आम के पेड़ की छांव में खाट पर बैठकर जब मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों के साथ चैपाल लगाई, तो वहां का वातावरण पूरी तरह से अपनत्व और विश्वास से भर गया। शासन और जनता के बीच की दूरी इस सहज संवाद में पूरी तरह समाप्त होती नजर आई।इसी दौरान ग्राम की निवासी श्रीमती ऋषि बघेल अपने एक माह के नवजात शिशु को गोद में लेकर मुख्यमंत्री के पास पहुंचीं और अत्यंत विनम्रता से अपने पुत्र का नामकरण करने का आग्रह किया।

न्यूज गैलरी

भटगांव पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अपने घर में गौ मांस रखे 3 आरोपी गिरफ्तार

भटगांव/नवप्रदेश। भटगांव थाना प्रभारी शिवकुमार धारी की नेतृत्व में एक बार फिर से गौमांस रखने वाले पर कार्यवाही किया गया है। जहां विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी ओमप्रकश साहू साकिन गोढियारी के द्वारा फोन से सूचना प्राप्त हुआ कि कालेज भांठा भटगांव के पास कुछ व्यक्ती गौवंश की हत्या कर उसके मांस को खाने के लिए अपने घर मे रखे हैं कि सूचना तस्दीक पर अग्रिम कार्यवाही हेतु थाना भटगांव पुलिस रवाना होकर कालेज भांठा भटगांव पहुंच कर प्रार्थी ओम प्रकाश साहू से मिलकर घटना के संबंध में जानकारी लिया गया संदेही आरोपी (1) मिलाराम राजेत्री पिता ठाकुर राम राजेत्री उम्र 36 वर्ष (2)अनिल कुमार राजेत्री पिता ठाकुरराम (3) रामरतन राजेत्री पिता राजेश राजेत्री उम्र 30 वर्ष सभी साकीनान वार्ड क्रमांक 4 कॉलेजभाटा भटगांव थाना भटगांव जिला सारंगढ़ को प्रार्थी एवं बजरंग दल के सदस्यों के समक्ष तलब कर मौखिक पूछताछ बाद गवाहो को तलब कर आरोपीगण के कब्जे से जुमला 10.540 किलो ग्राम गौ मांस को जप्त कर प्रार्थी के शिकायत आवेदन पर मौके पर धारा 4,5,10 छ.ग. कृषिक पशु परिरक्षण अधि. 2004 का घटित होना पाये जाने से आरोपीगणों के विरूध्द अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया तथा आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जहां न्यायलय द्वारा न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।वहीं इन संपूर्ण कार्यवाही में उप. निरी.शिव कुमार धारी, एएसआई बलीराम निराला, प्र.आर. श्रवण बरिहा, आर. खेलावन बघेल, राहुल खूंटे एवं समस्त थाना स्टाफका विशेष योगदान रहा

पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक जीत पर प्रदेश अध्यक्ष सिंह देव से भेंट कर दी बधाई

धरसीवां / कूंरां /नवप्रदेश। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर प्रदेश भाजपा कार्यालय, कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा ओबीसी मोर्चा, छत्तीसगढ़ के प्रदेश महामंत्री आशोक सिन्हा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण सिंह देव जी से सौजन्य भेंट कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आशोक सिन्हा ने कहा कि यह ऐतिहासिक विजय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व, संगठन की मजबूत रणनीति एवं कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है। यह जीत देश की जनता के विश्वास, विकास और सुशासन की जीत है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों को जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है, जिससे देश लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर है। इस दौरान भाजपा छत्तीसगढ़ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

समाधान समारोह: आमजन को मिलेगा सस्ता, त्वरित और सरल न्याय

■ अगस्त में विशेष लोक अदालत के जरिए होगा मामलों का निपटारा

महासमुंद/नवप्रदेश। न्याय को आम नागरिकों के लिए सरल, सुलभ और त्वरित बनाने की दिशा में भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ÷समाधान समारोह अर्थात विशेष लोक अदालत 2026÷ की अभिनव पहल शुरू की गई है। यह राष्ट्रीय स्तर का अभियान 21 अप्रैल 2026 से प्रारंभ हो चुका है, जिसका समापन 21, 22 और 23 अगस्त 2026 को आयोजित विशेष लोक अदालत के साथ होगा। विशेष लोक अदालत का आयोजन नई दिल्ली स्थित सर्वोच्च न्यायालय परिसर में किया जाएगा, जहां लंबित उपयुक्त मामलों का आपसी सहमति और सुलह के माध्यम से निराकरण किया जाएगा। इस पहल को न्यायिक प्रक्रिया को अधिक मानवीय, समयबद्ध और कम खर्चीला बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

प्रदेश में भी सक्रिय पहल : छत्तीसगढ़ में इस अभियान के तहत राज्य, जिला एवं तहसील स्तर पर सुलह बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत संचालित मध्यस्थता केंद्रों में हो रहा है। इन केंद्रों में प्रशिक्षित मध्यस्थ और अधिकारी पक्षकारों को आपसी सहमति से समाधान तक पहुंचाने में सहयोग कर रहे हैं।

ऑनलाइन भी जुड़ सकते हैं पक्षकार

समाधान समारोह 2026 के तहत पक्षकार व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के साथ-साथ वर्चुअल माध्यम से भी भाग ले सकते हैं, जिससे अधिक से अधिक लोगों को इस सुविधा का लाभ मिल सके।

उद्देश्य: विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान

इस पहल का मुख्य उद्देश्य सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों की संख्या को कम करना और विवादों के समाधान के लिए एक वैकल्पिक, सरल एवं प्रभावी मंच उपलब्ध कराना है।

आमजन से अपील : सर्वोच्च न्यायालय ने अधिवक्ताओं, वादकारियों और संबंधित सभी पक्षों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की है।

नीलगाय पर कुल्हाड़ी से हमला, मांस पकाने की तैयारी के दौरान वन विभाग की दबिश

पिथौरा वन परिक्षेत्र में मादा नीलगाय का शिकार, दो आरोपी गिरफ्तार, चार फरार

■ डॉग स्क्वाड की मदद से जंगल में सर्च ऑपरेशन, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के पिथौरा वन परिक्षेत्र में वन्यजीव शिकार का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक मादा नीलगाय का शिकार कर उसका मांस पकाने की तैयारी की जा रही थी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने मौके पर दबिश देकर कार्रवाई की। इस दौरान दो ग्रामीणों को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि चार अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए। फरार आरोपियों की तलाश के लिए वन विभाग लगातार प्रयास कर रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुखीपाली गांव के शांतिनगर निवासी ईश्वर कुमार और टंकधर रात्रे सोमवार सुबह तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए भालुडोंगरी क्षेत्र पहुंचे थे। इसी दौरान उन्हें एक मादा नीलगाय दिखाई दी, जिसे कुत्तों ने दौड़ाकर थका दिया था।

आरोप है कि दोनों ने इस स्थिति का फायदा उठाते हुए कुल्हाड़ी से हमला कर नीलगाय को मौत के घाट उतार दिया।

घटना के बाद आरोपियों ने नीलगाय को पास के खेत में ले जाकर उसका मांस काटना शुरू कर दिया और पकाने की तैयारी करने लगे। इस बीच अन्य ग्रामीण भी वहां इकट्ठा हो गए। किसी जागरूक व्यक्ति ने इस घटना की सूचना वन विभाग को दे दी, जिसके बाद पिथौरा वन परिक्षेत्र के एसडीओ डिंपी बैस के नेतृत्व में टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर छापेमारी की।

दबिश के दौरान दो गिरफ्तार, चार फरार

वन विभाग की कार्रवाई के दौरान दो आरोपियों को घटनास्थल से ही पकड़ लिया गया, जबकि चार अन्य लोग मौके से भागने में सफल रहे। टीम ने फरार आरोपियों की तलाश के लिए जंगल में सर्च अभियान चलाया और डॉग स्क्वाड की मदद भी ली, लेकिन देर शाम तक कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया।

वन विभाग ने इस घटना को गंभीर मानते हुए क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है और लोगों से वन्यजीवों की सुरक्षा में सहयोग करने की अपील की है।

चार वर्षीय मादा नीलगाय, पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार

पिथौरा वन परिक्षेत्र के एसडीओ डिंपी बैस ने बताया कि मृत नीलगाय मादा थी, जिसकी उम्र लगभग चार वर्ष आंकी गई है। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद नियमानुसार अंतिम संस्कार किया जाएगा। साथ ही घटना के प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी दर्ज कर लिए गए हैं।

वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज

वन विभाग ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पूरे मामले में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि फरार आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

नहीं थम रहे औद्योगिक हादसे अब एसकेएस में श्रमिक की हुई मौत

■ बुढ़ापे का इकलौता सहारा भी छिना

धरसीवा / कूंरा /नवप्रदेश। सिलतरा से लेकर पूरे प्रदेश में औद्योगिक हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे सुरक्षा उपकरणों की अनदेखी गरीब श्रमिकों फेक्ट्री कर्मियों की जान पर भारी पड़ रही अब एसकेएस इस्पात में एक हेल्पर की हादसे में दर्दनाक मौत ने मातापिता से उनके बुढ़ापे का इकलौता सहारा ही छीन लिया।

जानकारी के मुताबिक मृतक पुष्पेंद्र पिता गणेशराम साहू उम्र 25 साल कतनई अकलतरा जांजगीर चांपा का निवासी था जो एसकेएस फेक्ट्री की रोलिंग मिल एक में हेल्पर का काम करता था शनिवार को भी वह रोजाना की तरह काम कर रहा था तभी मशीन के पट्टे में उसका कान फंसा ओर वह लहूलुहान हो गया उसकी दर्दनाक मौत हो गई माना जा रहा है कि यदि हेल्पर तमाम सुरक्षा उपकरण पहनकर काम कर रहा होता तो संभवतः उसके साथ दर्दनाक हादसा न होता

इधर घटना की सूचना मिलते ही मृतक के शुभचिंतक ओर क्रांति सेना के सेनानी मौके पर

पहुंचे और अपना आक्रोश व्यक्त किया देर रात तक फेक्ट्री के सामने धरना प्रदर्शन चलता रहा।

बुढ़ापे का इकलौता सहारा मां का रो रोकर बुरा हाल : मृतक पुष्पेंद्र साहू अपने मातापिता का बुढ़ापे का इकलौता सहारा था घटना की सूचना मिलते ही मौके पर परिजन पहुंचे अपने कलेजे के टुकड़े की मौत से मां का रो रोकर बुरा हाल देखा गया

आए दिन हादसे आकस्मिक निरीक्षण होता नहीं : उद्योगों में श्रमिकों के क्या हाल हैं सुरक्षा उपकरण दिए जा रहे या नहीं ओर यदि दिए भी जा रहे तो वह असली आईएसआई मार्का के हैं भी या नहीं श्रमिक सुरक्षा उपकरण के बिना काम तो नहीं कर रहे इस सब पर औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग की पैनी नजर होनी चाहिए।

महिला आरक्षण तत्काल लागू करने एवं ओबीसी महिलाओं को शामिल करने की मांग को लेकर महिला कांग्रेस का पोस्टकार्ड अभियान तेज

धरसीवा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र में महिला अधिकारों को लेकर एक सशक्त और संगठित आवाज़ सामने आई है। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण की महामंत्री एवं पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती नीतू साहू के नेतृत्व में महिला कांग्रेस की बहनों ने प्रधानमंत्री के नाम पोस्टकार्ड लिखकर महिला आरक्षण को तत्काल प्रभाव से लागू करने की मांग की है।

इस अभियान के माध्यम से महिलाओं ने स्पष्ट संदेश दिया है कि देश की आधी आबादी को अब और प्रतीक्षा में नहीं रखा जा सकता। लंबे समय से लंबित महिला आरक्षण बिल को लागू करना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है, और इसमें विशेष रूप से अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की महिलाओं को भी आरक्षण के दायरे में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि सामाजिक न्याय की अवधारणा को पूर्ण रूप से साकार किया जा सके।

श्रीमती नीतू साहू ने कहा कि महिलाओं को केवल वादों और घोषणाओं तक सीमित रखना लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ अन्याय है। जब तक महिलाओं को नीति निर्माण में समान भागीदारी नहीं मिलेगी, तब तक समावेशी विकास की परिकल्पना अधूरी रहेगी। उन्होंने केंद्र सरकार से सवाल करते हुए कहा कि आखिर महिला आरक्षण को लागू करने में इतनी देरी क्यों की जा रही है, जबकि यह देश की करोड़ों महिलाओं की सीधी मांग है।

महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर यह भी मांग की कि महिला आरक्षण लागू करते समय सामाजिक संरचना को ध्यान में रखते हुए ओबीसी वर्ग की महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाए, जिससे वास्तविक समानता स्थापित हो सके।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता उपस्थित रहीं और सभी ने एक स्वर में कहा कि यदि सरकार इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर शीघ्र निर्णय नहीं लेती है, तो यह आंदोलन और व्यापक रूप लेगा।

6 लाख 40 हजार रुपए के अवैध गांजा के साथ दो गांजा तस्कर गिरफ्तार

आरोपी से कुल 12 किलो 800 ग्राम अवैध गांजा को किया गया जप्त

गरियाबंद / नवप्रदेश। आज दिनांक को मुखबीर द्वारा सूचना मिला की दो व्यक्ति कालाहांडी उड़ीसा की ओर से छुरा की ओर आ रहा है। जिसके बैग में मादक पदार्थ गांजा रखा है की सूचना पर थाना प्रभारी छुरा द्वारा अपनी टीम के साथ मुखबीर द्वारा बताए गए सूचना के आधार पर कोसोमबुडा तिराहा चेकपोस्ट में घेराबंदी कर संदेही आरोपी को पुलिस कब्जे में लेते हुए नाम पता पूछे जाने पर अपना नाम 1) विधि से संघर्षरत बालक एवं 2) कुंदन कुमार निर्मलकर पिता सुरेश कुमार निर्मलकर उम्र 25 वर्ष सकिन इराईखुर्द, थाना घुमका जिला

राजनंदगांव छ.ग. का रहने वाला बताया। जिसका तलाशी लेने पर स्लेटी ब्लू रंग के पिट्ठू बैग के अंदर खाकी रंग के टेप से लिपटा हुआ 12 किलो 800 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 6,40,000/- रूपये, गांजा प्रकरण में प्रयुक्त वाहन बजाज पल्सर एनएस 200 कीमती 1 लाख रुपये एवं दो नग एंड्राइड मोबाइल कीमती 50 हजार रूपये *कुल जुमला राशि 7 लाख 90 हजार रूपये* को समक्ष गवाहों के कब्जा पुलिस लिया गया। अवैध गांजा के प्रकरण में आरोपी के खिलाफ अपराध धारा 20 (ख) एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी कुंदन कुमार निर्मलकर एवं विधि से संघर्षरत बालक के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से समक्ष गवाहन के विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

गिरफ्तार आरोपी

1) विधि से संघर्षरत बालक।

2) कुंदन कुमार निर्मलकर पिता सुरेश कुमार निर्मलकर उम्र 25 वर्ष सकिन इराईखुर्द, थाना घुमका जिला राजनंदगांव (छ. ग)।

पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक विजय का छत्तीसगढ़ में भव्य उत्सव

धरसीवां / कूरा/नवप्रदेश। गंगासागर से गंगोत्री तक कमल खिलने एवं पश्चिम बंगाल, असम में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ भाजपा के नेता खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री सौरभ सिंह जी, कोषाध्यक्ष श्री राम गर्ग जी, छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष श्री दीपक म्हस्के जी, छत्तीसगढ़ व्यापार प्रकोष्ठ के सह-संयोजक श्री नितिन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर इस ऐतिहासिक जनादेश का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। श्री सौरभ सिंह ने कहा की प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नबीन जी और केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह जी के विज़न ने पश्चिम बंगाल में इतिहास रच दिया है।

इस अवसर पर श्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि गंगासागर से गंगोत्री तक कमल खिलना देशभर में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र पर जनता के अटूट विश्वास का प्रतीक है। प्रधानमंत्री मोदी जी के सशक्त एवं दूरदर्शी नेतृत्व ने राष्ट्र को विकास और आत्मविश्वास की नई दिशा दी है। श्री नितिन अग्रवाल ने आगे कहा की 'माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नबीन जी के ऊर्जावान नेतृत्व एवं संगठनात्मक कुशलता ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया, जिससे हर चुनौती को पार करते हुए यह ऐतिहासिक विजय संभव हो सकी। वहीं, माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के रणनीतिक मार्गदर्शन में संगठन का विस्तार अभूतपूर्व रूप से हुआ, जिसका परिणाम आज स्पष्ट रूप से सामने है।

गौरतलब है की खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री सौरभ सिंह जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के नेताओं की टीम पश्चिम बंगाल में भाजपा के प्रचार के लिए गई हुई थी।

पेज 1 का शेष...

भाजपा की 'नवीन' नीति...

में सत्ता हस्तांतरण और अब पश्चिम बंगाल में भूतो-न-भविष्यति जैसी जीत ने सबकुछ साफ कर दिया है। इस परिणाम के परिदृश्य में जानना रोचक है कि नितिन नवीन को ऐन वक्त पर लाने का मतलब क्या था?

वर्गों में बंटे वोटरों को जोड़ना लक्ष्य: पश्चिम बंगाल में मुस्लिम आबादी 30 प्रतिशत तक बताई जाती है। मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण में बवाल बाद में आया, लेकिन अंदाजा भाजपा को पहले से था। मतदान के दौरान वोट प्रतिशत बढ़ने के पीछे भी यही वजह बताई जा रही थी कि मुस्लिम आबादी एकमुश्त एक तरफजा रही है तो जवाब में हिंदू जातियों ने गुटबंदी की है। यह गुटबंदी चुनाव परिणाम के रूप में इस तरह सामने आएगी, यह एग्जिट पोल भी बता रहे थे। पहली बार पश्चिम बंगाल में इस तरह बांग्लादेशियों को अलग-थलग करने और तुष्टिकरण का मुखर विरोध करने के साथ वर्गों में बंटे हिंदुओं को एकजुट करने के लिए भाजपा ने चक्रव्यूह की रचना की थी।

गंगोत्री से गंगासागर तक खिला...

हरी झंडी दिखाएंगे। और घुसपैठियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी।

4. डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन: डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की आत्मा को कितनी शांति मिली होगी। उन्होंने 1951 में जनसंघ की स्थापना करके हर कार्यकर्ता को संदेश दिया कि देश के लिए जीना और देश के लिए मरना है। डॉ. मुखर्जी ने बंगाल को भारत का हिस्सा बनाए रखने के लिए बड़ी लड़ाई लड़ी।

5. लोकतंत्र की जीत और 'नागरिक देवो भव' मंत्र

यह जीत भारत के लोकतंत्र, संविधान और जनता के विश्वास की जीत है। भाजपा का मंत्र 'नागरिक देवो भव' है और पार्टी जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है।

विकास, सुशासन और राष्ट्रहित...

पर विकास और राष्ट्रवाद की निर्णायक विजय बताया।

मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से पश्चिम बंगाल की सफलता को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह विजय वहां के समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, त्याग और संकल्प का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह जीत भारतीय लोकतंत्र, जनविश्वास और राष्ट्र की एकता की जीत है। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन देश को 'विकसित भारत' की दिशा में और मजबूत करेगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस सफलता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की रणनीतिक नेतृत्व क्षमता तथा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के संगठनात्मक कौशल की सराहना की। उन्होंने कहा कि देशभर के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ छत्तीसगढ़ से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने बंगाल और असम में योगदान दिया, जिनके परिश्रम से यह उपलब्धि संभव हुई।

पेज 3 का शेष

सीएम साय को श्रमिकों ने ...

सहज जुड़ाव और संवेदनशील नेतृत्व का जीवंत उदाहरण बन गया। मुख्यमंत्री के अचानक पहुंचने से वहां कार्यरत श्रमिकों में उत्साह का माहौल बन गया और सभी ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

जब मुख्यमंत्री ने गांव की प्रमुख समस्याओं के बारे में पूछा, तो महिलाओं ने बताया कि पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण पेयजल की समस्या लगातार बनी रहती है। बोरवेल और हैंडपंप लंबे समय तक कारगर नहीं रह पाते, जिससे गर्मी के दिनों में पानी की दिक्कत और अधिक बढ़ जाती है। इस समस्या को मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लिया और तत्काल समाधान की दिशा में पहल करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने मौके पर ही कलेक्टर से पेयजल व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने बताया कि क्षेत्र के 26 गांवों के लिए एक विशेष पेयजल योजना तैयार की गई है, जिसके अंतर्गत दूरस्थ जल स्रोतों से पाइपलाइन के माध्यम से पानी उपलब्ध कराने की योजना है। यह योजना तकनीकी रूप से तैयार है और इसे जल्द ही क्रियान्वित किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्पष्ट शब्दों में निर्देश देते हुए कहा कि इस योजना को यथाशीघ्र स्वीकृति प्रदान कर धरातल पर कार्य शुरू किया जाए, ताकि ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि सुशासन का वास्तविक अर्थ यही है कि शासन की योजनाएं समय पर और प्रभावी रूप से आमजन तक पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यह स्पष्ट किया कि हमारी सुशासन सरकार जनसमस्याओं के समाधान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री का हाथ ...

पूरे घटनाक्रम ने शासन और आमजन के बीच के आत्मीय संबंधों को भी जीवंत रूप में सामने रखा।

इस आत्मीय संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने मुस्कुराते हुए मोहन से पूछा– 'आवास कोन भेजिस?' इस पर मोहन ने सहजता के साथ उत्तर दिया– 'मोदी जी ने।' यह छोटा-सा संवाद पूरे माहौल को भावनात्मक गहराई से भर गया और यह दर्शाता है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी का क्रियान्वयन सीधे लोगों के जीवन में किस प्रकार आशा और विश्वास का संचार कर रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने मोहन मरावी और उनके परिवार से विस्तार से बातचीत करते हुए उनके नए घर के निर्माण की प्रक्रिया के बारे में जाना। मोहन ने बताया कि उनका यह घर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्राप्त राशि और अपने परिश्रम से तैयार हुआ है। पहले उनका घर कच्चा था, लेकिन वर्ष 2024-25 में आवास स्वीकृत होने के बाद उनके भीतर पक्का घर बनाने का हौसला जागा। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने स्वयं ईंट बनाकर चार कमरों का सुदृढ़ और व्यवस्थित घर खड़ा किया, जो उनके श्रम, संकल्प और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

मीटिंग से बाहर जाओ...

नागरिकों को खसरा-नक्शा डिजिटल हस्ताक्षर के साथ घर बैठे उपलब्ध हो सकेगा। इसके साथ ही 'मुख्यमंत्री हेल्पलाइन' सेवा भी शीघ्र प्रारंभ की जाएगी, जिसमें टोल फ्री नंबर के माध्यम से आमजन अपनी समस्याएं दर्ज करा सकेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कलेक्टरों को निर्देशित किया कि राजस्व मामलों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

देश में ईंधन की आपूर्ति ...

से ज्यादा शिविर आयोजित किए, इस समयावधि में 5 किलोग्राम के लगभग 1,75,000 एफटीएल सिलिंडर बेचे गए। साथ ही कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने अप्रैल, 2026 से 11,082 मीट्रिक टन ऑटो एलपीजी की बिक्री की है।

सुप्रीम कोर्ट का ट्रांसजेंडर...

ने इस दौरान टिप्पणी की कि विधायिका किसी फैसले के आधार को बदल सकती है। नए संशोधन के बाद अब ट्रांसजेंडर पहचान के लिए व्यक्ति की अपनी इच्छा के बजाय 'मेडिकल इवैल्यूएशन' यानी डॉक्टरी जांच को आधार बनाया गया है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट अब मेडिकल बोर्ड की सिफारिश के बाद ही पहचान पत्र जारी करेंगे, जो निजता और गरिमा के अधिकार का उल्लंघन है।

हार्मोनल थैरेपी रुकी, वकील बोले- यह क्रिमिनलाइजेशन जैसा

वरिष्ठ वकील अरुंधति काटजू ने कोर्ट को बताया कि संशोधन के डर से कई लोगों की हार्मोनल थैरेपी अचानक रोक दी गई है। सिंघवी ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति थैरेपी ले रहा है, तो इस संशोधन के जरिए उसे एक तरह से अपराधी बनाने की कोशिश की जा रही है। हालांकि, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दखल देते हुए कहा कि सरकार केवल जबरन लिंग परिवर्तन या बच्चों के साथ होने वाली जबरदस्ती (जैसे जबरन बधिया करना) को अपराध की श्रेणी में ला रही है। उन्होंने साफ किया कि कोई भी व्यक्ति जो पुरुष या महिला है, उसे बाहर नहीं किया जा रहा।

अभी लागू नहीं हुआ है एक्ट, याचिकाएं समय से पहले: कैविएटर

एक पक्ष हर्ष असद ने बेंच को बताया कि यह एक्ट अभी लागू नहीं हुआ है, क्योंकि केंद्र ने इसे नोटिफाई नहीं किया है। उन्होंने दलील दी कि याचिकाएं समय से पहले दाखिल की गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि समुदाय के कुछ लोग सरकार के साथ बातचीत कर रहे हैं ताकि इस संशोधन को लागू न किया जाए, और कोर्ट का नोटिस उस प्रक्रिया में बाधा डाल सकता है। कोर्ट ने फिलहाल किसी भी तरह का अंतरिम आदेश देने से इनकार कर दिया क्योंकि कानून अभी प्रभावी नहीं हुआ है।

विधायक संगीता बनीं ....

छन्नी साहू के पक्ष में है, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल खेमे से संगीता सिन्हा की दावेदारी मजबूत बताई जा रही थी। अब बतौर प्रभारी अध्यक्ष संगीता सिन्हा के नाम पर मुहर लगी है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में डिजिटल टिकटिंग को बढ़ावा, 44 स्टेशनों पर 87 एटीवीएम स्थापित

रायपुर/बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डिजिटल टिकटिंग और कैशलेस सेवाओं का दायरा तेजी से बढ़ाया है। डिजिटल इंडिया के तहत रेलवे स्टेशनों पर आधुनिक, तेज़ और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

जल्द लगेंगी 38 नई मशीनें

यात्रियों की बढ़ती संख्या और मांग को देखते हुए रेलवे ने 38 नई एटीवीएम लगाने की योजना बनाई है। इनमें बिलासपुर मंडल में 12, रायपुर मंडल में 16 और नागपुर मंडल में 10 मशीनें स्थापित की जाएंगी। इससे स्व-टिकटिंग प्रणाली और मजबूत होगी तथा यात्रियों का समय बचेगा।

डिजिटल लेन-देन में तेजी

रेलवे में डिजिटल भुगतान का चलन भी तेजी से बढ़ रहा है। यात्री आरक्षण प्रणाली (क्रक्र) के 42 प्रतिशत लेन-देन अब डिजिटल माध्यम से हो रहे हैं, जबकि अनारक्षित टिकटिंग में 34 प्रतिशत भुगतान ऑनलाइन हो रहा है। पार्सल सेवाओं में 100 प्रतिशत डिजिटल भुगतान लागू हो चुका है, वहीं टिकट जांच से मिलने वाली आय का 26 प्रतिशत हिस्सा भी डिजिटल माध्यम से एकत्र हो रहा है।

पारदर्शिता और सुविधा में इजाफा

डिजिटल भुगतान के बढ़ते उपयोग से नकद लेन-देन पर निर्भरता कम हुई है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ी है। साथ ही, यह पहल पेपरलेस व्यवस्था को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण और डिजिटल सशक्तिकरण को भी प्रोत्साहित कर रही है।

44 स्टेशनों पर 87 ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीनें

रेलवे द्वारा अनारक्षित टिकटों के लिए कतार की परेशानी खत्म करने हेतु ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन का विस्तार किया गया है। वर्तमान में 44 स्टेशनों पर कुल 87 मशीनें स्थापित हैं। इनमें बिलासपुर मंडल के 13 स्टेशनों पर 32, रायपुर मंडल के 12 स्टेशनों पर 26 और नागपुर मंडल के 19 स्टेशनों पर 29 मशीनें संचालित हो रही हैं।

रायपुर रेल मंडल में ट्रेनों की बहाली, 6 मई से फिर पटरी पर लौटेंगी मेमू सेवाएं

रायपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में अधोसंरचना विकास कार्य के चलते प्रभावित रेल सेवाओं को अब बहाल कर दिया गया है। निपनिया-भाटापारा सेक्शन में रोड अंडरब्रिज निर्माण के लिए रिलिविंग गर्डर लॉन्चिंग कार्य के कारण पूर्व में निरस्त और आंशिक रूप से निरस्त की गई कई यात्री ट्रेनों को 6 मई 2026 से फिर से संचालित किया जाएगा।

रेलवे प्रशासन के अनुसार, किमी 755/07-09 पर स्थित लेवल क्रॉसिंग संख्या 380 पर निर्माण कार्य के चलते ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ था। अब कार्य पूरा होने के बाद यात्रियों को राहत देते हुए सेवाएं बहाल की जा रही हैं।

शॉर्ट टर्मिनेट ट्रेनों की भी बहाली : इसके अलावा पहले आंशिक रूप से संचालित की जा रही ट्रेनों को भी पूरी दूरी तक बहाल कर दिया गया है। इसमें गाड़ी संख्या 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू और गाड़ी संख्या 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू शामिल है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इस बहाली से दैनिक यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी और आवागमन फिर से सुचारु हो सकेगा। यात्रियों से अपील की गई है कि वे यात्रा से पहले ट्रेन की समय-सारिणी की जानकारी अवश्य जांच लें।

इन ट्रेनों का संचालन होगा पुन: शुरू

6 मई से निम्नलिखित मेमू पैसेंजर ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर चलेंगी

- गाड़ी संख्या 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर
- गाड़ी संख्या 68734 बिलासपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर
- गाड़ी संख्या 68733 गेवरा रोड-बिलासपुर मेमू पैसेंजर
- गाड़ी संख्या 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर

कांग्रेस 'डूबती नाव', जहां-जहां जाते हैं भूपेश वहां होता है नुकसान: ओपी चौधरी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कांग्रेस को एक डूबती नाव करार देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर राज्य में मजबूत हो रही है।

भूपेश बघेल पर साधा निशाना: पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के असम में जीत के दावों पर पलटवार करते हुए चौधरी ने कहा कि इतिहास गवाह है कि भूपेश बघेल जहां भी चुनाव प्रचार के लिए जाते हैं, वहां कांग्रेस को भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

पेयजल व्यवस्था पर सख्ती: बिना मंजूरी बल्क कनेक्शन पर रोक

- **अवैध कनेक्शनों पर कार्रवाई के निर्देश**

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर में पेयजल आपूर्ति को लेकर हुई समीक्षा बैठक में महापौर मीनल चौबे ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पानी की उपलब्धता का आकलन किए बिना दिए गए बल्क कनेक्शनों का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है, इसलिए अब बिना एमआईसी की स्वीकृति के कोई भी नया बल्क कनेक्शन जारी नहीं किया जाएगा।

वैध कनेक्शनों में पानी देना निगम की जिम्मेदारी

महापौर ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं को वैध तरीके से नल कनेक्शन दिए गए हैं, उन्हें पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना निगम का दायित्व है। साथ ही सभी अवैध कनेक्शनों की पहचान कर कार्रवाई करने और उन्हें कर दायरे में लाने के निर्देश दिए गए, ताकि राजस्व में वृद्धि हो सके।

गर्मी में पानी की बर्बादी पर रोक

गर्मी के मौसम में पेयजल के दुरुपयोग पर सख्ती बरतने के निर्देश देते हुए महापौर ने टुल्लू पंप के जरिए पानी खींचने वालों पर कार्रवाई कर उपकरण जब्त करने को कहा। इसके साथ ही अवैध निर्माणों और कनेक्शनों पर भी नियमानुसार नोटिस देकर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

टैंकर सप्लाई पर निगरानी, जीपीएस अनिवार्य

आयुक्त विश्वदीप ने निर्देश दिया कि बिना जीपीएस सिस्टम के कोई भी पानी टैंकर संचालित नहीं होगा। यदि टैंकर से पानी बेचने की शिकायत मिली तो संबंधित अधिकारी को सीधे जिम्मेदार ठहराया जाएगा। जल संकट वाले क्षेत्रों में टैंकर से आपूर्ति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

जनशिकायतों के त्वरित समाधान पर जोर

अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि गर्मी में बढ़ने वाली जल समस्याओं को प्राथमिकता से हल किया जाए। जल और स्वच्छता से जुड़ी शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित कर नागरिकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता होगी।

जल टंकियों की नियमित मॉनिटरिंग

आयुक्त ने सभी जोन अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन जल टंकियों में पूर्ण भराव सुनिश्चित करें और उसकी निगरानी करें। साथ ही निजी आवासीय सोसायटियों में रहने वाले लोगों की संख्या और पानी की मांग का आकलन कर व्यवस्थित आपूर्ति की योजना तैयार करने को कहा गया।

स्वच्छता सर्वेक्षण 2026: डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन 100% सुनिश्चित करने के निर्देश, लापरवाही पर सख्ती

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे ने शहर की स्वच्छता व्यवस्था को लेकर कड़े तेवर दिखाए हैं। निगम मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन शत-प्रतिशत क्षेत्र में सुनिश्चित किया जाए, ताकि शहर में कहीं भी कचरे के ढेर नजर न आएं।

बैठक में आयुक्त विश्वदीप, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री सुनील चंद्राकर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। महापौर ने वार्डों में कचरा संग्रहण कार्य कर रही कंपनी के प्रदर्शन पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जहां-जहां कचरे के ढेर दिख रहे हैं, वहां कलेक्शन व्यवस्था पूरी तरह से फेल है।

फील्ड मॉनिटरिंग बढ़ाने के निर्देश: महापौर ने सभी जोन कमिश्नरों, अभियंताओं और स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित फील्ड निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि हर मोहल्ले में कचरा संग्रहण वाहन समय पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान संबंधित कंपनी के सुपरवाइजरों को भी साथ रखने के निर्देश दिए गए हैं।

सिटी प्रोफाइल स्थलों पर विशेष फोकस: स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत चिन्हित सिटी प्रोफाइल स्थानों जैसे बाजार, उद्यान, तालाब, मुख्य मार्ग और व्यावसायिक क्षेत्रों की सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है। कहीं भी गंदगी मिलने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जा है कि आवेदक विषय कुमार वाघेला आ. स्व. राजकुमार वाघेला निवासी आर्यनगर दुर्ग तह व जिला दुर्ग (छ.ग) के द्वारा ग्राम अरसनारा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा न. 289/1, 291/1, 292, 293, 294, 297 रकबा 1.6200, 0.0200, 0.4400, 1.0700, 1.0500, 1.2700 हे. भूमि जो कि राजकुमार वाघेला के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 29.03.2026 को हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.05.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण-आर.डी. 202526430103900204

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी राजकुमार वाघेला पिता/पति हिम्मतलाल वाघेला पता आर्य नगर दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1314/98 (0.0330) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता विषय कुमार वाघेला पिता/पति स्व. राजकुमार वाघेला पता प्लाट नं. 143 आर्य नगर दुर्ग, नैना वाघेला पिता/पति स्व. राजकुमार वाघेला पता प्लाट नं. 143 आर्य नगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18.05.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29.04.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202604100700108 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण/वसीयत प्राप्तकर्तागण सुरेश चंद जैन, दिनेश चंद जैन, संजय जैन तीनों पिता स्व. पारसमल जैन निवासी महावीर कॉलोनी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बघेरा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 581/7 रकबा 0.005 हे. भूमि जो कि वसीयतकर्ता पारसमल जैन पिता स्व. फरसमल जैन निवासी दुर्ग के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार वसीयतकर्ता पारसमल जैन पिता स्व, फरसमल जैन के द्वारा आवेदकगण के पक्ष में दिनांक 28.01.2009 को अपंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। उक्त आवेदित भूमि के खातेदार वसीयतकर्ता की मृत्यु दिनांक 14.08.2011 को हो जाने पर पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदकगण का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 14.05.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.क्र/अ-6/वर्ष 2025-2 में आवेदिका/आवेदक सूरज कुमार सिंह आ. शिवसेवक कुमार निवासी अहिवारा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.न. 46 रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 1355/64 रकबा 0.0065 हे. है। जो भूमिस्वामी धनावती देवी पति शिव सेवक कुमार के नाम पर दर्ज है। जिसमें भूमिस्वामी धनावती देवी पति शिव सेवक कुमार की मृत्यु दिनांक 02.01.2026 को फौत हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि फौती नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 15.05.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202604100800014 /अ-06/वर्ष 2025-26

ग्राम दारगांव, प.ह.न. 23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि आवेदक कमलेश कुमार पिता भागीरथी निवासी दारगांव, तहसील धमधा, जिला-दुर्ग द्वारा फौती नामांतरण का आवेदन पेश किया गया है कि मौजा ग्राम दारगांव, प.ह.नं. 23 स्थित खसरा नंबर 188/2, 188/4, 188/6, 192/1, 566/1, 661/1, 913/2, 1397/1, 1397/3 कुल खसरा 09 कुल रकबा 2.30 हे. भूमि अगहनबाई पति भागीरथी के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है। कि आवेदक के स्व. माँ अगहनबाई कि दिनांक 18/12/2025 को मृत्यु हो चूकी है, आवेदक आवेदन पत्र के साथ खाते कि नकल व अन्य दस्तावेज संलग्न कर उक्त आवेदित भूमि पर से मृतीका/भूमिस्वामी स्व. अगहनबाई पति भागीरथी कि नाम को विलोपित कर उनकी वारिसान पुत्र 1. कमलेश पिता भागीरथी, 2. रामकुमार पिता भागीरथी, पुत्री मीनाबाई पिता भागीरथी का नाम को दर्ज किया जाने का निवेदन किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 06.05.2026 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार, धमधा जिला दुर्ग(छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202605103500003 /अ-20(3)/ वर्ष 2025-26

आवेदिका श्रीमती शीतल मेहता ध.प. स्व. श्वेत मेहता, निवासी दुर्ग के आवेदन अनुसार दुर्ग नजूल स्थित भूमि शीट क. 07, भूखण्ड क. 2/12, क्षेत्रफल 375 वर्गफीट, प्रीति मेहता ध.प. अशोक मेहता व श्वेत मेहता आ. अशोक मेहता के संयुक्त नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। सहधारक श्वेत मेहता की मृत्यु दिनांक 23.02.2026 को हो चुकी है। उनके वारिसान पत्नि शीतल मेहता पुत्र-पुत्री रिओना मेहता व दिव्यम मेहता है। उक्त आधार पर आवेदिका द्वारा मृतक धारक का नाम विलोपित कर वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदित भूमि का आवेदगण के नाम पर नवीनीकरण किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो वह अपना आपत्ति/दावा प्रकरण में प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर न्यायालय नजूल अधिकारी, दुर्ग के समक्ष स्वतः अथवा अपने प्लीडर के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.05.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — नजूल अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

व्यक्तिगत सूचना

रा.प्र.क्र. 20251100700052/अ-6(अ)/ वर्ष 2025-2026 ग्राम- कसारीडीह, प.ह.नं. 40, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

प्रति,
सोहद्राबाई पति अशोक कुमार निवास- ग्राम मटिया, तह. अर्जुन्दा, जिला बालोद (छ.ग.)

विषयः- इस न्यायालय का मामला क्रमांक/ 20251100700052/अ-6(अ)/वर्ष 2025-2026 में उपस्थित होने बाबत्।

एतद् द्वारा इस नोटिस के जारिये आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक अख्तर अली पिता स्व. अकबर अली, निवासी चांदमारी डिपरा पारा दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा मौजा कसारीडीह प.ह.नं. 40, रा.नि.मं. कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 50/6, रकबा 0.0050 हे. भूमि आवेदक के पिता स्व. अकबर अली पिता स्व. मंसूर अली व अन्य 1 के नाम पर दर्ज है। आवेदक के पिता की मृत्यु दिनांक 11.06.2016 को हो चुकी है जिसके विधिक वारिसान स्वयं आवेदक एवं अनवर अली है। उक्त संपत्ति में आवेदक के पिता स्व. अकबर अली के अतिरिक्त सोहद्राबाई पिता अशोक कुमार का नाम दर्ज है, जो त्रटिवश दर्ज हो गया है। जिसमें आवेदक का सोहद्राबाई से कोई भी संबंध नहीं है उक्त नाम त्रुटिवष दर्ज हो गया है। आवेदक के पिता का नाम सन् 1993-94 के प्रतिलिपि नामांतरण पंजी में दर्ज है तथा सन् 2015-16 के पटवारी रिकॉर्ड में भी स्व. अकबर अली का नाम दर्ज है। अतः सोहद्रा बाई पति अशोक कुमार का नाम हमेशा के लिए विलोपित कर तथा अकबर अली पिता स्व. मंसूर अली की फौती दर्ज कर आवेदक 1. अख्तर अली, 2. अनवर अली दोनों पिता स्व. अकबर अली का नाम दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन-पत्र इस में प्रस्तुत किया गया है। जिससे संबंधित क्रमांक/20251100700052/अ-6 (अ) / वर्ष 2025-2026 इस न्यायालय में विचाराधीन है। न्यायालय राजस्व प्रकरण उक्त प्रकरण में आप सुनवाई में उपस्थित नहीं हुए हैं। अतएवं इस सूचना के जरिये आपको सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण में आप सुनवाई दिनांक 12.05.2026 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन कर सकते हैं। नियत तिथि में उपस्थित नहीं होने की स्थिति में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा। जिसके लिये आप स्वतः जवाबदार होंगे। आज दिनांक 27.04.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से यह सूचना जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मै जमुना बाई (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/ सुपुत्री/पत्नी काशीराम गाँव/शहर ग्राम रवेलीडीह तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. ने अपना नाम (पुराना नाम) जमुना बाई (JAMUNA BAI) पति काशीराम (KASHIRAM) से बदल कर सीताबाई (SITABAI) पति काशीराम (KASHIRAM) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
जमुना बाई पत्नी काशीराम
गाँव/शहर ग्राम रवेलीडीह
तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202604104700025 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोनल कुमार देशमुख पिता-श्री अक्ष्मी नारायण देशमुख निवासी- ग्राम भटगांव पोस्ट जेवरा सिरसा, तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक के शामिलात नाम से भूमि मौजा भटगांव प.ह.नं. 06 रा.नि.मं. जेवरा सिरसा तहसील व जिला दुर्ग में स्थित है जिसका खसरा नंबर 405, 179/1 रकबा क्रमशः - 0.1400 हे., 0.1000 हे. भूमि राजस्व अभिलेख मे दर्ज है। एक्त वर्णित भूमि के सहखातेदार (ना0बा0) सोनल कुमार देशमुख पिता- लक्ष्मी नारायण देशमुख जन्म तारीख 15/10/2005 है जो कि वर्तमान मे बालिग हो चुका है। राजस्व अभिलेखो में बालिग किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 04.05.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग-01 (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202604104700027 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गिरेश कुमार सिंह पिता- श्री ए.एन.सिंह उम्र 58 वर्ष निवासी बी- 474, कास स्ट्रीट नंबर 24, स्मृति नगर जुनवानी भिल भिलाई के द्वारा स्थित भूमि मौजा- जुनवानी प0ह0नं0 -43 रा0नि0मं0 - जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग छ0ग0 में स्थित भूमि खसरा नंबर- 1186 रकबा - 0.020 हेक्टेयर भूमि आवेदक के पिता वसीयतकर्ता के नाम से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी श्री आदित्य नारायण सिंह, ए.एन.सिंह पिता गजाधर सिंह का स्वर्गवास दिनांक 09/12/2025, को हो गया है। आवेदक के पिता ने अपने जीवनकाल में एक पंजीकृत वसीयत आवेदक के नाम से दिनांक-21/11/2024 को निष्पादित किया था। उनकी मृत्यु पश्चात् पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 05.05.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग-01 (छ.ग.)

दिव्यांग दिलीप को मिला सम्मान और सहारा

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा संचालित सुशासन तिहार के सकारात्मक परिणाम अब दूरस्थ वनांचलों तक स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। प्रशासन की सक्रियता और संवेदनशीलता से लोगों की समस्याओं का समाधान करने के साथ ही उनके जीवन में आत्मनिर्भरता और सम्मान भी लौटा रही है। इसी कड़ी में एक प्रेरणादायक उदाहरण सामने आया है, जिसने शासन की जनहितैषी कार्यशैली को साकार रूप में प्रस्तुत किया है। मुंगेली अंचल के सुदूर ग्राम जमुनाही निवासी श्री दिलीप लकड़ा, जो दिव्यांग होने के कारण लंबे समय से दूर आने जाने के लिए कठिनाइयों का सामना कर रहे थे।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202604100700109 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण/वसीयत प्राप्तकर्तागण सुरेश चंद जैन, दिनेश चंद जैन, संजय जैन तीनों पिता स्व. पारसमल जैन निवासी महावीर कॉलोनी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बघेरा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 149 रकबा 0.478 है. भूमि जो कि वसीयतकर्ता पारसमल जैन पिता स्व. फरसमल जैन निवासी दुर्ग के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार वसीयतकर्ता पारसमल जैन पिता स्व, फरसमल जैन के द्वारा आवेदकगण के पक्ष में दिनांक 28/01/2009 को अपंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। उक्त आवेदित भूमि के खातेदार वसीयतकर्ता की मृत्यु दिनांक 14/08/2011 को हो जाने पर पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदकगण का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 14.05.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सेरीखेड़ी-20, तहसील व जिला रायपुर

//आम सूचना//

जारी दिनांक 29/04/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पिरदा, प.ह.नं. 76, रा.नि.मं. सेरीखेड़ी-20, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि के संबंध में आवेदक **चरणजीत सिंह पिता कुलदीप सिंह निवासी गोविंद नगर, पंडरी, रायपुर** द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 259/45 (260/43, 261/55, 262/57, 263/78, 264/62) रकबा 0.1860 हे. के सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क. / वाचक/अति. तहसीलदार/वर्ष 2026 आदेश दिनांक 19/04/2026 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन / बटांकन हमारे द्वारा दिनांक 08/05/2026 को दोपहर 12.00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वानियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन / बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

से सूचना जानें।

मुहर — रा.नि.मं. रायपुर 20, तहसील रायपुर

OFFICE OF CHIEF ENGINEER (CIVIL)
C-1 C-2, Power Companies campus, Dangania, Raipur (CG)- 492013
Phone No. : 0771-2574626 Website :www.cspdcl.co.in
GSTIN-22AADCC6047K1ZR e-mail : cecivil.cspdcl@cspc.co.in

No. 04-03/ Civil-Distr/381 Raipur, dtd. 27.04.2026

E-TENDER NOTICE

Online bids are invited through CSPDCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriated class in CSPDCL. The unregistered contractor having work experience in Govt./Public sector undertaking /Local bodies/Power izdkDistribution companies in India only may be considered on submission of experience certificate for following works as mentioned below :-

Tender Specification No.	Name of work	NIT Value
CEC/D/ W/26-27/06	Civil repair and maintenance work in the store room of STM (O&M) situated at Gudhiyari Raipur	9.28 Lacs
CEC/D/ W/26-27/07	Extension of record room for proper accommodation of pension cell of RAO-II office situated at Gudhiyari Raipur (C.G.)	8.35 Lacs
CEC/D/ W/26-27/08	Providing retaining wall, mess fencing in yard at 33/11 KV S/s Rase under O&M Division Pandariya	9.05 Lacs
CEC/D/ W/26-27/09	Repair and maintenance work of DC office building (U) and providing of toilet facility for employee at DC office and strengthening of approach road by cement concrete with hume pipe culvert (600 mm dia) and providing pathway for breaker at premises Dabhara under O&M Dn. Sakti.	10.85 Lacs
CEC/D/ W/26-27/10	Annual Sweeping Cleaning at Central Training Institute, Executive Hostel, Lineman Training Centre and premises situated at Gudhiyari Raipur.	12.41 Lacs

Note – (1) The detailed NIT, Tender document & other details can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal NIT value is inclusive of GST@18%

Executive Director (Civil)
CSPDCL Raipur

//Save Electricity// S- 47702/1

कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव (छ.ग.)

// ई-प्रक्योरमेंट निविदा सूचना //

क्रं. 228/ई-टेण्डर/लोक-11/2026-27 राजनांदगांव दिनांक 29/04/2026

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव में निम्न कार्य हेतु आन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है -

सं. क्र.	सिस्टम नं.	कार्य विवरण	लागत राशि लाख में	अंतिम तिथि
1	189403	वार्ड क्र. 12 शिक्षक नगर में पी.सी.सी. रोड एवं नाली निमाण कार्य	11.70	18.05.2026
2	189743	वार्ड क्र. 44 में गौरा चौरा से सुनील यादव घर तक पी.सी.सी. रोड एवं बूढादेव मंदिर से सनासिटी तक नाली निर्माण कार्य	18.85	18.05.2026
3	189789	वार्ड क्र. 16 तुलसीपुर मज्जिद से लेकर चर्च तक इंटरलॉकिग कार्य	11.50	18.05.2026
4	189742	वार्ड क्र.44 में गांधी नगर गली नं. 02 अविनाश गुप्ता घर से संकल्प केबल तक एवं शिक्षक नगर खान नर्सिंग होम के पीछे नाली निर्माण कार्य	19.50	18.05.2026
5	189741	वार्ड क्र.44 विभिन्न गलियों में पी.सी.सी. रोड एवं बजरंग चौक से ग्रीन हाईट तक नाली निर्माण कार्य	21.50	18.05.2026
6	189740	वार्ड क्र.43 में मनोज साहू घर से रमेश भाटिया एवं सेवक साहू घर से छगन गजभिये घर तक पी.सी.सी. रोड एवं बांधेराज के घर से मनोज मरकाम घर तक नाली एवं जलधारा चौक में नाली एवं पी.सी.सी. निर्माण कार्य	19.66	18.05.2026
7	189739	वार्ड क्र.43 में भवानी नगर में नाली एवं नाली कव्हर निर्माण कार्य	10.70	18.05.2026
8	189738	वार्ड क्र.41 में गिरधारी लाल आहूजा से भीमनानी घर तक नाली एवं इंदिरा नगर के विभिन्न गलियों में पी.सी.सी. निर्माण कार्य	14.90	18.05.2026
9	189737	वार्ड क्र.40 विभिन्न गली में पी.सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य	10.50	18.05.2026
10	189736	वार्ड क्र.39 ढीमरा पारा के विभिन्न गली में पी.सी.सी. रोड निर्माण कार्य	11.00	18.05.2026
11	189637	वार्ड क्र.37 तेली पारा में पी.सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य	10.20	18.05.2026
12	189634	वार्ड क्र.36 संजय नगर के पास नया बस्ती में नाली एवं पी.सी.सी. रोड निर्माण कार्य	14.50	18.05.2026
13	189630	वार्ड क्र.34 शनि मंदिर मुकेश लहरे के घर से जंगलेश्वर रोड तक पी.सी.सी. रोड निर्माण कार्य	14.20	18.05.2026
14	189629	वार्ड क्र.33 बैगापारा में भैया दुकान के पास नाली एवं रोशन साहू घर से हाई स्कुल तक पी.सी.सी.निर्माण कार्य	18.80	18.05.2026
15	189631	वार्ड क्र.33 साहू भवन एवं राजीव नगर शिव मंदिर के पास डोम शेड निर्माण कार्य	10.60	18.05.2026

उपरोक्त कार्यो की निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के (लोक कर्म विमा) एवं वेबसाईड www.mcrjn.com & https://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, शुद्धिकरण एवं अमेडमेन्ट हेतु पृथक से विज्ञापन जारी नहीं किया जावेगा। वेबसाईड में ही प्रकाशित किया जावेगा।

आयुक्त,
नगर पालिक निगम, राजनांदगांव

सपना देखना और उसे लक्ष्य में बदलकर निरंतर प्रयास करना ही सफलता की कुंजी: साय

■ बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के 10वीं-12वीं के मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री श्री साय ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए हौसला बुलंद रखना सबसे आवश्यक है। बलरामपुर स्थित सर्किट हाउस में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया और उनके भविष्य के लक्ष्यों के बारे में जानकारी ली। अधिकांश विद्यार्थियों ने डॉक्टर और इंजीनियर बनने की इच्छा व्यक्त की, वहीं कुछ ने भारतीय प्रशासनिक सेवा

और न्यायिक सेवा में जाने का संकल्प व्यक्त किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने विद्यार्थियों के सपनों की सराहना करते हुए कहा कि सपना देखना और उसे लक्ष्य में बदलकर निरंतर प्रयास करना ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि समर्पण, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ मेहनत की जाए, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस उपलब्धि के लिए विद्यार्थियों के अभिभावकों एवं शिक्षकों को भी बधाई देते हुए कहा कि बच्चों की सफलता के पीछे उनके मार्गदर्शन, सहयोग और त्याग की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस अवसर पर जिले के कक्षा 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों में वाड्रफनगर विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करमडीहा की कुमारी प्रतिभा गुप्ता, रामचंद्रपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामवंतपुर की कुमारी स्नेहा कुशवाहा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सनवाल के सोनू, वाड्रफनगर के श्री कृष्णा, आदर्श हायर सेकंडरी विद्यालय बलंगी की कुमारी प्रिया लता कश्यप तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बर्तीकला के अजय गुप्ता, कक्षा 10वीं के मेधावी विद्यार्थियों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामवंतपुर के आर्यन गुप्ता, नेशनल पब्लिक इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल रजखेता की कुमारी आराधना पटेल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रघुनाथनगर की कुमारी रोशनी कांशी, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेमरा कुसमी की आलिया परवीन तथा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रामानुजगंज की आरजू परवीन को मुख्यमंत्री से मिलने और मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर मिला।

न्यूज गैलरी

गेऊर व्यपवर्तन योजना के लिए 33.70 करोड़ रुपये स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग द्वारा बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के विकासखण्ड-राजपुर की गेऊर व्यपवर्तन योजना के कार्य के लिए 33 करोड़ 70 लाख रुपये स्वीकृत किये गये हैं। प्रस्तावित कार्यों के उपरांत 770 हेक्टेयर खरीफएवं 230 हेक्टेयर रबी सहित कुल 1000 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। योजना के कार्यों को पूर्ण कराने के लिए मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग अंबिकापुर को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई हैं।

रेरा का सख्त रुख: हम्मिंग कोट्री प्रोजेक्ट पर जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के कचना स्थित हम्मिंग कोट्री आवासीय परियोजना के निवासियों को राहत मिली है। छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने परियोजना में बुनियादी सुविधाओं की कमी और नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए बिल्डर पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। साथ ही 60 दिनों के भीतर सभी आवश्यक सुविधाएं पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। यह मामला तब सामने आया जब प्रोजेक्ट के निवासी अजय अग्रवाल और अतुल अग्रवाल ने रेरा में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि तय समय सीमा के बावजूद बैडमिंटन कोर्ट, लॉन, क्लब हाउस और सीवरेज सिस्टम में आरसीसी चैंबर जैसी कई जरूरी सुविधाएं अधूरी हैं। निवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि स्विमिंग पूल में इनलेट और आउटलेट की व्यवस्था नहीं है, क्लब हाउस में सोलर सिस्टम लगाने का वादा अधूरा है, भवन की दीवारों में सीलन आ रही है और एसटीपी का कंट्रोल पैनल भी ठीक से काम नहीं कर रहा। इसके अलावा गार्डन का फव्वारा भी बंद पड़ा है, जिससे रहवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मामले की सुनवाई करते हुए रेरा अध्यक्ष संजय शुक्ला ने निवासियों के पक्ष में फैसला सुनाया। प्राधिकरण ने अधिकृत अधिकारी सुमित डडसेना को निर्देशित किया है कि तय समय सीमा में सभी खामियों को दूर किया जाए। रेरा ने यह भी स्पष्ट किया है कि निर्देशों का पालन न करने पर आगे और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सगुनी स्टापडेम तक पहुंच मार्ग के लिए 3.77 करोड़ रुपए स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग द्वारा बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के विकासखण्ड-सिमगा की सगुनी स्टापडेम तक पहुंच हेतु सी.सी. रोड निर्माण कार्य के लिए तीन करोड़ 77 लाख 30 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। निर्माण कार्य कराने के लिए मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार जल संसाधन विभाग रायपुर को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

मोदी राज में महंगाई बेतहाशा बढ़ी गरीब और मध्यम वर्ग परेशान: बैज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मोदी सरकार जब से सत्ता में आई है, महंगाई से देश के नागरिकों की कमर टूटती जा रही है। 2014 में जो गैस का सिलेंडर 410 रु. का था, आज वह 980 रु. के पार है वह भी मिल नहीं रहा । पेट्रोल के दाम 70 रु. प्रति लीटर से बढ़कर 102 रु. प्रति लीटर के पार हो गए हैं जबकि डीजल के दाम 55 रु. प्रति लीटर से बढ़कर 100 रु. प्रति लीटर के करीब पहुंच गए हैं। 5 राज्यो के चुनाव खत्म होते ही मोदी सरकार का असल रूप सामने आ गया है। मोदी सरकार ने महंगाई से जूझ रही जनता एवं मंदी की मार झेल रहीं व्यवसायिक संस्थानो, उद्योगों पर कुठाराघात किया है।घरेलू कामर्शियल सिलेंडर के दाम में बढ़ोतरी कर दिया।एक मुश्त 993 रु की बढोत्तरी एवं प्रवासी श्रमिको एवं गरीब जनता द्वारा उपयोग किये जाने वाले 5 किलो वाली गैस सिलेंडर के दाम में 261 रु की वृद्धि कर दी है।बीते पांच माह में कामर्शियल सिलेंडर के दाम में 1510 रु की वृद्धि हुई है जनवरी में 111रु फरवरी में 50रु मार्च में दो बार मिलाकर 146 रु अप्रैल मे 218 रु एवं मई में 993 रु की वृद्धि हुई है अब घरेलू गैस एवं पेट्रोल डीजल के दाम में भी वृद्धि की संभावना है।इसका सीधा असर आम जनता , उद्योग,होटल रेस्टोरेंट ढाबा एवं कामर्शियल गैस उपयोग करने वाले संस्त्रथानों पर पड़ेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मोदी सरकार देश को असमानता और कर्ज की आग में झोंका, दिया सिर्फधन्ना सेठों को मौका। हाल ही में आई 'ऑक्सफैम' की रिपोर्ट में बताया गया है कि देश के 5 प्रतिशत अमीर लोगों के पास देश की 60 प्रतिशत से ज्यादा संपत्ति है और नीचे के 50 प्रतिशत लोगों के पास देश की मात्र 3 प्रतिशत संपत्ति। विडंबना यह है कि नीचे के इन 50 प्रतिशत लोगों की जीएसटी में हिस्सेदारी 64 प्रतिशत है और ऊपर के 10 प्रतिशत लोगों की जीएसटी में हिस्सेदारी केवल 3 प्रतिशत है जबकि उनके पास देश की 70-80 प्रतिशत संपत्ति है। 'ऑक्सफेम' की रिपोर्ट के मुताबिक कोरोना महामारी की विभीषिका में भी देश के 100 बड़े पूंजीपतियों ने 13 लाख करोड़ रुपए कमाए पर 12 करोड़ मेहनतकश लोगों ने अपना रोजगार खो दिया। मोदी जी के कई मित्रों की आय तो 1,000 रू. करोड़ प्रतिदिन बढ़ रही है। महामारी की विभीषिका में 84 करोड़ लोगों की आमदनी घट गई लेकिन सरकार की मेहरबानी धन्नासेठों पर रही। उनका 16.6 लाख करोड़ रु. से अधिक का बैंक कर्ज बट्टे खाते में डाल दिया गया। मोदी सरकार की सरपरस्ती में 5,35,000 करोड़ रु. के बैंक फ्रॉड हुए और नियोजित रूप से विजय माल्या, नीरव मोदी, मेहुल चोकसी, ऋषि अग्रवाल और संदेसरा बंधु जैसे कई लोगों को देश से भगा दिया गया।

छात्रों के समग्र विकास में अभिभावकों की भूमिका को मजबूत करने के उद्देश्य से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने की नई पहल

सीबीएसई की नई पहल: अब अभिभावकों के लिए 'पैरेंटिंग कैलेंडर', बताएंगे कैसे करें बच्चों का भावनात्मक विकास

रायपुर/नवप्रदेश। छात्रों के समग्र विकास में अभिभावकों की भूमिका को मजबूत करने के उद्देश्य से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने एक नई पहल की है। सीबीएसई ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 'पेरेंटिंग कैलेंडर' लॉन्च किया है। इस पहल की घोषणा बुधवार को की गई। इस पहल की शुरुआत पहली बार शैक्षणिक सत्र 2025-26 में की गई थी, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विजन के अनुरूप थी। इसका उद्देश्य अभिभावकों और स्कूलों के बीच बेहतर तालमेल बनाना और छात्रों के समग्र विकास को बढ़ावा देना था।

पहले ही साल इस पहल को काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली और देशभर में अभिभावकों, शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। सीबीएसई ने इस साल पेरेंटिंग कैलेंडर को और ज्यादा व्यवस्थित और उपयोगी बनाया है। इसमें बेहतर

एंगेजमेंट स्ट्रेटजी, शिक्षकों द्वारा संचालित गतिविधियां और मनोसामाजिक पहलें जोड़ी गई हैं, जो छात्रों के भावनात्मक सामाजिक और शैक्षणिक विकास में मदद करेंगी। बोर्ड के अनुसार, यह पहल आज के बदलते माहौल में अभिभावकों के सामने आने वाली चुनौतियों को भी ध्यान में रखती है। इस बार कैलेंडर में कुछ नए सेक्शन शामिल किए गए हैं। 'इन्क्लूजन' सेक्शन का फोकस विविध पृष्ठभूमि से आने वाले छात्रों के लिए संवेदनशीलता और समान अवसर सुनिश्चित करना है। वहीं 'कोपिंग विद चेंजेस' सेक्शन अभिभावकों और छात्रों को नए पाठ्यक्रम और बदलती शैक्षणिक अपेक्षाओं के साथ तालमेल बैठाने में मदद करेगा। इसके अलावा 'पेरेंटिंग वर्कशॉप्स सेक्शन को भी और मजबूत किया गया है, ताकि स्कूल आयु के अनुसार उपयोगी कार्यक्रम तैयार कर सकें। यह पेरेंटिंग कैलेंडर अभिभावकों और बच्चों के बीच संवाद को बेहतर बनाने के साथ-साथ घर और स्कूल के रिश्ते को मजबूत करने का काम करेगा। साथ ही यह अभिभावकों के लिए एक व्यावहारिक गाइड की तरह होगा, जिससे वे अपने बच्चों के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें। प्राचार्य, शिक्षक, काउंसलर और अभिभावकों को इसकी कार्यप्रणाली समझाई जाएगी।

नीट की परीक्षा: तीन मिनट की देरी पर छात्रा को नहीं मिला सेंटर में प्रवेश, जमीन पर बैठकर फूट- फूट कर रोई

रायपुर/नवप्रदेश। तीन मिनट की देर एक छात्रा की सालभर की मेहनत पर भारी पड़ गई। रविवार को आयोजित नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट अर्थात नीट के लिए रायपुर में 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। दानी गर्ल्स स्कूल में परीक्षा दिलाने पहुंची एक छात्रा निर्धारित समय से तीन मिनट विलंब से पहुंची। छात्रा और उसके परिजन प्रवेश के लिए विनती करते रहे, लेकिन अधिकारियों ने नियमों का हवाला देकर प्रवेश से इनकार कर दिया। अमलीडीह से कालीबाड़ी स्थित गर्ल्स स्कूल पहुंची छात्रा वहीं जमीन पर बैठकर फूट-फूटकर रोने लगी। नियमों को लेकर यह सख्ती लगभग प्रत्येक परीक्षा केंद्र में देखने को मिली। सभी छात्रों को नियमों की इस अग्नि परीक्षा से गुजरना पड़ा। परीक्षा दोपहर 2 बजे प्रारंभ हुई। इसके आधे घंटे पूर्व अर्थात 1.30 मिनट पर परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार बंद कर दिए गए थे। प्रवेश सुबह

11 बजे प्रारंभ हुआ था। रायपुर में बनाए गए 26 केंद्रों में परीक्षा दिलाने 9156 छात्रों ने पंजीकरण कराया था। उपस्थिति का स्तर राजधानी में अच्छा रहा। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, अधिक परीक्षा केंद्रों में उपस्थित छात्रों की संख्या 95 प्रतिशत से अधिक रही। परीक्षार्थियों की संख्या और उनकी सुविधा को देखते हुए अन्य जिलों में भी केंद्र बनाए गए थे। एलन कॅरियर इंस्टिट्यूट रायपुर के सेंटर हेड कुणाल सिंह का मानना है, फिजिक्स में न्यूमेरिकल आधारित प्रश्नों ने कैलकुलेशन में अधिक समय लिया।

गदही तालाब रायपुरा बना जनसहभागिता का प्रतीक, सफाई अभियान के 11 सप्ताह पूर्ण

रायपुर/नवप्रदेश। दिनांक 3 मई 2026 रायपुरा स्थित गदही तालाब में ग्रीन आर्मी रायपुरा जोन द्वारा संचालित सफाई अभियान ने आज एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए लगातार 11 सप्ताह पूर्ण कर लिए हैं। यह अभियान विगत 11 सप्ताह से निरंतर जारी है, जिसमें तालाब की सफाई, कचरा निष्कासन, कंटीली झाड़ियों की कटाई, पचरी सफाई एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न कार्य सतत रूप से किए जा रहे हैं। गार्डन की सुरक्षा एवं असामाजिक तत्वों की निगरानी हेतु आसपास के घरों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को पुनः चालू कर टाइमर भी लगवाया गया है, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा एवं व्यवस्था और सुदृढ़ हुई है। इस अभियान में नगर निगम टीम एवं स्मार्ट सिटी द्वारा विशेष सहयोग प्रदान करते हुए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए– रायपुरा जोन से अध्यक्ष श्री सुबोध कांत निषाद, सचिव श्री मनीष शर्मा, उपाध्यक्ष श्री मेघराज हरिनखेड़े ने बताया कि यह अभियान समाज की सहभागिता और जागरूकता का सशक्त उदाहरण बन चुका है तथा इसे आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा। विशेष रूप से डॉ. भारती श्रीवास्तव एवं श्री श्याम बघेल जी द्वारा शासन-प्रशासन से सतत समन्वय स्थापित कर तालाब संबंधी आवश्यक जानकारी साझा की जा रही है, जिससे अभियान को निरंतर सहयोग प्राप्त हो रहा है। ग्रीन आर्मी के सभी योद्धाओं का समर्पण, मेहनत और सेवा भाव अत्यंत सराहनीय है, जिन्होंने इस अभियान को एक प्रेरणादायक उदाहरण बना दिया है।

कांग्रेस सरकार में बेरोजगारी दर 0.60% था जो ढाई साल में 4.5 प्रतिशत पहुंचा

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार ढाई साल में एक भी युवा को रोजगार नहीं दे पायी है, बल्कि युवाओं से रोजगार छीनने का ही काम किया है। कांग्रेस सरकार में बेरोजगारी दर मात्र 0.60 प्रतिशत था। भाजपा सरकार बनने के बाद बेरोजगारों की संख्या में भारी वृद्धि हुआ है। आज बेरोजगारी दर 4.5 प्रतिशत है। ढाई साल में बीएड शिक्षक, अतिथि शिक्षक, विद्या मितान, क्रेडा के संविदा कर्मचारी, अनियमित कर्मचारी, विद्युत विभाग के कर्मचारी, वन विभाग के संविदा कर्मचारियों, गोठान महिला स्व सहायता समूह, रीपा के तहत रोजगार प्राप्त कर रहे लोगों को काम से बेदखल किया गया, ई-श्रेणी के लाइसेंस में काम कर रहे युवाओं से भी काम छिन गया है, पूरे प्रदेश में विकास कार्य ठप है कोई नई भर्ती पूरी नहीं हुई है पूर्व से चल रही भर्ती में भी नियुक्तियां नहीं दी जा रही है हर विभाग में काम करने वाले युवाओं से उनका हक अधिकार को छीना गया है। ऐसे में साय सरकार का रोजगार देने का दावा सरासर जुमला और मनगढ़ंत आंकड़े हैं।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि ढाई साल में कितने युवाओं को सरकारी नौकरी में भर्ती का अवसर दिया गया है कितने मजदूरों को काम दिया गया है रोजगार देने के लिए क्या नई योजना लायी गयी है? भाजपा की सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ में यूपी की तरह युवा रोजगार के लिए सड़कों पर आंदोलन कर रहे हैं सिर का मुंडन करवा रहे हैं बीएड, डीएड शिक्षक आंदोलन कर रहे।

पुलिस कमिश्नरेट का विशेष अभियान दो आरोपी चाकू के साथ गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस कमिश्नरेट द्वारा शहर में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशन तथा पुलिस उपायुक्त, मध्य जोन के मार्गदर्शन में दिनांक 03.05.2026 को सायं 07:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक मध्य जोन अंतर्गत विशेष सघन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान मध्य जोन के विभिन्न प्रमुख एवं संवेदनशील स्थानों पर रणनीतिक रूप से नाकेबंदी प्वाइंट्स स्थापित कर क्षेत्र की प्रभावी सीलबंदी की गई। विशेष रूप से कालीबाड़ी चौक, जयस्तंभ चौक, फाफाडीह चौक, अग्रसेन धाम टर्निंग तथा फुंडहर चौक पर सघन नाकेबंदी कर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की बारीकी से जांच की गई। इसके साथ ही पेट्रोलिंग टीमों के अतिरिक्त एक विशेष टीम को अड्डेबाजी करने वाले तत्वों एवं सक्रिय बदमाशों की चेकिंग हेतु रवाना किया गया, जिससे भागने का प्रयास कर रहे अपराधियों पर भी त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

रायपुर पुलिस की सरप्राइज चेकिंग, चाकूबाज-शराब तस्कर गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में रविवार शाम पुलिस ने कानून-व्यवस्था मजबूत करने के लिए सख्त तेवर दिखाए। शहर के मध्य जोन में 3 घंटे तक चले विशेष चेकिंग अभियान में चाकूबाज और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों पर कार्रवाई की गई। साथ ही ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर भी शिकंजा कसा गया। यह अभियान शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक चलाया गया। पुलिस आयुक्त के निर्देश और मध्य जोन के पुलिस उपायुक्त के मार्गदर्शन में पूरे इलाके में रणनीतिक तरीके से नाकेबंदी कर एरिया सीलबंदी की गई। प्रमुख चौराहों पर बैरिकेड्स लगाकर हर संदिग्ध व्यक्ति और वाहन की बारीकी से जांच की गई। अभियान के दौरान कालीबाड़ी चौक, जयस्तंभ चौक, फाफडीह चौक, अग्रसेन धाम टर्निंग और फुंडहर चौक (एक्सप्रेस-वे) जैसे संवेदनशील स्थानों पर चेकिंग प्वाइंट बनाए गए। पुलिस की टीमों ने वाहनों की तलाशी ली और संदिग्धों से पूछताछ की। इसके अलावा पेट्रोलिंग टीमों के साथ एक विशेष टीम को अड्डेबाजी करने वाले बदमाशों की धरपकड़ के लिए तैनात किया गया, ताकि मौके से भागने की कोशिश करने वालों को तुरंत पकड़ा जा सके। इसी तरह गंज थाना क्षेत्र में शराब भट्ठी के पास गोपाल दास मानिकपुरी (37) को पकड़ा गया।

मौदहापारा में चाकू लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

मौदहापारा थाना क्षेत्र में दुर्गा कॉलेज के पास एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से बटनदार चाकू बरामद हुआ। आरोपी ने अपना नाम गणेश वर्मा (21) निवासी अशोक नगर बताया। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

ट्रैरिफ दर: बिजली में महंगाई के करंट से फिलहाल राहत, घाटा पूरा करने 20 फीसदी से ज्यादा बढ़ाने पड़ेंगे दाम

जन सुनवाई के बाद ढाई माह से बिजली नियामक आयोग कर रहा मंथन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने नए सत्र के लिए बिजली के टैरिफके लिए जो 63 सौ करोड़ घाटे की याचिका लगाई है, उसके कारण ही इस बार पेंच फंस गया है। बिजली नियामक आयोग में फरवरी में की गई जनसुनवाई के बाद से ही लगातार ढाई माह से मंथन चल रहा है, पर अब तक कोई फैसला नहीं हो सका है। अगर आयोग पूरा घाटा मंजूर करता है तो बिजली के दाम 20 फीसदी से भी ज्यादा बढ़ाने पड़ सकते हैं। इसके कारण लंबा समय लग रहा है कि आखिर ऐसा क्या किया जाए, जिससे उपभोक्ताओं पर भार कम पड़े।

यही वजह है कि अप्रैल से लागू होने वाली नया टैरिफ अभी मई में लागू न हो पाने के कारण अभी राहत है, लेकिन अगले माह टैरिफबढ़ने से आफत का आना भी तय है। पॉवर कंपनी ने नए सत्र 2026-27 के लिए पूरा लेखा-जोखा बनाकर नियामक आयोग में नए टैरिफ के लिए याचिका दायर की है। इस याचिका में बताया गया है कि प्रचलित दर से 26216 करोड़ का राजस्व मिलने की संभावना है। इसी के साथ साल भर का खर्च 25460 करोड़ बताया गया है।

नया टैरिफ तय करने की रखी गई मांग

ऐसे में 756 करोड़ का फायदा होगा। लेकिन इसी के साथ पिछले सत्रों की अंतर की राशि का उल्लेख करते हुए बताया गया है कि, नए सत्र के फायदे को पुराने अंतर की राशि में कम करने के बाद भी 63 सौ करोड़ के राजस्व की और जरूरत होगी। नए सत्र में 26 सौ करोड़ का राजस्व मिलेगा, पुराना घाटा 63 सौ करोड़ है, ऐसे में नए सत्र के लिए कुल 32 हजार पांच सौ करोड़ से ज्यादा के राजस्व की जरूरत बताई गई है। इस जरूरत के हिसाब से ही नया टैरिफ तय करने की मांग रखी गई है।

63 सौ करोड़ रुपये का घाटे

बिजली नियामक आयोग अब जनसुनवाई के बाद लेखा जोखा देख रहा है। आयोग तय करेगा कि वास्तव में कंपनी का कितना घाटा मान्य होगा। जानकारों के मुताबिक अगर आयोग ने 63 सौ करोड़ के घाटे को पांच हजार करोड़ भी माना तो इसके कारण बिजली की कीमत 20 फीसदी तक बढ़ानी पड़ेगी। बीते साल पांच सौ करोड़ का घाटा मानने पर दो फीसदी दाम बढ़े थे। ऐसे में आयोग भी परेशान है कि आखिर क्या किया जाए। ऐसे में फैसला लेने में थोड़ा विलंब हो रहा है।

अंतरराष्ट्रीय अग्निशमन दिवस: संकट की घड़ी में सेवा, साहस और बलिदान की अदम्य गाथा

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि : एक त्रासदी से जन्मा वैश्विक संकल्प

मानव सभ्यता की विकास यात्रा में अग्नि ने एक आधारभूत शक्ति के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह ऊर्जा, उन्नति और प्रकाश का स्रोत रही है। पर यही अग्नि जब नियंत्रण से बाहर हो जाती है, तो विनाश और त्रासदी का रूप धारण कर लेती है। इस सृजन और संहार के द्वंद्व के बीच जो शक्ति मानवता की रक्षा में अडिग खड़ी रहती है, वे हैं अग्निशमनकर्मी, जो संकट की हर घड़ी में जीवन और आशा के प्रहरी बनते हैं।प्रत्येक वर्ष 4 मई को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय अग्निशमन दिवस इन्हीं साहसी योद्धाओं के प्रति वैश्विक सम्मान, कृतज्ञता और स्मरण का अवसर है। यह दिवस केवल औपचारिक श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि एक सामूहिक चेतना है, जो हमें सुरक्षा, सेवा और मानवता के प्रति अपने दायित्वों का बोध कराता है। अंतरराष्ट्रीय अग्निशमन दिवस की उत्पत्ति एक ऐसी मार्मिक घटना से जुड़ी है, जिसने पूरी दुनिया को झकझोर दिया। वर्ष 1998 में ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य में लिंटन बुशफायर की भीषण आग लगी, जिसमें आग पर काबू पाने के प्रयास के दौरान पांच अग्निशमन कर्मियों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी। यह घटना केवल एक स्थानीय त्रासदी नहीं रही, बल्कि इसने वैश्विक स्तर पर अग्निशमन कर्मियों के जोखिम, समर्पण और बलिदान को उजागर किया। इसी भावनात्मक पृष्ठभूमि में वर्ष 1999 से 4 मई को अंतरराष्ट्रीय अग्निशमन दिवस के रूप में मनाने की परंपरा प्रारंभ हुई। इस तिथि का विशेष महत्व इसलिए भी है क्योंकि यह 'सेंट फ्लोरियन' का स्मृति दिवस है, जिन्हें अग्निशमन कर्मियों का संरक्षक संत माना जाता है। इस दिवस का प्रतीक "लाल और नीला रिबन" है जहां लाल रंग अग्नि की तीव्रता और खतरे का द्योतक है, वहीं नीला रंग जल, शांति और नियंत्रण का प्रतीक है। यह प्रतीक न केवल आग और जल के संतुलन को दर्शाता है, बल्कि अग्निशमन कर्मियों के साहस और सेवा भावना का भी सशक्त प्रतिनिधित्व करता है। विश्व स्तर पर आग की घटनाएं प्रतिवर्ष व्यापक जन-धन हानि का कारण बनती हैं। अनुमानतः दुनिया भर में लगभग 2 लाख लोग हर साल आग से संबंधित दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवाते हैं, जबकि सैकड़ों अरब डॉलर मूल्य की संपत्ति नष्ट हो जाती है। भारत में भी स्थिति अत्यंत चिंताजनक है, जहां प्रतिवर्ष लगभग 15-25 हजार लोगों की मृत्यु होती है और ?1 लाख करोड़ से अधिक की आर्थिक क्षति होती है। घरों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों और जंगलों में लगने वाली आग इसके प्रमुख कारण हैं।

गई ममता, गया गोगोई, गया स्टालिनवाद भारत में अब चलेगा मोदी का राष्ट्रवाद

नई दिल्ली/ए.। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम, केरल और पुडुचेरी में हुए विधानसभा चुनाव के लिए आज वोटों की गिनती हो रही है। सामने आए अब तक के आंकड़ों में बीजेपी ने शानदार प्रदर्शन किया है और कांग्रेस केवल केरल में अपनी स्थिति सुधार पाई है। इस बीच बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा, ÷मैं सिर्फ एक लाइन कहूंगा- गई ममता, गया गोगोई, गया स्टालिनवाद, भारत में अब टूट के चलेगा मोदी का राष्ट्रवाद। खबर लिखे जाने तक पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनावों में बीजेपी ने 191 सीटों पर बढ़त बनाई और टीएमसी 84 सीटों पर सिमट गई। असम में बीजेपी ने बढ़त बनाई और कांग्रेस सिमट गई। केरल में यूडीएफ ने भारी बढ़त बनाई है।

तमिलनाडु में नई पार्टी टीवीके ने कमाल कर दिया और सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी।

पुडुचेरी में अब तक AINRC ने 9 सीटें जीत ली हैं। बीजेपी ने 2 सीटें जीती हैं और एक पर आगे चल रही है। IND ने एक सीट जीती है 2 सीटों पर आगे है। INC एक सीट पर जीती है। LJK एक सीट पर आगे चल रही है। पश्चिम बंगाल और असम में बीजेपी के शानदार प्रदर्शन से बीजेपी कार्यकर्ताओं में उत्साह नजर आ रहा है और बीजेपी मुख्यालय में जश्न की तैयारियां हो रही हैं। बंगाल में बीजेपी ने तृणमूल कांग्रेस को सत्ता से बेदखल किया और अब वहां बीजेपी की सरकार बनेगी। बीजेपी के लिए आज का दिन बेहद शानदार रहा है।

पश्चिम बंगाल जीत के बाद केशव प्रसाद मौर्य का बड़ा दावा

कोलकाता/ए.। वेस्ट बंगाल में में बीजेपी की जीत के बाद पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं का उत्साह शिखर पर है। इसी कड़ी में यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के साथ फोटो शेयर की और एक बड़ा सियासी मैसेज देते हुए यूपी के आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर बड़ी भविष्यवाणी कर दी है। केशव प्रसाद मौर्य ने अपने ऑफिशियल एक्स अकाउंट पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक संग एक तस्वीर शेयर की। इस तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, ÷पश्चिम बंगाल में खिला है 'भरोसे' का कमल, 2027 में यूपी में भी होगा यही परिणाम। डिप्टी सीएम मौर्य के इस सोशल मीडिया पोस्ट के बाद राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। माना है कि बंगाल में मिली कामयाबी को बीजेपी अब यूपी के चुनावी नैरेटिव से जोड़ने का प्रयास करेगी। पार्टी का कहना है कि बंगाल की इस जीत से बीजेपी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा और इसका प्रभाव 2027 के इलेक्शन में भी दिखाई देगा। वहीं, विपक्षी पार्टियां इस स्टेटमेंट को चुनावी उत्साह में किया गया दावा बता रहे हैं। उनका मानना है कि उत्तर प्रदेश की सियासी परिस्थितियां पश्चिम बंगाल से अलग हैं। बंगाल के मुद्दे, जातीय समीकरण और लोकल हालात चुनावी रिजल्ट को तय करते हैं। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की लीडरशिप में बीजेपी पहले से ही सरकार में है और पार्टी तीसरी बार सरकार बनाने का टारगेट लेकर चल रही है। ऐसे में बंगाल की विजय को बीजेपी अपने लिए 'मोरल बूस्टर' के रूप में पेश कर रही है। देखना होगा कि क्या पश्चिम बंगाल की जीत का प्रभाव वाकई उत्तर प्रदेश की राजनीति में दिखेगा या यह सिर्फ सियासी बयानबाजी तक सीमित रहेगा।

चुनावी नतीजों पर बाबा रामदेव ने दी प्रतिक्रिया

योगगुरु बाबा रामदेव ने दी प्रतिक्रिया

चुनाव परिणामों पर योग गुरु बाबा रामदेव कहते हैं, सभी पांच राज्यों की दिशा अब स्पष्ट है। पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और हमारे अदम्य परिश्रम और वीरता के नायक, हमारे अटूट संकल्प और दृढ़ निश्चय के माध्यम से सफलता के पथ पर अग्रसर श्री अमित शाह और उनके योद्धाओं के नेतृत्व में भव्य विजय प्राप्त हो रही है।

चुनावी नतीजों पर सीएम योगी की प्रतिक्रिया

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि, 'आदरणीय प्रधानमंत्री श्री @narendramodi जी के यशस्वी नेतृत्व एवं लोक-कल्याणकारी नीतियों पर देश वासियों का अटूट विश्वास है, जो आज विधान सभा चुनाव के ऐतिहासिक परिणामों के रूप में पुनः परिलक्षित हुआ है। पश्चिम बंगाल में पहली बार, असम में लगातार तीसरी बार और पुडुचेरी में दूसरी बार भाजपा-ह्रष्ठ गठबंधन की सरकार बनना इसी अगाध विश्वास का सुफल है। जन-जन का यह अभूतपूर्व जनादेश प्रधानमंत्री जी के 'नए भारत-विकसित भारत' के विराट संकल्प की सिद्धि को एक नई गति प्रदान करेगा।

'पहले शक किया.. फिर ताज पहनाया'

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में अभिनेता विजय ने सबको हैरान कर दिया है। 49 साल से राज कर रही द्रमुक और अन्नाद्रमुक को पछाड़कर अभिनेता विजय की दो साल पुरानी पार्टी टीवीके ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में कमाल कर दिया है। तमिलनाडु में टीवीके की बढ़त के साथ ही पार्टी रथ पर सवार होती दिख रही है। इस जीत और उम्दा प्रदर्शन के लिए तमाम सेलेब्स ने विजय को बधाई दी है। तमिलनाडु विधानसभा चुनावों की शुरुआती गिनती के रुझानों में अभिनेता विजय की पार्टी को कुल 234 सीटों में से 108 सीटों पर बढ़त मिलती देख, उन्हें बधाइयां मिलने लगीं। एक्टर नानी ने विजय को बधाई देते हुए लिखा, 'बधाई हो विजय सर। पहले शक किया गया और फिर ताज पहनाया गया। यह हमारे घर में हुआ था और अब हमारे पड़ोसी घर में हो रहा है। किसी कमजोर का जीतना हमेशा 'एब्सोल्यूट सिनेमा' होता है (या मुझे 'एब्सोल्यूट पॉलिटिक्स' कहना चाहिए?)), उम्मीद है कि तमिलनाडु की जनता के लिए आगे भी बेहतरीन चीजें होंगी, जिन्होंने अपना फैसला साफ कर दिया है'। अभिनेत्री काजल अग्रवाल ने एक्स पर पोस्ट साझा कर विजय को बधाई दी है। उन्होंने लिखा है, 'इस शानदार और जबरदस्त जीत के लिए विजय को बहुत-बहुत बधाई! यह पल आपके विजन, आपकी लगन और लोगों के आपके लिए अटूट प्यार का सच्चा सबूत है। तमिलनाडु के लोगों ने अपनी बात रखी है- जोरदार, साफ और बहुत गर्व के साथ। यह सिर्फ एक जीत नहीं है, यह लाखों लोगों के साथ एक गहरे, मजबूत कनेक्शन का जश्न है। इस प्रेरणा देने वाले नए चैप्टर में कदम रखते हुए आपको बहुत ताकत और सफलता की शुभकामनाएं। आप वह बदलाव लाएं, जिसकी बहुत से लोग उम्मीद कर रहे हैं। इस शानदार कामयाबी के लिए एक बार फिर बधाई'।

ऑपरेशन सिंदूर का 1 वर्ष पूरा, सेनाओं का शौर्य याद आता है: रक्षामंत्री

नई दिल्ली/ए.। ऑपरेशन सिंदूर का 1 वर्ष पूरा हो चुका है। जब भी ऑपरेशन सिंदूर की बात आती है, तो सेनाओं का शौर्य याद आता है। आतंकियों और उनके सरपरस्तों को जो मुंहतोड़ जवाब हमारे सैनिकों ने दिया, उससे पूरे देश का सिर गर्व से ऊंचा हो गया। ये तो फिर भी अच्छा हुआ कि हमने धैर्य दिखाते हुए, केवल आतंकवादियों को ही नेस्तनाबूत किया, नहीं तो हमारी सेनाएं क्या कुछ करने में सक्षम है, इसका अंदाजा तो पूरी दुनिया को है। सोमवार को यह बात रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अपने आप में टेक्नोलॉजी वॉरफेयर का एक उदाहरण था। इस ऑपरेशन में आकाश तीर, आकाश मिसाइल सिस्टम और ब्रह्मोस जैसी एडवांस मिसाइल सिस्टम के साथ-साथ, अनेक आधुनिक उपकरणों का भी उपयोग किया गया। इसने यह साबित किया कि हमारी सेनाएं बदलाव को समझ भी रही हैं और उसे आत्मविश्वास के साथ उपयोग भी कर रही हैं। रक्षामंत्री सोमवार को भारतीय सेना के 'नॉर्थ टेक सिम्पोजियम' में बोल रहे थे। इस सिम्पोजियम को आयोजित करने का उद्देश्य रक्षा त्रिवेणी संगम है। यानी जहां तकनीक, उद्योग और सैनिक एक साथ एक मंच पर मिल रहे हैं। यहां बोलते हुए रक्षामंत्री ने कहा कि अगर हम युद्ध प्रणाली को देखें, तो पहले के समय में, कम से कम हमें इस बात का मोटा-मोटा अंदाजा होता था कि सामने वाला क्या कर सकता है। उसकी सैन्य क्षमता, उसके प्लेटफार्म, उसकी डोक्ट्रीन, इन सबका अंदाजा होता था। लेकिन अब, लगातार एक ऐसा चौंकाने वाला तत्व सामने आ रहा है, जिसके बारे में पहले कभी सोचा ही नहीं जा सकता था। जिन चीजों को हम सामान्य नागरिक जीवन का हिस्सा मानते थे, वे अब घातक हथियारों में बदल रही हैं। रक्षामंत्री ने कहा कि हमें सिर्फ एक्टिव ही नहीं रहना है, बल्कि प्रोएक्टिव भी रहना है। हर प्रकार की स्थिति के लिए तैयार भी रहना है उन्होंने बताया कि हमारी सेनाओं ने और हमारी उद्योगों ने बदलती हुई परिस्थितियों का बहुत अच्छे से आकलन किया है। उन्होंने कहा कि इनकी तैयारी बिलकुल सटीक रहती है। इसके सबसे बड़े उदाहरण के रूप में तो ऑपरेशन सिंदूर ही हमारे सामने है। उन्होंने बताया कि रक्षा क्षेत्र में इन प्रयासों का असर दिख भी रहा है। घरेलू रक्षा उत्पाद 2025-26 में, 1 लाख 54 हजार करोड़ रुपए के रिकॉर्ड आंकड़े तक पहुंचा। आकंड़े बताते हैं , हमारा घरेलू रक्षा उत्पाद, वित्त वर्ष 2025-26 में, 1 लाख 54 हजार करोड़ रुपए के रिकॉर्ड आंकड़े तक पहुंच गया।

जेएएल मामले में अदाणी ग्रुप को बड़ी जीत NCLAT ने वेदांता की याचिका खारिज की

नई दिल्ली/ए.। एनसीएलएटी ने जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के लिए अदाणी समूह की 14,535 करोड़ रुपये की समाधान योजना को मंजूरी दे दी और वेदांता समूह की याचिका खारिज कर दी। अदालत ने माना कि लेनदारों की समिति का निर्णय उचित था और प्रक्रिया में कोई अनियमितता नहीं हुई। जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) के लिए अदाणी ग्रुप की समाधान योजना को राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलएटी) से मंजूरी मिल गई है। साथ ही, इसके प्रोसेस को चुनौती देने वाली वेदांता ग्रुप की याचिका को खारिज कर दिया गया है। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अशोक भूषण और तकनीकी सदस्य बरुन मित्रा की अध्यक्षता वाली पीठ ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) के पूर्व आदेश को बरकरार रखा और कहा कि निर्णय लेने वाले प्राधिकरण के फैसले में हस्तक्षेप करने का कोई आधार नहीं है। न्यायाधिकरण ने यह भी माना कि लेनदारों की समिति (सीओसी) द्वारा वेदांता की समाधान योजना को अस्वीकार करना उचित था। एनसीएलएटी ने पाया कि 14 नवंबर, 2025 को हुई अपनी 24वीं बैठक में समिति द्वारा परिशिष्ट पर विचार न करने का निर्णय न तो अमान्य था और न ही अनुचित। न्यायालय ने आगे कहा कि समाधान योजना में कोई अनियमितता नहीं हुई है और समिति के व्यावसायिक विवेक को बरकरार रखते हुए प्रक्रिया को प्रभावी रूप से वैध ठहराया। न्यायालय ने कहा कि हमें निर्णय लेने वाले प्राधिकरण द्वारा पारित आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई आधार नहीं मिलता है।

क्या है मामला?

जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) को एनसीएलटी की इलाहाबाद बेंच द्वारा 3 जून, 2024 को कॉर्पोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया में शामिल किया गया था। इससे पहले, अपीलीय न्यायाधिकरण ने वेदांता द्वारा उठाई गई आपत्तियों के बावजूद, अदाणी समूह की समाधान योजना के कार्यान्वयन पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया था। वेदांता ने तर्क दिया था कि उसकी बोली वित्तीय रूप से बेहतर थी।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग क्र.1, लोक निर्माण विभाग, रायपुर (छ.ग.)

ज्ञाप. क्र. 01/व.ले.लि./2026-27 रायपुर, दिनांक 30.04.2026

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना
(द्वितीय आमंत्रण)

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु अवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि — 08.05.2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि — 14.05.2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. प्राप्त निविदाएं खोलने की तिथि — 15.05.2026 पूर्वान्ह 11.30 बजे
4. अर्ह ठेकेदारों की श्रेणी — ई-पंजीयन के अन्तर्गत 'द' श्रेणी से 'अ' तक

एन. आई. टी क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) बैंक साल्वेंसी (रू.में) निविदा प्रपत्र की कीमत (रू.में) कार्य पूर्ण करने हेतु समयावधि
01	Special repair for construction of boundary wall, Ladies Toilet and repair of old toilets NH Campus, Pensionbada, Raipur.	4.93 लाख 5000.00 25000.00 750.00 02 माह

टीप - निविदा संबंधी शर्तें एवं अन्य विवरण विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwd/raipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इसका अवलोकन संबंधित संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग क्र.1,
लो.नि.वि. रायपुर (छ.ग.)

जी- 262700496/2

कार्यालय कलेक्टर (आबकारी) जिला गरियाबंद (छ.ग.)

क्रमांक/सी.एस.एम.सी.एल/दु.नि./2026/317

गरियाबंद, दिनांक 30/4/2026

जिले की देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान बासीन हेतु ग्राम बासीन में भवन/परिसर किराये पर लेने हेतु लघु निविदा सूचना ।

कार्यालय छत्तीसगढ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा जिला गरियाबंद की देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान बासीन हेतु ग्राम बासीन में भवन / परिसर भाड़े पर लिये जाने हेतु इच्छुक निविदाकारों से बंद लिफाफे में निविदाएँ (तकनीकी बिड/प्राईज बिड पृथक-पृथक) दिनांक 11.05.2026 को दोपहर 2.00 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी में आमंत्रित की जाती है। सीलबंद लिफाफा में प्राप्त निविदाएं उपस्थित निविदाकारों प्रतिनिधियों के समक्ष दिनांक 11.05.2026 को समय 04.00 बजे समिति द्वारा खोली जावेगी। निविदा की विस्तृत शर्तें/ नियम निविदा प्रपत्र आदि की जानकारी अवकाश दिवसों को छोड़कर निविदा प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि के एक दिवस पूर्व तक कार्यालयीन समय पर कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी गरियाबंद सह जिला प्रबंधक छत्तीसगढ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड जिला गरियाबंद से रूपये 1000/- (एक हजार रूपये मात्र) के बैंक ड्राफ्ट जिला प्रबंधक सी.एस.एम.सी.एल के नाम से जमा कर प्राप्त की जा सकेगी।

जी- 262700501/3

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (वि./ यां.) संभाग जगदलपुर (छ.ग.)

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 1363/व.ले.लि./NIT-01/2026-27/ जगदलपुर, दिनांक 30/04/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से "प्रपत्र-ए" में प्रतिशत दर पर निम्नलिखित कार्यो हेतु मैन्यूअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 08/05/2026 अपरान्ह 5:30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 15/05/2026 अपरान्ह 5:30 बजे तक
निविदा खोलने की अंतिम तिथि - 20/05/2026 पूर्वान्ह 11:30 बजे से

निविदा क्र.	कार्य का नाम प्रथम आमंत्रण	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में)	कार्य की अवधि
T002	Providing and Fixing Air Conditioner in the PWD E/M Division Office Building at Jagdalpur Dist Bastar	3.53 2700.00	01 माह
T003	Providing and Fixing Air Conditioner in the Superintendent Engineer PWD B/R Circle Building at Jagdalpur Dist Bastar	3.53 2700.00	01 माह
T004	Supplying Installation, Testing & Commissioning of Flood Lighting Work at Kucchiguda Gram Panchayat Baniyagaon Block Bastar Dist. Bastar	5.08 3900.00	02 माह
T005	Providing and Fixing Electrical installation in Jevik Bajar Office and Millet Cafe Dantewada Dist Dantewada	8.50 6400.00	01 माह
T006	Balance work for Lights, Fan, Service Cable and panel Board Installation and Other Electrification work in the 100 Seater Boys Hostel Building at Dantewada Dist. Dantewada	9.92 7500.00	02 माह
T007	Providing and Fixing Additional Electric Works in the Transit Hostel Building at Sukma Dist Sukma	4.39 3300.00	02 माह
T008	Providing and Fixing Street Light in the CHC Building at Dornapal Dist Sukma	4.50 3400.00	02 माह
T009	Providing and Fixing Electric Installation in Renovation Works in the Eklavya Adharsh Avashiya Vidhyalaya at Sukma Dist. Sukma	4.00 3000.00	01 माह
T010	Providing and Fixing Electric Installation Renovation Works of Govt College at Konta Dist Sukma	5.00 3750.00	01 माह
T011	Providing And Fixing Electric Installation in Tehsil Office Building at Jagargunda Dist. Sukma	6.62 5000.00	12 माह
T012	Providing and Electric Installation in the Construction of Assistant fo Strenghening of Tasar Seed multification Infrastructure (Troopical Structure) Establisment of Basic Seed Production Unit Building at Naimed Dist. Bijapur	5.02 3800.00	12 माह

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अन्तर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि./ यां.) संभाग जगदलपुर (छ.ग.)

जी- 262700504/2

कोसारटेड़ा परियोजना: 6 माह की असुविधा के बीच भविष्य की सिंचाई सुरक्षा का मजबूत आधार

- नहर बंद, लेकिन विकास की दिशा में बड़ा कदम
- बस्तर के किसानों के लिए वरदान बनती बहुप्रतीक्षित परियोजना

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले में किसानों के लिए जीवनरेखा मानी जाने वाली कोसारटेड़ा मध्यम सिंचाई परियोजना इन दिनों व्यापक सुधार कार्यों के दौर से गुजर रही है। मुख्य नहर पिछले 6 माह से बंद होने के कारण रबी फसल की सिंचाई प्रभावित जरूर हुई, लेकिन यह अस्थायी असुविधा भविष्य की स्थायी सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में उठाया गया निर्णायक कदम साबित हो रहा है। वर्षों से जर्जर हो चुकी नहरों की लाइनिंग में क्षति के कारण पानी का भारी नुकसान हो रहा था, जिससे परियोजना की वास्तविक क्षमता प्रभावित हो रही थी।

अब इस समस्या के समाधान के लिए व्यापक जीर्णोद्धार कार्य युद्धस्तर पर जारी है। तकनीकी उन्नयन और मरम्मत के जरिए नहरों को आधुनिक और मजबूत बनाया जा रहा है, जिससे आने वाले वर्षों में किसानों को निर्बाध सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। यह परियोजना न केवल वर्तमान जरूरतों को पूरा करेगी, बल्कि भविष्य की कृषि आवश्यकताओं को भी ध्यान में रखकर तैयार की जा रही है।

कोसारटेड़ा परियोजना विकास की कहानी: कोसारटेड़ा मध्यम सिंचाई परियोजना बस्तर जिले के सालेमेटा गांव के पास मार्कंडी नदी पर निर्मित है, जो इंद्रावती की सहायक नदी है और जगदलपुर से लगभग 54 किमी दूर स्थित है। इस परियोजना से प्रारंभिक रूप से 11,120 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता विकसित की गई थी, लेकिन समय के साथ नहरों की जर्जर स्थिति के कारण इसका पूरा लाभ किसानों तक नहीं पहुंच पा रहा था। इसी समस्या के समाधान के लिए 41.32 करोड़ रुपये की लागत से मुख्य नहर (0 से 24 किमी) के जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ किया गया, साथ ही 11.97 करोड़ रुपये की लागत से फरसागुड़ा उद्वहन योजना को भी स्वीकृति दी गई। वर्तमान में कार्य युद्धस्तर पर जारी है, जिससे 5,000 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि को सिंचाई सुविधा मिलने के साथ लगभग 40 गांवों के किसानों को आगामी 50 वर्षों तक स्थायी जल उपलब्धता सुनिश्चित होने की संभावना है, जिससे बस्तर में कृषि विकास को नई गति मिलेगी।

50 वर्षों तक सिंचाई का मजबूत आधार

मंत्री केदार कश्यप की पहल पर कोसारटेड़ा बांध की मुख्य नहर (आरडी 0 से 24 किमी) सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के लिए 41.32 करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। इसके साथ ही फरसागुड़ा उद्वहन सिंचाई योजना के लिए 11.97 करोड़ रुपये अलग से मंजूर किए गए हैं। इस बड़े निवेश से न केवल मौजूदा 11,120 हेक्टेयर सिंचित क्षेत्र को सुदृढ़ किया जाएगा, बल्कि अतिरिक्त 5,000 हेक्टेयर भूमि को भी सिंचाई के दायरे में लाने का लक्ष्य रखा गया है। इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद लगभग 40 गांवों के हजारों किसानों को आगामी 50 वर्षों तक स्थायी सिंचाई सुविधा मिलने की उम्मीद है। इससे कृषि उत्पादन में वृद्धि के साथ किसानों की आय में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। जल संसाधन विभाग द्वारा किए जा रहे इन प्रयासों से बस्तर क्षेत्र में कृषि समृद्धि की नई नींव रखी जा रही है।

किसानों को लाभ

परियोजना के सुदृढ़ीकरण से क्षेत्र के किसानों को दीर्घकालीन लाभ मिलेगा और सिंचाई व्यवस्था अधिक प्रभावी व टिकाऊ बन सकेगी।

- वेद पांडे, (अधीक्षण अभियंता, इन्द्रावती परियोजना)

न्यूज गैलरी

पहाड़ से नीचे उतरकर 11 हाथी पहुंचे कलमहीडांड, निगरानी में जुटा वन विभाग

कोरबा/नवप्रदेश। वनमण्डल कटघोरा के जटगा रेंज अंतर्गत स्थित मेढ़उड पहाड़ पर मौजूद 44 हाथियों में से 11 हाथी नीचे उतरकर कलमहीडांड पहुंच गये, जबकि 33 हाथी अभी भी पहाड़ पर विचरण कर रहे है। 11 हाथियों के नीचे उतरने और कलमहीडांड पहुंचने की सूचना मिलने पर वन विभाग अधिकारी व कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे और हाथियों की निगरानी में जुट गये है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक पहाड़ से नीचे उतरे हाथियों ने तत्काल कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है, फिर भी विभाग अपनी ओर से सतर्कता बरत रहा है। कलमहिडांड व आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है। इनसे कहा जा रहा है कि हाथियों का दल पहाड़ से नीचे उतरकर क्षेत्र के जंगल में नदी किनारे विचरण कर रहे है। अतः हाथियों की मौजूदगी वाले क्षेत्र में न जाये। यदि किसी कारणवश जंगल जाना जरूरी हुआ तो वे सावधानी बरतें।

2 दिनों में 68 ड्राइवर धराए सड़क सुरक्षा पर सख्त संदेश

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा की सड़कों पर अब लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं बची है क्योंकि सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के तहत पुलिस ने ऐसा सख्त एक्शन लिया है जिसने नशे में वाहन चलाने वालों की नींद उड़ा दी है, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और एसडीओपी के मार्गदर्शन में कोरबा पुलिस और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने जिलेभर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया, दो दिनों तक लगातार सड़कों पर उतरी पुलिस ने हर गुजरते वाहन पर नजर रखी, जांच के दौरान जैसे ही चालक नशे में मिला, तुरंत मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई, इस सघन अभियान में कुल 68 वाहन चालकों पर कानूनी शिकंजा कसा गया जिनमें दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहन चालक शामिल रहे, पुलिस की इस संयुक्त कार्रवाई का मकसद साफ था–सड़क सुरक्षा को खतरे में डालने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा, अभियान के दौरान हर चौराहे, हर मुख्य मार्ग पर चेकिंग पॉइंट बनाए गए, पुलिस ने तकनीकी उपकरणों और सख्त निगरानी के जरिए शराब पीकर वाहन चलाने वालों को चिन्हित किया और मौके पर ही कार्रवाई कर दी।

तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार तीन छात्रा को मारी टक्कर, एक की मौत

भिलाई/नवप्रदेश। तेज रफ्तार ट्रक चालक ने जुपिटर सवार तीन स्कूली छात्रा को चपेट में लिया। घटना में छात्राएं घायल हो गई है। उपचार के लिए अस्पताल लेकर जाया गया, जहां एक छात्रा की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक, घासीदास नगर के पास ट्रक चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए जुपिटर सवार प्रीति, लक्ष्मी, हिमानी को पीछे से जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में प्रीति कुमारी की मौत हो गई है। वही लक्ष्मी और हिमानी घायल है। चालक को पुलिस ने पकड़ लिया है। तीनों छात्राएं नालंदा स्कूल में पढ़ाई करती है। जामुल के पास जूस दुकान में रुक कर तीनों जूस भी पिया था। उसके बाद अपनी सहेली हिमानी को छोड़ने के लिए जामुल की ओर जा रहे थे। तभी हादसा होना बताया गया है। घटना की खबर लगते ही आसपास के लोगों को भीड़ लग गई थई। ट्रक चालक ठोकर मारकर फरार हो गया था। उसे दो किमी तक पीछे कर पकड़ा गया है। हादसे की जानकारी लगने के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। लोगों का कहना है कि वाहनों की रफ्तार के कारण रोज हादसे हो रहें हैं। सड़क दुर्घटनाओं में लगातार जाने जा रहीं हैं। इस पर रोक लगाने वाहनों पर कार्रवाई हो। पुलिस के अनुसार शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा गया है। बताया गया है कि वाहन को लक्ष्मी चला रही थी, पीछे प्रीति बैठी थी। सीएसपी प्रशांत पैकरा ने बताया कि घटना में एक युवती की मौत हो गई है।

स्कूल के पास सट्टा खेलते आरोपी गिरफ्तार 44 हजार की नकदी और सामान जब्त

दुर्ग/नवप्रदेश। शासकीय स्कूल के ठीक पास चल रहे सट्टे के खेल पर आखिरकार पुलिस का शिकंजा कस गया और दुर्ग जिले के नंदिनी नगर क्षेत्र में एक बड़ा खुलासा सामने आया, जहां मुखबिर की सटीक सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने ग्राम बानबरद में घेराबंदी कर मौके से एक आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया, कार्रवाई इतनी त्वरित थी कि आरोपी संभल भी नहीं पाया और उसके कब्जे से सट्टा पट्टी, मोबाइल फोन, नगदी रकम और मोटर सायकल समेत कुल 44,310 रुपये की सामग्री जब्त कर ली गई, दिनांक 03 मई 2026 को मिली इस सूचना के बाद थाना नंदिनी नगर पुलिस ने बिना समय गंवाए मौके पर दबिश दी और संदेही को पकड़कर पूछताछ की, जिसने अपना नाम हमीद अली, उम्र 39 वर्ष, निवासी ग्राम कोड़िया, थाना नंदिनी नगर, जिला दुर्ग बताया, जांच में सामने आया कि वह शासकीय स्कूल के पास बैठकर अवैध रूप से सट्टा संचालन कर रहा था और इसी के जरिए पैसे कमा रहा था।

नवा रायपुर में आईपीएल मैच, 50 हजार दर्शकों के लिए सुरक्षा अलर्ट, पार्किंग बनी सबसे बड़ी चुनौती

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 10 और 13 मई को होने वाले आईपीएल टी-20 मुकाबलों को लेकर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने की तैयारी तेज कर दी गई है। दोनों मैचों में 50 हजार से अधिक दर्शकों के पहुंचने की संभावना है, जबकि लगभग 20 हजार वाहनों के स्टेडियम क्षेत्र में आने का अनुमान है। ऐसे में पुलिस और प्रशासन के सामने सबसे बड़ी चुनौती पार्किंग और ट्रैफिक मैनेजमेंट की बन गई है।

पार्किंग क्षमता कम, व्यवस्थाओं पर सवाल: स्टेडियम के आसपास 11 पार्किंग स्थल चिन्हित किए गए हैं, लेकिन उनकी कुल क्षमता 17 हजार वाहनों से भी कम है। ऐसे में अतिरिक्त वाहनों की पार्किंग को लेकर अधिकारियों को खास रणनीति बनानी पड़ रही है। सूत्रों के मुताबिक कई पार्किंग स्थलों की हालत खराब है–कहीं गड्ढे हैं तो कहीं सूखी घास और झाड़ियां, जो आग के खतरे को भी बढ़ा रही हैं। इन स्थलों को समतल करने, लाइटिंग और सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था के साथ ही पार्किंग की स्पष्ट मार्किंग की जरूरत बताई जा रही है।

1500 से ज्यादा जवान रहेंगे तैनात: मैच के दौरान सुरक्षा के लिए 1500 से अधिक पुलिसकर्मी और अधिकारी तैनात किए जाएंगे। वहीं ट्रैफिक कंट्रोल के लिए 300 से 350 जवान प्रमुख मार्गों पर तैनात रहेंगे। पुलिस 14 घंटे तक स्टेडियम परिसर और आसपास के इलाकों में सक्रिय रहेगी। प्रदेशभर से पुलिस बल की ड्यूटी लगाई जा रही है।

भारी वाहनों पर प्रतिबंध, रूट डायवर्जन लागू

यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए दोपहर 3 बजे से रात 1 बजे तक नवा रायपुर में भारी और मध्यम मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक रहेगी। रायपुर, दुर्ग-भिलाई, बिलासपुर, महासमुंद और धमतरी समेत अलग-अलग दिशाओं से आने वाले दर्शकों के लिए अलग-अलग रूट तय किए गए हैं। स्टेडियम से करीब एक किलोमीटर दूर सामान्य पार्किंग स्थल बनाए गए हैं, जबकि वीआईपी पासधारकों के लिए ए से जी श्रेणी के पार्किंग एरिया स्टेडियम के नजदीक निर्धारित किए गए हैं। पुलिस मुख्यालय और इंटेलिजेंस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी जल्द ही स्टेडियम और रूट का निरीक्षण कर अंतिम दिशा-निर्देश जारी करेंगे। प्रशासन का दावा है कि सभी व्यवस्थाओं को समय रहते दुरुस्त कर लिया जाएगा, ताकि दर्शकों को किसी तरह की परेशानी न हो।

उपभोक्ता फोरम में बढ़ता बोझ: छत्तीसगढ़ में 8107 मामले लंबित, रायपुर-दुर्ग सबसे आगे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में उपभोक्ता अधिकारों के प्रति बढ़ती जागरूकता के बीच उपभोक्ता फोरम में लंबित मामलों का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। 30 मार्च 2026 तक प्रदेशभर के उपभोक्ता फोरम में कुल 8107 मामले लंबित हैं, जिससे न्याय मिलने में देरी आम लोगों के लिए बड़ी परेशानी बनती जा रही है।

सबसे ज्यादा लंबित मामले रायपुर और दुर्ग जिले में हैं। रायपुर में 2817 और दुर्ग में 2889 प्रकरणों का अब तक निपटारा नहीं हो पाया है। वहीं बिलासपुर में 882 और रायगढ़ में 331 मामले लंबित हैं। अन्य जिलों में भी बड़ी संख्या में मामलों का निराकरण बाकी है।

नए आयोग से उम्मीदें

छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष जस्टिस गौतम चौरड़िया के अनुसार, कोरोना काल में सुनवाई प्रभावित हुई थी, जिससे मामलों का अंबार लग गया। अब नए जिला उपभोक्ता आयोग शुरू होने से सुनवाई में तेजी आई है और वर्ष 2025 के मामलों का तेजी से निपटारा किया जा रहा है।

क्लीनिक में ऑक्सीजन सिलेंडर ब्लास्ट

कोरबा/नवप्रदेश। शहर में एक निजी क्लीनिक में ऑक्सीजन सिलेंडर ब्लास्ट होने से भीषण आगजनी की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि यह हादसा डॉ. हरीश नायक के क्लीनिक में हुआ, जहां अचानक सिलेंडर फटने के बाद आग लग गई और आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।घटना के बाद मौके पर मौजूद लोग जान बचाकर बाहर भागे, जबकि पड़ोसियों में दहशत का माहौल बन गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हादसे के समय क्लीनिक के अंदर मरीज मौजूद थे।

सुरक्षा बलों की बड़ी सफलता, बड़ी मात्रा में विस्फोटक डंप सहित प्रतिबंधित सामग्री बरामद

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। बस्तर संभाग में नक्सलियों के द्वारा बड़ी मात्रा में आत्मसमर्पण के पश्चात सभी जिलों में उनके द्वारा छिपा कर रखे गए नक्सली डंप तथा अन्य सामग्री को बरामद करने के लिए लगातार सर्चिंग अभियान जारी है। दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने एक सफल सर्च ऑपरेशन के दौरान माओवादी कैडरों द्वारा छिपाकर रखे गए भारी मात्रा में विस्फोटक एवं प्रतिबंधित सामग्री का भंडार बरामद किया गया।

दिनांक 02 मई 2026 को प्राप्त सटीक खुफिया सूचना के आधार पर, ग्राम तोडमा, थाना बारसूर, जिला दंतेवाड़ा के घने जंगल क्षेत्र में CRPF 195 वाहिनी एवं दंतेवाड़ा पुलिस के नेतृत्व में संयुक्त सर्च ऑपरेशन प्रारंभ किया गया। सर्च ऑपरेशन के दौरान माओवादियों द्वारा छिपाकर रखे गये विस्फोटक सामग्री का बड़ा जखीरा बरामद किया।

बरामद सामग्री में इलेक्ट्रिक डेटोनेटर (75 नग),7.62 मिमी SLR राउंड,5.56 मिमी INSAS राउंड, 7.62म39 मिमी राउंड,12 बोर राउंड,12 बोर खाली केस,.303 ब्लैंक कारतूस,कारतूस खाली केस सहित विभिन्न प्रकार के हथियारों के राउंड, 500 ग्राम विस्फोटक, जिलेटिन, सेफ्टी फ्यूज वायर, संचार उपकरण (DMR एवं वायरलेस सेट),एक भरमार राइफल सहित अन्य दैनिक उपयोग सामग्री शामिल हैं। साथ ही, नक्सली साहित्य भी बरामद हुआ।

कांग्रेस संगठन में सुस्ती पर उठे सवाल, प्रभारी सचिन पायलट तक पहुंची शिकायत

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संगठन में कार्यकारिणी की नियमित बैठकें नहीं होने को लेकर असंतोष अब खुलकर सामने आने लगा है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने प्रभारी महासचिव सचिन पायलट से मुलाकात के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि बैठकों के अभाव में संगठनात्मक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं और निचले स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता घट रही है।

सूत्रों के मुताबिक, नेताओं ने प्रभारी को बताया कि पहले कार्यकारिणी की नियमित बैठकों में पिछले कार्यों की समीक्षा के साथ आगामी रणनीति तय की जाती थी, जिससे संगठन में स्पष्टता और सक्रियता बनी रहती थी। लेकिन वर्तमान में न तो मासिक समीक्षा हो रही है और न ही पदाधिकारियों को कोई स्पष्ट जिम्मेदारी या टास्क मिल पा रहा है। इसका सीधा असर संगठन की मजबूती पर पड़ रहा है।

समन्वय की कमी भी बनी बड़ी समस्या

नेताओं ने यह भी बताया कि जिला और ब्लॉक अध्यक्षों के साथ-साथ विधायकों के बीच समन्वय स्थापित करने की कोशिशें अब तक सफल नहीं हो पाई हैं। प्रभारी महासचिव ने इस पर नाराजगी जताते हुए बेहतर तालमेल बनाने के निर्देश दिए हैं।

बैठकों के अभाव में बढ़ी निष्क्रियता

पार्टी के अंदर यह चर्चा तेज है कि कार्यकारिणी की नियमित बैठक नहीं होने से पदाधिकारी निष्क्रिय होते जा रहे हैं। उन्हें यह तक स्पष्ट नहीं रहता कि किस माह कौन सा कार्य करना है।

शिविर: श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा भानपुरी राजनांदगांव में शिविर का आयोजन

214 मरीजों को निशुल्क मिर्गी रोग की दवा दी गई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। श्री सर्वेश्वरी समूह के आश्रम भानपुरी राजनांदगांव में आज 3 मई को फकीरी और आयुर्वेदिक पद्धति से तैयार मिर्गी रोगियों को दवाई वितरण किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ के साथ-साथ महाराष्ट्र , मध्य प्रदेश ,उड़ीसा से मरीज आए थे आश्रम परिवार द्वारा समय-समय पर ऐसे कैंप आयोजित किया जाता है निशुल्क मिर्गी रोग दवाई का वितरण आश्रम के प्रभारी श्री ए के पांडेय जी के नेतृत्व में एवं व्यवस्थापक श्री चंद्रशेखर राय जी के नेतृत्व में आश्रम परिवार द्वारा मरीज का रहने, खाने और सोने के साथ-साथ भीषण गर्मी में किसी को कोई दिक्कत ना हो इसके लिए मरीजों के लिए कुलर की व्यवस्था की गई,मरीज को दवा देने के लिए आश्रम परिवार से वैद्यराज आदरणीय रंजीत कुमार सिंह रांची झारखंड ने समस्त मरीजों को दवाई वितरण किया

उक्त केम्प में खुमान लाल साव एकडेमी राजनांदगांव के द्वारा भजन संध्या के माध्यम से मरीजों और उनके परिवार के लिए भक्ति भावना के साथ प्रस्तुत किया गया ,उक्त कार्यक्रम में श्री अशोक सोनी बाबूजी, श्री अभिषेक शुक्ला, निलेश शुक्ला ,राजेश कुमार सिंह , मुकेश कुमार, दुष्यंत सिंह ठाकुर, हरेंद्र साहू ,ऋषि राज ठाकुर, टी एल गुप्ता जी भाटापारा आश्रम से शिविर में विशेष सहयोग के लिए गणपत लाल यादव जी ,मनोज कुमार साहू जी, बल्लू कन्नौजे, अमन अग्रवाल ,नवीन अग्रवाल , राजाराम निषाद,सोहन निषाद , नितिन निषाद, अमीत श्रीवास्तव नीरज देवांगन, श्रेयांश शुक्ला,त्रिलोक कुमार साहू रवि टंडन, रवि शंकर, रोशन शेडे, मुरली शरण दास वैष्णव,गोविंद साव, श्री पटेल जी,शेष नारायण के साथ महिला सदस्यों में सुनिता ठाकुर जी, डॉ नेहा सिंह ठाकुर, सुषमा शुक्ला, सौम्या अग्रवाल,रिया टंडन,प्रेमा बाई निशी सिंह, श्रीयल , पूजा,वंदना सिंह,रितिका सिंह आदि लोगों का विशेष सहयोग रहा , उक्ताशय की जानकारी प्रेस विज्ञप्ति में नितेश शुक्ला जी ने दी।

गर्मी में पानी नहीं बस स्टैंड का वाटर एटीएम बना नमूना

कोरबा/नवप्रदेश। सिर्फ रू 1 में ठंडा पानी देने वाली योजना के अंतर्गत पिछले वर्षों में नगर पालिक निगम के द्वारा यहां के डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बस स्टैंड में स्थापित किया गया वाटर एटीएम इस मौसम में ड्राई है। लोगों को यहां से पानी की सुविधा नहीं मिल पा रही है।

स्थानीय व्यवसाईयों और यात्रियों ने बताया कि कई दिनों से वाटर एटीएम पानी नहीं दे रहा है। अपनी जरूरत के लिए लोग इस वाटर एटीएम तक पहुंचते हैं और पानी की आस में टोटी का इस्तेमाल करते हैं लेकिन उन्हें पता चलता है कि इसमें पानी नहीं है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com